सुप्रभात
रांची, मंगलवार
22.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 42



12 बॉक्स ऑफिस पर दिखा रजनीकांत का जलवा

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### कस्टडी में मौत मामले में थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**गिरिडीह।** पुलिस कस्टडी में एक व्यक्ति की मौत मामले में एसपी दीपक शर्मा ने सोमवार को बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि थाना के एक एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। मृत व्यक्ति का नाम बेंगाबाद थाना इलाके के छाताबाद गांव निवासी नागो पाशी है।

### अनुकंपा पर आठ की बहाली की अनुशंसा

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। जिसमें सामान्य अनुकंपा के कुल 19 मामलों की समीक्षा में 08 आवेदकों को सेवा में बहाली के लिए अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।

### फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेंगे केएन त्रिपाठी

**पलामू।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया की उम्र मामले में हाई कोर्ट के फैसले पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने असंतुष्टि जाहिर की है। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को पुन: ले जाने का निर्णय लिया है। सोमवार को चियांकी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

### राज्य में दर्जन भर आइएएस बदले गये

**रांची।** सोमवार को झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। खान निदेशक के पद पर कार्यरत अमित कुमार को रांची नगर निगम के आयुक्त पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत अरवा राजकमल को खान निदेशक के साथ-साथ उद्योग निदेशक का भी जिम्मेदारी दी गयी है। अमित कुमार रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार यानी आरआरडीए के उपाध्यक्ष के पद पर भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### सड़क हादसे में ससुर और दामाद की मौत

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के कुड़वा किशनपुर रोड पर सोमवार की शाम एक कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं कई लोग जख्मी भी हुए। मृतक दोनों शख्स रिश्ते में ससुर और दामाद थे। पुलिस मौके पर पहुंच पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। मृतकों की पहचान राजवंश व राजेश बैठा के रूप में हुई है।

### डुमरी : सीपीएम देगा बेबी देवी को समर्थन

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में सीपीएम ने सत्ताधारी गठबंधन और झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी को समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं झारखंड पीपुल्स पार्टी के टिकट पर खड़े बैजनाथ महतो ने आरोप-प्रत्यारोप के बीच अपना नाम वापस लिया। साथ ही कहा कि वह आजसू के सिपाही हैं, और पाटी को जीत दिलानी है।

### बोकारो : नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी धराया

**बोकारो।** जिले के ललपनिया क्षेत्र की एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आदेश मोदी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को उसे ललपनिया पुलिस द्वारा तलगड़िया के आसपास से धर-दबोचा। इस संबंध में ललपनिया पुलिस ने बताया कि आदेश मोदी ने गुनाह कबूल किया है। उसे जेल भेज दिया गया है। मालूम हो कि इस घटना में अन्य तीन की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी थी और जेल भेजा जा चुका है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## 7वीं सोमवारी पर बोलबम मय हुआ झारखंड





- रांची पहाड़ी मंदिर में बाबा का दिव्य श्रृंगार, भव्य संध्या आरती का आयोजन
- देवघर में कांवरियों की कतार 10 किलोमीटर पार
- बासुकीनाथ बोलबम के जयकारे से गुंजायमान
- नाग पंचमी के विशेष महत्व को ले शिवालयों उमड़ी भीड़
- आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करने उमड़ पड़े श्रद्धालु
- बगोदर के शिवालयों दिखा आस्था का अद्भुत नजारा

**एशिया कप :** रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया की घोषणा

## इशान किशन, तिलक वर्मा टीम में शामिल, युजवेंद्र चहल की छुट्टी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 30 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए सोमवार को भारतीय टीम की घोषणा हो गयी। टीम की कमान रोहित शर्मा ही संभालेंगे। हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। 17 सदस्यीय टीम में झारखंड के इशान किशन, तिलक वर्मा को भी जगह मिली है। वहीं युजवेंद्र चहल को टीम में जगह नहीं मिली है। 18वें खिलाड़ी के रूप में संजू सैमसम को शामिल किया गया, जो बैकअप विकेटकीपर होंगे। भारत एशिया कप में अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। वहीं दूसरे मेजबान पाकिस्तान चार मैचों की मेजबानी करेगा। भारत का पहला मैच चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होना है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन (बैकअप विकेटकीपर)।





टीम की घोषणा के बाद चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत की। काफी समय बाद ऐसा हुआ कि टीम सिलेक्शन से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस हो। वर्ल्ड कप 2011 की टीम में ऐसे कई प्लेयर्स थे, जो बैटिंग और बॉलिंग दोनों कर सकते थे, लेकिन इस टीम में ऐसा कोई प्लेयर नहीं दिखता। इस सवाल के जवाब में रोहित शर्मा ने कहा कि हम रातों-रात किसी को बॉलिंग के लिए तैयार नहीं कर सकते। हमारे पास जो बेस्ट उपलब्ध प्लेयर्स हैं, उन्हीं से टीम बनाना होता है।

(शेष पेज 11 पर)

## अवैध खनन मामले में अब डीएसपी से होगी पूछताछ

### इडी ने समन देकर 4 को राजेंद्र दुबे को बुलाया

- राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं
- नौ दिसंबर को भी इडी ने उनसे क्षेत्रीय कार्यालय में की थी पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशलय (इडी) ने डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि उन्हें चार सितंबर को इडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले बीते नौ दिसंबर 2022 को भी इडी ने दुबे से ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की है। इडी ने राजेंद्र दुबे से उनकी संपत्ति से जुड़े कागजात भी मांगे थे ताकि उनकी संपत्ति की जांच की जा सके।

**गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे :** गौरतलब हो कि पिछले साल हुई पूछताछ में इडी के समक्ष राजेंद्र दूबे ने कबूला था कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं लगातार उनसे फोन पर भी बात की थी। राजेंद्र दूबे ने बताया था कि पंकज मिश्रा और





अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही उन्होंने इडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। इडी को यह जानकारी मिली है कि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेन्द्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है। इडी ने डीएसपी से उनके और उनके रिश्तेदारों के जमीन बैंक सहित कई तरह के कागजातों की डिमांड की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

### बड़ी संख्या में शीघ्र नियुक्तियां, स्वरोजगार पर भी सरकार गंभीर : हेमंत

## झारखंड को जड़ से मजबूत करेंगे

- शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को जड़ से मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जायेंगी। सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ स्वरोजगार को लेकर भी राज्य सरकार गंभीर है। शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव किया गया है। सीएम श्री सोरेन सोमवार को एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**चुनौतियों के बीच मजबूती से बढ़े :** होटल रेडिशन ब्ल्यू में आयोजित झारखंड की बात कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में दो चरणों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव है जहां के लोगों ने बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखा तक नहीं हैं। हमने ऐसी चीजों को समझने का प्रयत्न किया। हमारी सरकार की सोच है कि आखिर ऐसे गांवों तक सरकार की योजनाओं को कैसे पहुंचाया जा सके।

(शेष पेज 11 पर)



### झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य

सीएम ने कहा कि झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य है। अलग झारखंड के लिए न जाने कितने वीर पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। झारखंड बने लगभग 22 साल हो गये हैं, फिर भी यहां के मूलवासी-आदिवासियों की पहचान धुंधली ही है। हमारी सरकार ने राज्य में आदिवासी महोत्सव का आयोजन कर आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का पूरा प्रयास किया है।

### घरों तक पहुंचा रहे हैं योजनाएं

सीएम ने कहा, हमने बंद कमरों में नहीं बल्कि लोगों के घरों तक पहुंच कर उनके आवश्यकता के अनुरूप कार्य योजना बनाने का काम किया है। इससे वास्तविक तौर पर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। सरकार आपके द्वार के दोनों चरणों में लगभग 90 लाख से अधिक आवेदन मिले। राज्य सरकार द्वारा आम जनता से प्राप्त आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत समाधान किया गया है।

### हमें हर काम में संघर्ष करना पड़ रहा

सीएम ने कहा, राज्य सरकार ने राज्य में 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड इत्यादि विधानसभा से पारित कर आगे बढ़ाने का काम किया है। कानूनी अड़चनों की वजह से ये मामले कभी राज्यपाल तो कभी केंद्र सरकार के यहां जाकर फंस जाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यवासियों की मूल भावना को ताकत मिले। हम इसी अनुरूप कार्य करने पर अड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को हर चीज में संघर्ष करना पड़ा है।

**जारी रहेंगी नियुक्तियां :** उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जायेंगी। झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गयी। उन्होंने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण हैं। हमारी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा स्थानीय युवक-युतियों को नामी-गिरामी औद्योगिक संस्थाओं में नियोजन के लिए ऑफर लेटर देने का काम किया है। स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 100 करोड़ से अधिक की राशि ऋण स्वरूप लोगों के बीच वितरण की गयी है।

## आज राष्ट्रपति से मिलेंगे झारखंड समेत छह राज्यों के 500 विद्यार्थी

### केंद्रीय मंत्री मुंडा भी राज्य के 40 बच्चों से करेंगे संवाद

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड की राज्यपाल रह चुकीं देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंगलवार को राज्य के एकलव्य स्कूलों में पढ़ाई कर रहे 22 बच्चे मिलेंगे। इनके अलावा देश के अन्य 6 राज्यों के 478 बच्चे भी राष्ट्रपति से मिल कर उनसे संवाद करेंगे। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी विभिन्न राज्यों से दिल्ली पहुंचे बच्चों से संवाद करेंगे।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी 22 अगस्त को राष्ट्रपति भवन जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करेंगे। ये विद्यार्थी जनजातीय कार्य मंत्रालय और जनजातीय विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) द्वारा आयोजित शैक्षणिक यात्रा के हिस्से के रूप में राष्ट्रपति भवन जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### संसद भवन की यात्रा पर भी जायेंगे बच्चे

विद्यार्थी 23 अगस्त को सवेरे संसद भवन की यात्रा पर भी जायेंगे। इस प्रतिष्ठित संस्थान की यात्रा से विद्यार्थियों को संसद भवन के कामकाज से परिचित होने और संसद से जुड़ी भूमिकाओं और दायित्वों की समग्र समझ तैयार करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। पूरा कार्यक्रम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी समुदाय के लिए एक साथ जुड़े विभिन्न अनुभवों के समूह के रूप में कार्य करेगा। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यधिक योगदान देना है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक मंच मिलेगा और साथ ही उनके जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ेगा।

### रेप पीड़िता के गर्भपात को शीर्ष कोर्ट ने दी अनुमति

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय के फैसले के खिलाफ आदेश पारित करने पर गुजरात उच्च न्यायालय की आलोचना की। साथ ही इसे संवैधानिक दर्शन के खिलाफ बताया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि अदालत अपने आदेशों पर उच्च न्यायालय के जवाबी हमले की सराहना नहीं करती है। पीठ ने कहा, गुजरात हाईकोर्ट में क्या हो रहा है? क्या न्यायाधीश शीर्ष न्यायालय के आदेश पर इस तरह उत्तर देते हैं?' अदालत ने उच्च न्यायालय से 19 अगस्त को स्वतः संज्ञान आदेश पारित करने की आवश्यकता पूछते हुए यह टिप्पणी की।

## लालपुर के दारोगा ने की खुदकुशी

### शशांक कुमार पर यौन शोषण का था आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी व लालपुर थाना में पदस्थापित रहे 2018 बैच के दारोगा शशांक कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने चतरा जिले के हंटरगंज स्थित अपने घर पर जहर खाकर सोमवार की देर शाम आत्महत्या की। शशांक के विरुद्ध साल 2022 में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगा था। इस मामले में सीआइडी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने शशांक कुमार के ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी गयी थी।

**क्या है मामला**

लालपुर थाना में पदस्थापित रहने के दौरान दारोगा शशांक कुमार से पीड़ित युवती की बातचीत मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित केस को लेकर शुरू हुई थी। इसके बाद वह हमेशा उसे फोन करने लगा। फिर उसने शादी का प्रलोभन देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। जब युवती गर्भवती हो गयी, तब शशांक ने युवती से लालपुर थाना परिसर स्थित मंदिर में शादी कर ली। बाद में उसने बहाना बनाकर युवती को अपने साथ नहीं रख कर वापस हॉस्टल छोड़ दिया और दूसरी युवती से शादी कर ली। तब युवती ने दुष्कर्म के आरोप में शशांक के खिलाफ आठ दिसंबर 2022 को लालपुर थाना में केस दर्ज कराया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, तब पीड़ित युवती ने आरोपी दारोगा द्वारा केस उठाने की धमकी देने से संबंधित मामले को लेकर सीआइडी मुख्यालय में शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर शशांक कुमार को लालपुर थाना से हटा दिया गया था।

### इसरो चीफ ने सरकार को बताया- हम होंगे सफल...

## चांद पर चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग की उलटी गिनती शुरू

- नासा और इएसए का इसरो को मिला साथ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इसरो अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ ने भारत के चंद्रमा मिशन को अब तक सफल बताते हुए कहा है कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां अब तक पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को भारतीय समयानुसार लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है। हम इतिहास रचने के महज कुछ ही घंटों की दूरी पर हैं। चांद पर लैंडिंग की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। डॉ. सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग की तैयारियों और मौजूदा स्थिति के बारे में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह को आधिकारिक जानकारी दी। इससे पहले सोमवार को इसरो ने चंद्रयान-3 से ली गयी चंद सुदूर क्षेत्र की नयी छवियां साझा कीं।

(शेष पेज 11 पर)

### चंद्रयान-2 ने 3 का किया स्वागत, संचार स्थापित



इस बीच सोमवार को चंद्रयान-2 ने चंद्रयान -3 का औपचारिक स्वागत किया। दोनों के बीच दोतरफा संचार स्थापित हो गया है। इससे पहले इसरो ने यान द्वारा ली गयी चंद्रमा की कुछ तस्वीरें भी साझा की। सोमवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। दोनों के बीच द्विपक्षीय संपर्क स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में भारत ने अपना मिशन चंद्रयान-2 लॉन्च किया था लेकिन सॉफ्ट लैंडिंग में गड़बड़ी हो गयी थी। चंद्रयान-2 क्रैश हुआ लेकिन इसने अपना काम किया था। पछले 4 साल से चांद के इर्द-गिर्द चक्कर लगा रहा है। अब चार साल के बाद जब विक्रम लैंडर फिर से चांद के पास पहुंचा है तब चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर एक्टिव हुआ है।

## डुमरी : छह प्रत्याशी मैदान में सभी को मिला चुनाव चिह्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में अब छह प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। दो प्रत्याशी ने नाम वापस लिया है। सभी छह प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया जा चुका है। नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो गयी। इस सीट पर नामांकन दाखिल करनेवालों में से दो प्रत्याशी बैजनाथ महतो और लैलून निशा ने नाम वापस ले लिया है। बैजनाथ महतो ने आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि आजसू को जीत दिलानी है।

जिले के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि जो प्रत्याशी बचे हैं उनके बीच चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया गया है। झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को पार्टी का चुनाव चिह्न तीर धनुष मिला है।

(शेष पेज 11 पर)

# आइएएस मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में हाइकोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**न्यायमूर्ति राजेश कुमार के कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया को 3 सप्ताह में प्रतिशपत्र पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया को 3 सप्ताह में प्रतिशपत्र पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पैरवी की। देवघर के पूर्व डीसी मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है जबकि किसी भी अधिकारी की पदस्थापन एवं तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है। चुनाव आयोग को सरकार के अधिकारी को इस तरह के आदेश देने का अधिकार नहीं है।

दरअसल, चुनाव आयोग ने 6 दिसंबर 2021 को झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था। जिसमें मंजूनाथ को पद से हटाने एवं उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश किया था। मुख्य सचिव को मंजूनाथ के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पर एक दिन में पांच थानों में केस दर्ज करने मामले में दोषी माना था। साथ ही संसद के खिलाफ 6 माह में विलंब से आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज करने पर जवाब मांगा था, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को मंजूनाथ को डीसी के पद से हटाने का आदेश दिया था।

# हाइकोर्ट से 16 आरोपियों की याचिका खारिज, निचली अदालत में चलेगा ट्रायल

**मानगो सहारा सिटी रेप केस**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले में दायर सभी 16 आरोपियों की याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा इन्हें मामले में आरोपी बनाए जाने के आदेश को सही ठहराया। अब आरोपियों के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा। कोर्ट ने पूर्व में मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाया है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। वही पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की है।

**2018 का है मामला**

मामला 19 जनवरी 2018 का है जहां पीड़िता ने अदालत में बयान दर्ज कराया था। उसके साथ दो दर्जन लोगों ने दुष्कर्म किया है। आरोप के बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दिया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीआईडी जांच का भी आदेश दिया था लेकिन सीआईडी ने भी इनको क्लीन चिट दे दिया था। पीड़िता की मां ने बेटी को न्याय दिलाने के लिए 22 लोगो को आरोपी बनाने के लिए अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेप्ता और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट में मंजूर कर ली गई थी और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपी बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया था। जिसे 16 आरोपियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## रांची में 2 नवंबर से लगेगी बाल कलाकारों की प्रदर्शनी, पोस्टर लांच

# राज्य के मेधावी बच्चों के लिए अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर होगा कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के मेधावी बच्चों के लिए अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस खबर को दैनिक खबर मन्त्र ने सोमवार के अंक में प्रमुखता से छापा है। सीएम हेमंत सोरेन ने शिक्षा विभाग को राज्य में प्राथमिकता सूची में रखा है। यही कारण है कि उन्होंने सीएम एक्सेलेंस स्कूल से लेकर मेधी बच्चों को मंच देने की घोषणा की है। सीएम की की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में पहली बार 2 से 5 नवंबर तक बाल कलाकार प्रदर्शनी कम सेल का आयोजन ऑड्रे हाउस में किया जायेगा। सोमवार को जिला शिक्षा परियोजना के प्रेक्षागृह में राज्य परियोजना निदेशक, शिक्षा परियोजना परिषद किरण कुमारी पासी ने प्रेसवार्ता कर इसका पोस्टर और वीडियो लांच किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर छुपे हुनर और कला को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा है।


मेधावी बच्चों की प्रतिभा तराशने को मंच देगी सरकार
हुनर को झारखंड में ही मिलेगा बाजार
एक मंच पर जुटेंगी राज्य की प्रतिभाएं
सीएम की पहल

खबर मन्त्र में 21 अगस्त 2023 को प्रकाशित

**80 प्रतिशत राशि बच्चों को मिलेगी :** अर्निंग फॉर लर्निंग थीम के साथ कार्यक्रम का किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा बनायी गयी कलाकृति को प्रदर्शनी में रखी जायेगी। उसकी सेल भी की जायेगी। इस सेल से जो आमदनी होगी, उसका 80 प्रतिशत राशि बच्चों को, 15 प्रतिशत राशि बच्चे के स्कूल को और 5 प्रतिशत वहां के शिक्षक को दी जायेगी। इसका प्रतिवर्ष आयोजन किया जायेगा। बच्चे अपने विद्यालय के माध्यम से फ्री एंट्री ले सकते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव अक्षय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल की याचिका पर इडी से मांगा जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.83 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। कोर्ट में मामले में इडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। इडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। गौरतलब हो कि छवि रंजन ने डिफॉल्ट बेल से संबंधित सीआरपीसी की धारा 167 के पिटिशन को इडी कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

**किस आधार पर दी गई चुनौती :** छवि रंजन ने निचली अदालत में ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र में त्रुटि होने और निर्धारित समय से चार्जशीट दाखिल नहीं होने को जमानत देने का आधार बनाया है। इसी के आधार पर उनकी ओर से इडी कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया था, जिसे इडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

**चार मई से जेल में बंद हैं छवि रंजन :** बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात इडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को इडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था, बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई को गिरफ्तार किया गया था।

**खबर एक नजर में**

### जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में हथियार दिलाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** 30 मई, 2022 को जमीन कारोबारी कमल भूषण की गोली मारकर हत्या में पिस्टल, देशी कटटा मुहैया करानेवाले मंजूर उर्फ मंजूर आलम को रातू से गिरफ्तार कर लिया गया। मंजूर ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसे कमल भूषण की हत्या होने की जानकारी थी। उसकी हत्या के लिये उसने दो पिस्टल और एक देसी कप्ता और गोली उपलब्ध कराया था। इसके अलावे मंजूर द्वारा बिक्री किये गये हथियार से कई आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया गया है। इधर, मोस्ट वांटेड छोटू कुजूर को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है।

### लाइब्रेरी में पांच पदों पर नियुक्ति के लिए 22 और 23 को इंटरव्यू

**रांची।** झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) की ओर से संचालित पुस्तकालय (लाइब्रेरी) में पांच पदों पर नियुक्ति के लिए खेल निदेशालय में 22 और 23 अगस्त को इंटरव्यू होना है। इसमें लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन और पुस्तकालय परिचारक के लिए इंटरव्यू लिया जायेगा। मालूम हो कि साझा ने इस भर्ती को लेकर फरवरी में नोटिस जारी किया था, जिसमें कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर 5 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गये थे। जारी विज्ञापन के अनुसार लाइब्रेरियन के लिए 1 पद (सामान्य-01) सहायक लाइब्रेरियन के लिए 2 पद (सामान्य-01) (एसटी-01) और पुस्तकालय परिचारक के लिए 2 पद (सामान्य-01) (एसटी-01) शामिल हैं। लाइब्रेरियन को 55 हजार, सहायक लाइब्रेरियन को 50 हजार और पुस्तकालय परिचारक को 30 हजार मासिक वेतन दिया जायेगा। पुस्तकालय में अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 333 लोगों ने आवेदन दिया है। इनमें से 91 लोगों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। लाइब्रेरियन और सहायक लाइब्रेरियन पदों के लिए इंटरव्यू 22 अगस्त को 11:30 बजे से और पुस्तकालय परिचारक के लिए 23 अगस्त को होगा। आवेदकों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित खेल निदेशालय आना है। साथ ही उन्हें अपने साथ योग्यता संबंधी आवश्यक प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। आवेदक अधिक जानकारी के लिए साझा की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

## खेलगांव में 24 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता



**रांची।** खेलगांव रांची में 24 से 27 अगस्त तक झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता होगी। इसकी जानकारी सोमवार को विधायक आवास पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि खेलगांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता होगी। इसमें देश के 2500 खिलाड़ी एवं 500 टेक्निकल ऑफिशियल भाग ले रहे है। यह अबतक का सबसे बड़ा किक्वॉक्सिंग का आयोजन है। राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के 7 साल से लेकर 18 साल के बालक एवं बालिका भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों का 23 अगस्त को मेडिकल होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 अगस्त को सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री हफीजुल हसन मौजूद रहेंगे। समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।

**झारखंड से 150 खिलाड़ी भाग लेंगे :** इस प्रतियोगिता में 7 इवेंट्स में 1450 मेडल के लिए खिलाड़ी अपनी दावेदारी करेंगे। जिसमें 360 गोल्ड, 360 सिल्वर और 730 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के रहने तथा खाने का प्रबंध एसोसिएशन द्वारा किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने बताया कि झारखंड से 150 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### मनी लांड्रिंग के आरोपी महावीर रूंगटा की अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को 4.33 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प॰ात आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 28 अगस्त को सुनायेगी। याचिकाकर्ता रामगढ़ स्पंज कंपनी का निदेशक है। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इसी से बचने के लिए 14 अगस्त को अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की है। मामले में राकेश कुमार सिंघानिया भी आरोपी है। ईडी ने जांच पूरी करते हुये नवंबर 2022 में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

# यौन शोषण के आरोपी दारोगा शशांक कुमार ने की आत्महत्या

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने लगा था आरोप

**हजारीबाग के बड़ाबाजार थाना में थे पदस्थापित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी व लालपुर थाना में पदस्थापित रहे 2018 बैच के दारोगा शशांक कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शशांक कुमार चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र का रहनेवाला था। वर्तमान में वह हजारीबाग के बड़ाबाजार थाना में पदस्थापित था। उसने हजारीबाग में ही अपने क्वार्टर पर जहर खाकर सोमवार की देर शाम आत्महत्या की। शशांक कुमार के विरूद्ध साल 2022 में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगा था। इस मामले में सीआइडी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने शशांक कुमार के ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी गई थी।

**क्या है मामला**

लालपुर थाना में पदस्थापित रहने के दौरान दारोगा शशांक कुमार से पीड़ित युवती की बातचीत मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित केस को लेकर शुरू हुई थी। इसके बाद वह हमेशा उसे फोन करने लगा। फिर उसने शादी का प्रलोभन देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। जब युवती गर्भवती हो गयी, तब शशांक ने युवती से लालपुर थाना परिसर स्थित मंदिर में शादी कर ली। बाद में उसने बहाना बनाकर युवती को अपने साथ नहीं रख कर वापस हॉस्टल छोड़ दिया और दूसरी युवती से शादी कर ली। तब युवती ने दुष्कर्म के आरोप में शशांक के खिलाफ आठ दिसंबर 2022 को लालपुर थाना में केस दर्ज कराया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, तब पीड़ित युवती ने आरोपी दारोगा द्वारा केस उठाने की धमकी देने से संबंधित मामले को लेकर सीआइडी मुख्यालय में शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर शशांक कुमार को लालपुर थाना से हटा दिया गया था।

## बैंक अधिकारी आत्महत्या मामले में परिजनों ने सरकार से लगायी न्याय की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेल जाने के डर से बैंक अधिकारी सुप्रियो मजूमदार ने मौत को गले लगा लिया। जबकि परिजनों और उनके वकीलों के द्वारा बार-बार काउंसलिंग करने के बावजूद भी सुप्रियो मजूमदार के मन से जेल जाने का डर नहीं जा रहा था। परिजनों के अनुसार, इसी डर की वजह से सुप्रियो मजूमदार ने रविवार को आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। सोमवार को सुप्रियो मजूमदार की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम कराया गया। बैंक अधिकारी की बहन माम्पी समेत परिजनों ने सरकार और प्रशासन से गुहार लगाया कि सुप्रियो के ऊपर जिन लोगों ने भी दबाव बनाया है, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, ताकि आने वाले दिनों में किसी के साथ ऐसी घटना ना घट सके। गौरतलब हो कि रविवार को रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुर मोहल्ले में बैंक ऑफ इंडिया के लोन ऑफिसर ने आत्महत्या कर ली।

**दबाव बनाकर कराया गया था लोन सैंक्शन :** पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजनों ने कहा कि सुप्रियो पिछले कुछ दिनों से काफी डरे हुए थे। जबकि कुछ महीने पहले ही सुप्रियो को बैंक की तरफ से प्रमोशन मिला था। परिजनों ने बताया कि रामगढ़ में नौकरी के दौरान सुप्रियो के उच्च पदाधिकारी डीके सिंह और प्रफुल कुमार बेरा के द्वारा एक लोन सैंक्शन कराया गया था। जिसमें दोनों अधिकारियों ने सुप्रियो मजूमदार पर दबाव बनाते हुए लोन सैंक्शन करवाया था। जिसमें वित्तीय अनिमियतता पाने के बाद पुलिस केस दर्ज किया गया था। फिर पूरे मामले की सीबीआई से भी जांच कराई गई थी।

**सीबीआई की क्लीन चीट के बाद भी पुलिस बना रही थी दबाव :** पूरे मामले पर सीबीआई जांच पूरी होने के बाद सुप्रियो मजूमदार को क्लीन चीट दिया गया। फिर प्रमोशन देकर उन्हें रांची में पोस्टिंग दी गई थी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उसी पुराने केस में रामगढ़ पुलिस के द्वारा सुप्रियो मजूमदार को डराया धमकाया जा रहा था। बार-बार रामगढ़ पुलिस सुप्रियो मजूमदार को बुलाकर जेल भेजने की धमकी दे रही थी। सुप्रियो मजूमदार पुलिस के इस रवैये से काफी डर गये थे। एसपी से मिलने पहुंचे परिजन और सुप्रियो मजूमदार को उनके रीडर ने बुला लिया और जेल भेजने की बात कह कर डराने लगे। रीडर के उस रवैया से सुप्रियो मजूमदार काफी डर गए।

### धनबाद में फायरिंग करनेवाले आरोपी को एटीएस ने दबोचा

**रांची।** धनबाद के प्रसिद्ध क्लिनीक लैब, मछली कारोबारी और कपड़ा दुकान पर गोलीबारी करने के आरोपी को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने धनबाद पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए प्रिंस खान गिरोह के अपराधी लक्की खान को धनबाद से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी प्रिंस खान गिरोह का सक्रिय सदस्य है, और प्रिंस खान के निर्देश पर रंगदारी नहीं देने वालो कारोबारियों पर फायरिंग की घटना को अंजाम देने में शामिल रहा है। अबतक की पूछताछ से इसकी संलिप्ता धनबाद के प्रसिद्ध क्लिनीक लैब, मछली कारोबारी रसीद महाजन एवं कपड़ा दुकान (अप्सरा ड्रेसेज) पर फायरिंग की घटना में पायी गयी है।

### एटीएस को मिले चार डीएसपी, एक जगुआर में

**रांची।** झारखंड एटीएस को चार डीएसपी और झारखंड जगुआर को एक नए डीएसपी मिले है। इस संबंध में झारखंड के डीजीपी ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदीप कुमार, रोहित रंजन सिंह, रोहित कुमार रजवार और सुरेश प्रसाद यादव को झारखंड एटीएस में योगदान देने के लिए कहा गया है। वहीं धनंजय कुमार राम को झारखंड जगुआर में योगदान देने के लिए कहा गया है।

## होटवार जेल में 100 कैदी बने इलेक्ट्रिशियन, मिला प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में सोमवार को श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट के द्वारा चलाये जा रहे स्किल डेवलपमेंट सेंटर में 100 कैदी इलेक्ट्रिशियन बने। उन्हें प्रमाणपत्र दिया गया। जेल में संस्था द्वारा पिछले चार सालों से स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा रहा हैं।

जानकारी के मुताबिक, अबतक करीब 1000 कैदियों को इलेक्ट्रिशियन और गार्डनिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से बहुत से लोग जेल से बाहर निकलने के बाद नौकरी कर रहे हैं या स्वरोजगार कर रहे हैं। साथ ही यहां स्मार्ट कोर्स के माध्यम से योग, प्रणायाम और सुदर्शन क्रिया के द्वारा कैदियों को अवसाद से निकल कर खुशी का अनुभव कराया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के जेल स्किल सेंटर हेड रूपेश कुमार ने बताया कि इस सर्टिफिकेट से कैदियों को मदद मिल रही है। जेल से बाहर निकलने के बाद उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।

**प्रमाणपत्र पाकर कैदियों में दिखा उत्साह :** आर्ट ऑफ लिविंग के सुनील गुप्ता ने कैदियों को बाहर निकल कर जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। जेल सुप्रीटेंडेंट हामिद अख्तर ने ट्रेनिंग की सराहना की और ट्रेनिंग से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए कैदियों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि जो कैदी बाहर निकलकर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें जेल ऑथोरिटीज की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

# हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस का पिछले सप्ताह दिल्ली में हुई बैठक बाद मिले टास्क को लेकर प्रदेश कांग्रेस रेस हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस कोटे से हेमंत सोरेन सरकार में शामिल चारों मंत्रियों क्रमशः कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरॉव, बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख के साथ बैठक की। बैठक में आलाकमान से मिले टास्क को धरातल पर कैसे उतारा जाए, इसे लेकर रणनीति बनाई गयी। वहीं बैठक में कांग्रेसी मंत्रियों की जनसुनवाई' कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गयी एवं मंत्रियों की जनसुनवाई का शेड्यूल तय किया गया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंत्री प्रत्येक माह सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करेंगे, जिसकी सूचना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संबंधित जिले के कार्यकारी अध्यक्ष, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी को सूचना देंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंत्री प्रत्येक माह दो-दो जिलों में जन-सुनवाई करेंगे। मंत्री को विधायक के तौर पर जो विधानसभा क्षेत्र का कार्य सौंपा गया है, प्रत्येक माह में एक विधानसभा में जन-सुनवाई सुनि॰ित करेंगे। साथ हीं साथ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन विधायकों को विधानसभा की जिम्मेवारी दी गयी है वो सभी अपने-अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र में जन-सुनवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें तय हुआ कि सभी नेता डुमरी विधानसभा में गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर जीत सुनि॰ित करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे।

**मंत्रियों के जनसुनवाई को लेकर गंभीर है प्रदेश कांग्रेस :** दरअसल, 16 अगस्त को दिल्ली में एआईसीसी के मुख्यालय में झारखंड कांग्रेस पार्लियामेंट्री अफेयर्स कमेटी और अन्य वरिष्ठ प्रदेशस्तरीय नेताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल की बैठक हुई थी। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उस बैठक में आलकमान ने यह स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस कोटे का कोई भी मंत्री अपने विभागीय व्यस्तता का हवाला देकर संगठन की मजबूती के कार्यक्रम से अलग नहीं रह सकता है। उसे मंत्री के रूप में अपने दायित्व को निभाने के साथ साथ कांग्रेस पार्टी, संगठन विस्तार और कार्यकताओं की भावनाओं का भी ख्याल रखना होगा। झारखंड सरकार में शामिल मंत्रियों को यह निर्देश भी मिला था कि सभी मंत्री जनसंपर्क यात्रा शुरू करेंगे और जनसुनवाई कर आम जनता और पार्टी कार्यकताओं की समस्याओं का निपटारा करेंगे। इस स्थिति में झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने भी पूरी गंभीरता से 'मंत्रियों की जनसुनवाई' कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गई है।

## जादूगर सिकंदर का जादू तनाव मिटाने वाला दिमाग का टॉनिक

**जमशेदपुर ।** जादू दिमाग को तेज और तर्कशील बनाने के साथ तनाव अवसाद दूर करने मे भी मददगार साबित हो सकता है। यह भारत की ऐसी कला है जो प्रकृति के नियमों को टूटते और अलौकिक घटनाओ को घटित होते दिखा कर अद्भूत आनंद दर्शकों को प्रदान करता है, यह कहना है इस्पात नगरी के बिष्टुपुर स्थित एयर कंडिशंड मिलानी हॉल मे भव्य जादू शो दिखा रहे जग प्रसिद्ध जादूगर सिकंदर का. महान शो मैन सिकंदर बताते हैं कि इंग्लैंड आदि देशों ने मैजिक की इस खासियत को बहुत पहले पहचान लिए थे और भारत के फुटपाथों पर बिखरी जादू जैसी महान कला को अपने यहां सम्मानित मंच प्रदान किया। वहां गणित और विज्ञान की व्यावहारिक पढ़ाई और नीरस लगने वाले इन विषयों मे बच्चों की अभिरुचि जागृत करने के लिए जादूगर लोगों की सेवाए ली जाने लगी. भारत मे भी अब योग, जादू और सम्मोहन को लोग खुले दिल से स्वीकार कर रहे हैं।

# शंकर हो संकट के नाशन, मंगल कारण विघ्न विनाशन....

- हजारों शिवभक्तों की अगुवाई करते जल लेकर पैदल शिवालय पहुंचे रघुवर
- 42 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


जलाभिषेक यात्रा में शामिल भक्तों का अभिवादन करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी पर जलाभिषेक यात्रा पूरे धूमधाम से एवं भक्तिभाव से सम्पन्न हुई। जलाभिषेक यात्रा की अगुवाई सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने की। यात्रा में मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के संग 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बारीडीह भोजपुर कॉलोनी छठ घाट से कलश में जल लेकर हरि मैदान से भक्तिमय संगीत, मनोरम झांकी, घोड़े, बैंड-बाजा और पुष्पवर्षा के बीच पैदल यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में जलाभिषेक कर आशीष प्राप्त किया। कई किलोमीटर पैदल नंगे पाव की यात्रा तय कर शिवालय में रघुवर दास ने बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर की जनता समेत सम्पूर्ण झारखंड निवासियों के सुख-समृद्धि, उन्नति एवं शांति की कामना की। इससे पहले, बारीडीह हरि मंदिर मैदान में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा जलाभिषेक का संकल्प कराया गया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने गेरुवा वस्त्र तो पुरुषों ने गेरुवा गमछा के साथ हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की शोभा बढ़ायी। प्रातः काल से ही बारीडीह हरि मंदिर मैदान में हर हर महादेव, बोल बम के जयघोष सुनाई देने लगे थे। हजारों की संख्या में कतारबद्ध महिलाएं, बुर्जुग, बच्चे बाबा भोलेनाथ के शीघ्र दर्शन को उत्साहित थे।

भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी द्वारा पूरे यात्रा को बैरिकेडिंग कर व्यवस्थित रूप दिया गया। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर परिसर के अंदर और बाहर में बड़े पंखे और पूरे रास्ते में जगह-जगह शीतल पेय के काउंटर लगाए गए थे। जलाभिषेक यात्रा के दौरान तीन स्थानों पर बुलडोजर के ऊपर से की गई पुष्पवर्षा श्रद्धालुओं को उत्साहित कर रही थी। प्रातः 8:30 बजे से दोपहर तक श्रद्धालुओं ने बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज पर बने अरघा के माध्यम से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक यात्रा में श्रद्धालुओं के व्यवस्थित जलार्पण एवं सहयोग हेतु 200 सूर्यधाम सेवक के संग प्रशासन की ओर से पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

वहीं, यात्रा में एम्बुलेंस के साथ मेडिकल सहायता कैम्प लगाए गए थे।42 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहणः जलाभिषेक के पश्चात 42 हजार से अधिक श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से सोन मंडप परिसर में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। जिसमें 20 काउंटर पर प्रसाद तो 15 काउंटर पर पानी की व्यवस्था थी। प्रसाद के रूप में पूरी, आलू-चना की सब्जी एवं देशी घी से बने हलवा को परोसा गया।

### भक्ति और एकता का विहंगम दृश्य देख अभिभूत हुए रघुवर

भव्य जलाभिषेक यात्रा के सफल समापन पर सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लौहनगरी की जनता के साथ देवी स्वरूपा नारी शक्ति का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने कहा कि सूर्यधाम के जलाभिषेक यात्रा में आध्यात्म, भक्ति और एकता का विहंगम दृश्य देखने को मिला। इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों माताएं-बहनें, पुरुष एवं युवाओं के बोल बम के जयकारे और उत्साह से जो भक्तिरस का प्रवाह हुआ है, उसका शब्दों में वर्णन नही किया जा सकता। कहा कि जिस तरह भारत की पहचान एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक देश के रूप में है। उसी तरह हमारी पहचान भी पूरी दुनिया में युगों पुरानी संस्कृति और परंपराओं के कारण है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि कुछ असुरी शक्ति हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति और परंपरा को नष्ट करने में लगे हैं। बाबा भोलेनाथ उन सभी असुरी शक्ति का नाश करें और श्रद्धालुओं पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें। उन्होंने जलाभिषेक यात्रा को ऐतिहासिक एवं अद्भुत बनाने में सूर्य मंदिर समिति, भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक संस्था समेत सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी, वरीय सदस्यगण एवं माताओं-बहनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के अटूट आस्था के कारण सूर्य मंदिर जमशेदपुर ही नही बल्कि पूरे झारखंड में आस्था के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने जलाभिषेक यात्रा में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग और सेवा करने वालों का प्रति आभार जताया।जलाभिषेक यात्रा में मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, कृष्णमोहन सिंह, संतोष यादव, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, जलाभिषेक यात्रा के संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबु तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, पवन अग्रवाल, सुशांत पांडा, कुलवंत सिंह बंटी, नीरज सिंह, राकेश सिंह, कल्याणी शरण, खेमलाल चौधरी समेत तमाम वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

## जय जय भागीरथ नंदिनी ...




सूरज धाम मंदिर परिसर सिद्ध घोड़ा में सातवीं सोमवारी की संध्या पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। बनारस से पधारे ब्राह्मण पुत्रों ने बेहद भव्य आरती प्रस्तुत की जिसका अवलोकन 5000 से अधिक लोगों ने किया। इस अवसर पर स्त्री, पुरुष और बच्चे सभी उपस्थित थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सफल आरती के आयोजन के लिए सूर्य धाम मंदिर प्रबंधन कमेटी को सराहा।

## एक नजर में

### प्रकाश नगर में निकाली गयी जलाभिषेक यात्रा


जलाभिषेक यात्रा में शामिल अमरप्रीत काले व अन्य।

**जमशेदपुर।** हिन्दू संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू के नेतृत्व में पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर सातवा सोमवारी पर भोले बाबा को कलश यात्रा महिलाओं द्वारा निकाला गया सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने श्री महाकाली मंदिर के कुआं से पानी लेकर प्रकाश नगर रॉक गार्डन पास पंचमुखी हनुमान मंदिर में जल अर्पित किया गया साथ में विशाल भंडारा और भजन का कार्यक्रम हुआ भंडारा में 5000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया भोले बाबा के रुद्राभिषेक में हजारों लोग सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि के रूप में अमरप्रीत काले ,कुणाल सारंगी ,पप्पू सिंह जी, राम नारायण शर्मा ,सतीश सिंह,राघवेंद्र, अनिल जी, बंटी सिंह, सुमित श्रीवास्तव जी राजीव सिंह जी कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार अभय मिश्रा, अभिषेक सिंह, सोनू दीपक आदि उपस्थित हुए।

### झामुमो ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** आज झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पुर्वी सिंहभूम की ओर से पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जिला आगमन पर परिसदन में झामुमो के द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया । इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शेख बदरूद्दीन,बीरसिह सुरेन, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती मनोज कुमार यादव, शैलेन्द्र कुमार मैती, जिला बीस सुत्री सदस्य जुगल किशोर मुखी,सोनू अग्रवाल,नन्दु सरकार,प्रीतम हेम्ब्रम, गुरमीत सिंह, बाबू मानसिंह बेसरा, लालटू महतो, गोपाल महतो, डी राकेश राव, शिव शंकर महतो, परवेज अख्तर,सुरज सिंह आदि उपस्थित थे । प्रीतम हेम्ब्रम जिला कार्यालय सचिव झामुमो पुर्बी सिंहभूम।

### सोमवारी पर भंडारा का आयोजन

**जमशेदपुर।** सोमवार को श्री श्री शिव हनुमान मंदिर नीतिबाग कॉलोनी, स्लैग रोड में सावन मास के तीसरी सोमवारी को शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रूद्राभिषेक एवं भंडारा का आयोजन अधिवक्ता विवेक सिंह (मंदिर निर्माणकर्ता) के द्वारा किया गया। करीब 2500 शिवभक्तों के बीच भोग का वितरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य रुप से राहुल सिंह, अनूप कुमार, चंदन सिंह, विकास कुमार, दीपक मजूमदार, नीरज सिंह , कन्हाई गोराई, सुभाष, सत्यम, शेखर निगम, उमेश, सुशील कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं ने मनाया हरितालिका सावन महोत्सव

**जमशेदपुर।** संकोसाई रोड न 5 निवासी बिनीता देवी के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप धर्मेंद्र कुमार ,वरिष्ठ बीमा सलाहकार, जमशेदपुर मंडल, विशिष्ट अतिथि माला कुमारी ,अनिता सिंह (वरिष्ठ आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ) रेणु देवी सम्मिलित हुए । धर्मेंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता बिनीता देवी को अनेक सुभकामनाएं दी । एवम सभी उपस्थित बहनों को सावन महोत्सव की सुभकामनाए दी और केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार के द्वारा चल रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी लाडली योजना , सुकन्या योजना, उजवला योजना उनके समक्ष प्रस्तुत की । कार्यक्रम का आयोजन सह सफल संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन बिनीता देवी ने किया। कार्यक्रम के शुरू में सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं के बीच वक्ता के रूप में धर्मेंद्र कुमार , माला कुमारी , अनिता सिंह , रेणु देवी ने योजना एवम अन्य जानकारी दी ।

### जन सेवा संघ ट्रस्ट ने लावारिस गोवंशीय पशु का किया उपचार

**जमशेदपुर।** तकरीबन 5 दिनों से घायल अवस्था में गोविंदपुर में घूम रहे थे नंदी जी, जिनकी सूचना वहां के स्थानीय लोगों द्वारा समाजसेवी बंटी सिंह जी के द्वारा रेस्क्यू टीम को प्राप्त हुई। सूचना उपरांत 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद नंदी जी का सफलतापूर्वक इलाज किया गया । नंदी जी का दाहिना तरफ का पेट पूरा फट गया था।जन सेवा संघ ट्रस्ट निस्वार्थ रूप से 2016 से लावारिस पशुओं का उपचार करती आ रही है परंतु जगह की अभाव के कारण इलाजरत पशुओ का संपूर्ण रुप से चिकित्सा करने में कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है। जिससे जनसेवा संघ ट्रस्ट अभी भी जूझ रही है।

### भारतीय सेना ने 'बैटल ऑफ माइंड्स' प्रतियोगिता 2023 के आरंभ की घोषणा की

**जमशेदपुर।** भारतमें युवाओं को सशक्त बनाने और ज्ञान को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय सेना ने गत 17 अगस्त को दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में अपनेनवीनप्रतीक के साथ 'बैटल ऑफ माइंड्स' - इंडियन आर्मी क्विज 2023 का गर्व से अनावरण किया। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, क्विज प्रतियोगिता कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का जश्न मनाती है और उस महत्वपूर्ण क्षणोके दौरान सेवा करने वाले लोगों की बहादुरी और साहस के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि है। नये प्रतीक के रूप में, यह महत्वपूर्ण पहल राष्ट्र भर में बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने और युवा बुद्धिमत्ता को प्रेरित करने के उद्देश्य से सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह आयोजन न केवल अतीत की स्मृतियों का का जश्न मनाता है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं में जिज्ञासा और शिक्षा के प्रति उत्साह को जागरूक करने के साथ-साथ भविष्य के नेतृत्व को स्थापित करने की भी है।

## 85 जरूरतमंद महिलाओं के बीच 26 लाख के ऋण का वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वावलंबी झारखण्ड माईक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एस.जे.एम.डी.सी.) के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत 21 अगस्त को मनाये जा रहे उद्यमिता दिवस के अवसर पर 12वें मेगा लघुऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन तुलसी भवन, बिष्टुपुर में किया गया जिसमें 85 जरूरतमंद महिलाओं के बीच लघु एवं घरेलू व्यवसाय शुरू करने या जो महिलायें पहले से अपने व्यवसाय में लगी हुई हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिये 26 लाख रुपए का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण एवं विशिष्ट अतिथि जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन तथा समाजसेवी सह उद्यमी उदित अग्रवाल तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये सेंटर के निदेशक अशोक गोयल ने कहा। इस अवसर पर विषय प्रवेश करते हुये सेंटर के अन्य निदेशक तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि आज महिलायें देश की जनसंख्या की आधी आबादी है। देश को अगर तरक्की करना है तो आधी आबादी को स्वावलंबी बनाना होगा। आज बच्चों को नौकरी पाने के लिये प्रेरित न करें बल्कि लर्न के सार्थ अर्न करने के लिये प्रेरित करे। अर्थात पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार करने के लिये प्रेरित करें। जिससे वे देश की जीडीपी में भी योगदान कर सकें और देश के माननीय प्रधानमंत्री के सपने जो अगले पांच वर्ष में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ सकें।

मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरणमहतो ने कहा स्वावलंबी झारखण्ड माईक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट अपने स्थापना काल से जो कार्य महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिये कर रही है वह सराहनीय है। महिलायें इससे देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के कोल्हान में देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी अच्छा तसर का उत्पादन होता है। अगर महिलाओं को इस तरह के वित्तीय मदद प्रदान करें तो वे काफी आगे बढ़ सकती है। विशिष्ट अतिथि जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वावलंबी झारखण्ड के द्वारा यह साकारात्मक पहल है।

### हर-हर महादेव, शंभु काशी विश्वनाथ... छलके ला गंगा जल हमर

# शिव भक्तों को शहनाज अख्तर देवी और छैला बिहारी ने झूमाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। मानगो की धरती में पहली बार आस्था के महासंगम में जय महाकाल सेवा संघ की ओर से गांधी मैदान में 21 अगस्त की शाम एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। संघ के संरक्षक एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के नेतृत्व में आयोजित महा भजन संध्या में पहला मौका था जब जमशेदपुर के शिव भक्तों को स्टार भजन गायिका शहनाज अख्तर, देवी और सुनील छैला बिहारी की प्रस्तुति का एक साथ आनंद उठाने का मौका मिला। शाम सात बजे तक गांधी मैदान में बना भव्य पंडाल खचाखच भर चुका था। तमाम आशंकाओं को खारिज करते हुए जय महाकाल सेवा संघ ने अपनी भव्य भजन संध्या को सफलतापूर्वक आयोजित कर मानगो समेत पूरे जमशेदपुर का दिल जीत लिया। मानगो आजादनगर के अल्पसंख्यक समुदाय ने भी आयोजकों से आज सुबह भेंट कर शांतिपूर्ण आयोजन में पूरा सहयोग करने का भरोसा दिया। उनका एक ही आग्रह था कि नमाज के वक्त दो से पांच मिनट तक माइक रोक दिया जाए। मंच पर रात्रि 7.58 मिनट पर भाजपा नेता नीरज सिंह ने भजन गायिका शहनाज अख्तर और देवी को लेकर पहुंचे तो श्रोताओं ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। देवी ने पहली प्रस्तुति दी -हर-हर महादेव, शंभु काशी विश्वनाथ......उन्होंने दूसरा भजन सुनाया ...छलके ला गंगा जल हमर। छैला बिहारी ने रात्रि सवा नौ बजे मंच पर आवाज दी....तनी खोल दी केवड़िया, जल ढाये दीं।आपको बता दें कि यह पहला मौका था जब मानगो की जनता ने विशाल और ऐतिहासिक गांधी मैदान में मेगा भजन संध्या का आनंद उठाया। इस आयोजन की व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात से श्रोता गद्‌गद थे। सभी भाजपा नेता नीरज सिंह एंड टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे। बता दें कि संघ द्वारा साउंड, लाइट, मंच, एल ई डी, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे मैदान में कैमरा लगाया गया था। पुलिस प्रशासन भी अलर्ट था। जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने कहा की यह मानगो समेत पूरे जमशेदपुर के लोगों के लिए यादगार भजन में सभी का सहयोग मिला। हम सभी के प्रति बेहद आभारी हैं।

# डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ग्रेजुएशन नाइट समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार की शाम डी.बी.एम.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन जमशेदपुर के सभागार में 2023 का ग्रेजुएशन नाइट समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे कोल्हान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.जयंत शेखर और विशिष्ठअतिथि डॉ. संजीव आनंद सीवीसी थे। समारोह में डी.बी.एम.एस. ट्रस्ट की संरक्षिका श्रीमती भानुमती नीलकंठन कॉलेज के चेयरपर्सन फाइनेंस बी.चंद्रशेखर सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन, संयुक्त सचिव श्रीमती उषा रामनाथन एवं तमिल सेल्वी बालाकृष्णन, गर्वनिंग बॉडी के सचिव श्री सतीश कुमार सिंह ,डी.बी.एम.एस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कोषाध्यक्ष श्री एस.धर्मराजन डॉक्टर जूही समर्पिता, प्राचार्य डॉक्टर मोनिका उप्पल, उपप्राचार्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कॉलेज के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं इस समारोह में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंजली गणेशन ने किया। समारोह के आरंभ में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का परिचय बी.एडकी छात्रा सुश्री हर्षा मोदी द्वारा किया गया ।उसके पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना संगीत शिक्षिका श्रीमती अमृता चौधरी एवं बी.एड की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया।इसके पश्चात कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर जूही समर्पिता ने अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन कॉलेज की सचिव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। श्री बी.चंद्रशेखर कॉलेज तथा डी.बी.एम.एस के ट्रस्ट के चेयरपर्सन ने आगत अतिथियों का स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डी.बी.एम.एस कॉलेज आफ एजुकेशन बहुत कम ही समय में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए उनके विकास के लिए समुचित सुविधा महाविद्यालय सतत प्रदान करते आया है। इसके पश्चात विभिन्न अवार्ड प्रदान किया गया,जिसमें जनरल प्रोफिशिएंसी अवार्ड काजल महतो बी.एड 2020-22, के. चंद्रमणि डी.एल.एड 2019-21 ,साथ ही प्रियंका महेश्वरी को प्रदान किया गया। यह सम्मान डी.बी.एम.एस ट्रस्ट के चेयरपर्सन श्री बी.चंद्रशेखर के द्वारा किया गया।विभिन्न विषयों में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाली छात्राओं में हिंदी की सुश्री एम.मनीषा को सम्मानित किया गया वहीं अंग्रेजी में आर.अश्विनी, समाजअध्ययन के लिए सना. परवीन, भूगोल विषय के लिए सुशीला बागे,अर्थशास्त्र विषय में शिखा शर्मा, जीव विज्ञान के लिए मंदिरा सेन शारीरिक विज्ञान के लिए प्रियंका ठाकुर, और गणित विषय में श्रेया विश्वास को सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री एस.धर्मराजन कोषाध्यक्ष एवं श्री सतीश कुमार सिंह सचिव गवर्निंग बॉडी के द्वारा प्रदान किया गया। प्राचार्या सम्मान अभय प्रताप बी.एड 2020-22के छात्र को प्राचार्या महोदया के द्वारा डॉ.वीणा रानी श्रीवास्तव सम्मान प्रदान किया गया वहीं ट्रायल ब्लेजर अवार्ड प्रेम नीतीश लकड़ा को श्री शिव शंकर सिंह सदस्य डी.बी.एम.एस ट्रस्ट के द्वारा रानी सिंह की स्मृति में सम्मान प्रदान किया गया।

## स्पीड न्यूज

### कार के धक्का से दो बाइक सवार की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**पाटन पलामू ।** पाटन - बैरिया मुख्य पथ पर पाटन थाना क्षेत्र के कुड़ुआ मोड़ के पास कार और बाइक में सीधी टक्कर हो गई जिसमें बाइक पर सवार दो की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक में राजवंश बैठा पिता नान्हु बैठा और राजेश कुमार पिता स्वर्गीय लखन राम का नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मृतक राजवंश बैठा, राजेश कुमार व घायल युवक तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बरडीहा से अपने गांव दुल्ही वापस जा रहें थे इसी दौरान एक कार सीधे बाइक में टक्कर मार दिया जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज सिंह स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा इस क्रम में रास्ते में ही दो युवकों की मौत हो गई।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर- इटको मुख्य मार्ग पर तमदगा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनो युवक नावा थाना क्षेत्र के राजदरिया गांव के रहने वाले हैं। घायल युवक मोटरसाइकल द्वारा गढ़वा से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच तमदागा गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में दोनो को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनो को बेहतर इलाज हेतु मेदानीनगए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### मारपीट में घायल युवक की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत तेनूडीह गांव में पिछले दिनों सड़क निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद में हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल 36 वर्षीय सिपाही यादव की रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई ।उसका शव सोमवार को पैतृक गांव पहुंचा। जहां शव के पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं सिपाही यादव की मौत की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में दर्ज प्राथमिकी हत्या के आरोप में परिवर्तित होगी।

### नगर पंचायत क्षेत्र में 11 लोगों के खिलाफ अवैध बिजली उपभोग करने की प्राथमिक दर्ज

**हरिहरगंज पलामू ।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज शहर में अलग-अलग स्थानों पर छापामारी की गई। इसमें अवैध तरीके से बिजली उपभोग करते पकड़े गए 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए हरिहरगंज थाना में आवेदन दिया गया है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बिहार बॉर्डर के समीप रहने वाले विजय सिंह, शशि भूषण सिंह, सतगांवा के अमित प्रकाश, हरिहरगंज अंकित कुमार गुप्ता, बेलोदर के नकुल साव, अजय प्रसाद , भगत तेंदुआ के मंदीप साव, बुटमल साव, उमेश साव, संजय कुमार तथा मेन बाजार निवासी नवल प्रसाद जायसवाल का नाम शामिल है। छापेमारी अभियान में प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह, मानव दिवस कर्मी अनिल कुमार सिंह, वीरेंद्र पासवान, जावेद आलम, अजय कुमार, नितीश कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

### पंडित रामदीन पाण्डेय और उनकी सारस्वत साधना पुस्तक का लोकार्पण 23 को

**मेदिनीनगर ।** पंडित रामदीन पाण्डेय शोध संस्थान एवं गीता प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदर मेदिनीनगर स्थित होटल ग्रैंड जयश्री में गोस्वामी तुलसीदास एवं पंडित रामदीन पाण्डेय की जयंती मनाई जायेगी तथा 'पंडित रामदीन पाण्डेय और उनकी सारस्वत साधना' का लोकार्पण दिनांक 23 अगस्त को 2.30 बजे अपराह्न किया जायेगा। समारोह के संयोजक डॉ सत्यकेतु संजय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि समारोह का उद्घाटन झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष श्री इन्दर सिंह नामधारी करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डा.तपन कुमार शांडिल्य, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सह प्रभारी कुलपति नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर भाग लेंगे। जबकि डा.हरेराम त्रिपाठी 'चेतन' वरीय साहित्यकार,रांची एवं डॉ जंगबहादुर पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी रांची विश्वविद्यालय,रांची समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता प्रोफेसर सुभाष चन्द्र मिश्रा , स्वागत श्री अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं संचालन डॉ सत्यकेतु संजय करेंगे। डॉ संजय ने बताया कि समारोह में पलामू जिला एवं राज्य के ख्यातिनाम साहित्यकार भाग लेंगे।

### पारा शिक्षक की असमायिक निधन

**पाटन पलामू ।** प्रखंड अंतर्गत एनपीएस टोला नवादा पंचायत सगुना के सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षक अशर्फी भुइयां का देहांत रविवार को रात्रि में हो गया । वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे ।इनका इलाज रांची में चल रहा था। बैंक से तकनीकी गड़बड़ी के कारण तीन माह से मानदेय बकाया था। इनकी देहांत की खबर पाकर पूरे पारा शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। आत्मा के शांति के लिए सैकड़ो पारा शिक्षक दाह संस्कार में उपस्थित हुए जिसमें जेटेट पास पारा शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय , पाटन प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ,जितेंद्र कुमार, एवं सूरत राम, रविंद्र पासवान, जितेंद्र प्रसाद ,विमलेश कुमार सिंह, संजय कुमार, झूलन प्रजापति, महेश मोची, कमल किशोर पांडे, मोहन राम ,जय प्रकाश सिंह ,अशोक कुमार, इत्यादि काफी संख्या में सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक उपस्थित होकर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । साथ ही दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को भरपूर सहयोग करने का निर्णय लिया गया ।

### विधानसभा चुनाव राजनीतिक और सामाजिक भागीदार तय करें युवा : ओंकार

**पांकी पलामू ।** आने वाला कल पाकी विधानसभा के युवाओं का है युवा कमर कस लें और एकजुटता के साथ आनेवाले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी तय करें उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही । वे अखिल भारतीय फुटबॉल टूनार्मेंट के समापन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे । पांकी के होटाई पंचायत के ग्राम भवरदह में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट विजेता भवरदह ए टीम को शील्ड प्रदान करने के बाद श्री जायसवाल ने कहा कि हार और जीत जीवन का पहलू है इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है । उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में

## गांव की ओर बढ़ रहा है हमारा शहर : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**पंडवा पलामू ।** मेदनीनगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पड़वा मोड़ में बने मस्कुलर जिम एंड फिटनेस सेंटर का उद्घाटन फीता काटकर किया । इस मौके पर प्रतम महापौर श्रीमती शंकर ने कहा की पलामू तेजी से विकास कर रहा है । उन्होंने कहा की अब हमारा शहर गांव की ओर बढ़ रहा है। प्रथम महापौर ने कहा मेदनीनगर से सटे पड़वा मोड़ में आज शुभारंभ हुए जिम किसी भी मायने में शहर के जीम से कम नहीं। यह जीम बहुत ही हाइजीनिक तरीके से बनाया गया है जहां शहर और गांव के बच्चे जिम कर सकते। प्रथम महापौर ने कहा आने वाले समय में जैसे-जैसे लोग अपने शरीर के प्रति जागरूक हो रहे वैसे-वैसे जिम का कल्चर बढ़ेगा । उन्होंने कहा की शहर में तो लड़कियां भी जिम के प्रति जागरूक हुई है और नित्य जिम जा रही हैं। प्रथम महापौर ने इस जीम के संस्थापक अभिषेक गुप्ता को बधाई दी। इस अवसर पर प्रभात अग्रवाल, विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, दिलीप मेहता, बेबी विश्वकर्मा, मनदीप मेहता, नीरज पाल, संजय मेहता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महिला एवं युवा उद्यमी आगे आए : आनंद शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया इस माह के अंत में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है । श्री शंकर ने कहा की इस कार्यशाला के अंतर्गत महिला एवं पुरुष उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने कहा की इस कार्यशाला में सरकार द्वारा व्यवसाय शुरू करने के लिए एवं उसकी उन्नति के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में एमएसएमइ के डायरेक्टर के अलावा लीड बैंक के पदाधिकारी भाग लेंगे और नए उद्यमियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अपनी सेवाएं मुहैया कराएंगे । चेंबर अध्यक्ष श्री आनंद शंकर ने सभी सम्मानित सदस्यों से विशेषकर महिला उद्यमियों से अनुरोध किया है कि कृपया अपना आधार कार्ड ,पैन कार्ड, बैंक अकाउंट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अलावा उद्यम सर्टिफिकेट तैयार करा लें ताकि उक्त कार्यशाला में ?50000 से लेकर 50 लाख तक का ऋण सुलभता से प्राप्त हो सके' उन्होंने बताया की इस संबंध में विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9430188122 पर सचिव इंद्रजीत सिंह डिम्पल से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है । श्री शंकर ने कहा की पलामू के लोग खासकर महिला उद्यमी इसका पूरा लाभ उठाएं इसे ध्यान मे रखते हुए अग्रिम जानकारी देने का प्रयास है।

## छत्तीसगढ़ से आ रही यात्री बस में पलामू पुलिस ने कि छापेमारी

# हथियारों का जखीरा बरामद, एक संदिग्ध को पुलिस की हिरासत में

- गैंगस्टर सुजीत सिंह गिरोह का है सदस्य
- हिरासत में लिए गए व्यक्ति से की जा रही है पूछताछ : एएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता






**मेदिनीनगर ।** पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस की स्पेशल टीम ने रेहला थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ से आ रही यात्री बस में छापामारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जिसके पास से छःह सेमी राइफल व अन्य सामान बरामद किया गया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति गैंगस्टर सुजीत सिन्हा जीरो का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। वह छत्तीसगढ़ से हथियारों का जखीरा लेकर पलामू के रास्ते से होते हुए रांची की ओर जाने वाला था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस ने छापेमारी कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस की आशंका है की किसी बड़ी घटना को अंजाम दिया जाना था। या सुजीत सिन्हा गिरोह को पुनः सक्रिय करना था। फिलहाल पुलिस की टीम हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। यह व्यक्ति पलामू का ही रहने वाला है। जिसका अपराधिक इतिहास भी रहा है। सेमी राइफल का बाजार मुल्य प्रति राइफल लगभग एक लाख से अधिक का बताया जा रहा है। जबकि अन्य हथियारों का मूल्य भी अधिक है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त थी।कि छत्तीसगढ़ से आने वाली यात्री बस में कुछ संदिग्ध लोग आ रहे हैं। जिस पर स्पेशल टीम का गठन कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया गया। और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से छःह सेमी राइफल व अन्य हथियार बरामद किया गया है। इन सभी मामलों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। श्री गर्ग ने बताया कि इस मामले में पूरी तरह से जांच हो जाने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ बताया जा सकता है।

## नागपंचमी को कधवन बक्स बाबा धाम पर लगा भव्य वार्षिक मेला, उमड़े श्रद्धालु



खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत कधवन गांव स्थित बक्स बाबा धाम पर नागपंचमी के दिन भव्य वार्षिक मेला लगा। मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। जो सारा दिन चलता रहा। मंदिर का परिक्रमा कर श्रद्धालु नाग बाबा को दूध व लावा का भोग लगवाते रहे। बक्स बाबा और लक्ष्मणिया फुआ के जयकारे से पूरा धाम परिसर गुंजमान रहा। आयोजन कमिटी द्वारा धाम परिसर में भजन कीर्तन और भंडारा के अलावा कई तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वरीय समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह मेला में पहुंचे।

उन्होंने बक्स बाबा की विशेष पूजा अर्चना की। बक्स बाबा धाम के पुजारी मथुरा पाठक ने बताया कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से नाग बाबा की पूजा कर मनोकामना मांगता है वह अवश्य पूर्ण होता है।

**आस्था का प्रतीक है बक्स बाबा धाम**

कधवन का बक्स बाबा धाम स्थानीय लोगो के आस्था के प्रतीक है। बक्स बाबा धाम में नाग बाब का मंदिर है। मान्यता है कि किसी भी विषैले जीव-जंतु के काटने के बाद यहां आकर पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति ठीक हो जाता है। यहां प्रत्येक वर्ष नागपंचमी के अवसर पर वार्षिक मेला लगता है। इस मेला में दूर-दूर से श्रद्धालु आते है। नाग पंचमी के दिन आस-पास के दर्जनों गांव के लोग नमक का सेवन नही करते। नाग पंचमी के दिन लोग सिर्फ मीठा भोजन व फल खाते है। बक्स बाबा को मानने वालो में हिन्दू ही नही आस-पास गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल है। नाग बाबा पर सिर्फ दूध व लावा चढ़ाया जाता है। जिनकी मन्नत पूरी होती है वे मंदिर परिसर में भगवा झंडा लगाते है।

मेला के सफल आयोजन में प्रवीण सिंह,रामकुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,ओमकार सिंह, अखिलेश सिंह,देवेंद्र सिंह, जयनंदन सिंह, अनूप सिंह,अनिल सिंह, पिंटू सिंह, धनवंत, धीरेंद्र सिंह धीरू, कारू सिंह सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को ले बैठक



**मनातू पलामू ।** प्रखंड के मझौली पंचायत स्थित प्रकाश सिंह यादव के आवास पर बाबा वीर कुंवर धाम के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रकाश सिंह यादव ने की । संचालन ताराचंद यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की रूपरेखा तय की गई। जिसमें भव्य शोभा यात्रा शाहपुर वीरकुंवर स्थान से सदिक चौक होते हुए कचहरी रेडमा चौक होते हुए वापस धाम शाहपुर पहुंचेगी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रकाश सिंह यादव को मनातू प्रखंड यादव सभा का अध्यक्ष। इंद्रदेव यादव को उपाध्यक्ष एवं अंतू यादव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया ।

## विधायक बनने की नहीं सत्य और न्याय की लडाई लड रहे हैं

### देश की सबसे बड़ी अदालत में जायेंगे : कृष्णानंद त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया के उम्र से संबंधित मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्णय को देश की सबसे बड़ी अदालत में चुनौती देने वाले हैं।उन्होंने कहा कि यह लडाई किसी भी स्थिति में विधायक बनने के लिए नहीं है।बल्कि छल-प्रपंच का सहारा लेकर गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के मामले को जनता के समक्ष उजागर करने की लड़ाई लड़ रहा हूँ।उक्त बातें के एन त्रिपाठी ने काशीनगर स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा।उन्होंने कहा कि विधायक या सांसद बनने के लिए जनता की अदालत का निर्णय ही सर्वोपरि होता है। लेकिन वे आजीवन असत्य के खिलाफ अपनी जंग को जारी रखेंगे। एक सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री ने जैक के निर्णय पर न्यायालय का पुर्नविचार नहीं करने के अधिकार की बातों को सिरे से नकार दिया। कहा कि न्यायालय किसी भी निर्णय की समीक्षा के लिए स्वतंत्र है। जहां तक उम्र विवाद की बात है तो माननीय न्यायालय ने अपने निर्णय में विपक्षी के जन्म पत्री में दर्ज जन्म तिथि को आधार माना है। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले से मैं संतुष्ट नहीं हूं इस फैसले के विरोध दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दूंगा श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान विधायक का नामांकन ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में भी हुआ था जबकि मैट्रिक की परीक्षा गोरिया डामर हाई स्कूल लेस्लीगंज से पास किए हैं इन दोनों में उम्र सीमा का अंतर है इतना ही नहीं वर्तमान विधायक द्वारा अपनी उम्र सीमा को गलत तरीके से दशार्या गया है।

## खबर एक नजर में

### सांसद ने स्व हृदयानंद मिश्र के परिजनों से की मुलाकात



**पंडवा पलामू ।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने संसदीय क्षेत्र के लोहड़ा ग्राम निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक स्व हृदयानंद मिश्र के परिजनों से मुलाकात की और कुशल क्षेम पूछा। इस दौरान सांसद श्री राम ने उपस्थित ग्रामीणों से गांव और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने सांसद श्री राम को एन एच द्वारा औने पौने दाम पर भूमि अधिग्रहण समेत विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया । ग्रामीणों ने सांसद श्री राम को बताया की एन एच द्वारा अभी तक जमीन मुवावजा का दर न तो फिक्स किया गया है और न ही मुआवजा का दर को सार्वजनिक किया गया है । साथ ही साथ पुराने दर पर जमीन अधिग्रहण का अफवाह फैलाकर भू स्वामियों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। सांसद श्री राम ने ग्रामीणों को सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा की हम भी आप सबों के साथ हैं। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, श्रीकांत मिश्र, पारसनाथ मिश्र, प्रभु राम , गिरेंद्र मिश्र, रुडू मिश्र, सत्यप्रकाश गौतम उर्फ राजू, अमित मिश्रा लूट गोलू, प्रियांशु मिश्र उर्फ पिंकू मिश्र , विकास मिश्र, पंकज पांडेय , राकेश मिश्रा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### क्षेत्र का विकास ही एक मात्र लक्ष्य : कमलेश

**हुसैनाबाद,पलामू ।** इसी माह पीएमजीएसवाई से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों की विशेष मरामति व निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से 11 नई सड़कों के निर्माण के साथ 19 सड़कों की विशेष मरम्मती कार्य को स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही निविदा निकल जायेगी। इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार का स्वीकृति पत्र दिखाते हुए कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि 2022 में 22 ग्रामीण सड़कों का निर्माण शुरू किया गया है। कुछ का काम पूरा हो गया है, कुछ का काम प्रगति पर है। 2023 में पीएमजीएसवाई से 30 सड़कों को स्वीकृति मिलने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से 30 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत सड़कें बिना भेद भाव सभी तबके को ध्यान में रख कर की गई है।

## अवैध बालू खनन एवं भंडारण की जांच को लेकर पाण्डू पहुंचे डीएमओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** अवैध बालू खनन एवं भंडारण की जांच करने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार सोमवार को पाण्डू थाना पहुंचे,जहां से उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक बालदेव सिंह एवं सशस्त्र पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम वृद्धखौरा में छापेमारी की,जहां 25 सौ सीएफटी अवैध भंडारिण बालू को जप्त किया एवं अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन करने में अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी, वही भंडारित बालू को जिम्मेनामा सौंपा।

**ऐसे हुई कार्रवाई :** 19 अगस्त को अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा पाण्डू थाना क्षेत्र के वृद्धखौरा ग्राम का निरीक्षण किया गया था,जहां अवैध बालू भंडारण पाया गया था जिसकी सूचना अंचलाधिकारी के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गयी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार ने पाण्डू पहुंच कर छापेमारी की,जहां पर 25 सौ सीएफटी भंडारित बालू पाया,जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि भंडारित बालू स्थल पर किसी प्रकार की बालू भंडारण का लाइसेंस प्राप्त नहीं है जिस पर अविलंब बालू को जप्त करते हुए संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

### गला दबाकर विवाहिता की हत्या, ससुराल वाले मृतका के दो बच्चों को साथ लेकर फरार हुए

**हरिहरगंज पलामू ।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कोशडीहरा खाप कटैया गांव के टिंकू साव की 24 वर्षीया पत्नी छाया देवी की गला दबाकर सोमवार को हत्या कर दी गई । मृतका के मायका पक्ष द्वारा उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छाया का शव उसके ससुराल से बरामद किया है। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार बताये जाते हैं । वे लोग अपने साथ मृतका के एक पुत्र तथा एक पुत्री को भी अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि औरंगाबाद जिला के रिसीयप गांव निवासी शंकर साव की पुत्री छाया देवी की शादी 2019 में टिंकू साव के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। बताया जाता है कि उसका पति अक्सर मारपीट करता था। रविवार को भी उसने मारपीट की थी। छाया देवी ने इसकी जानकारी अपने मायका में दी थी । यह भी बताया था कि मामले में गांव वाले आ रहे हैं, निर्णय होगा। सोमवार की सुबह 7.30 बजे मोबाइल पर पुनः छाया की उसके भाई से बात हुई थी। इसके बाद करीब 8 बजे छाया मृत पाई गई । उसकी मौत की सूचना मिलने पर छाया के दादा मुंशी साव एवं पिता शंकर साव घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने उनके सामने मृतका के शव को कब्जे में लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हरिहरगंज के पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि शव पर गला दबाने के निशान मिले हैं। मारपीट करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चलेगा।

## सड़क के जलजमाव में बैठे युवा समाज सेवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर ।** बारिश के बाद लेस्लीगंज सतबरवा मार्ग की स्थिति बदतर हो गई है। सर्वाधिक खराब स्थिति प्रखंड मुख्यालय ढेला गांव आशिर्वाद अस्पताल के पास है। जहां सड़क पहले से गड्ढों में तब्दील है। इसमें बारिश का पानी इकट्ठा हो गया है। राहगीरों को हर कदम पर परेशानी उठाना पड़ है। सड़क के गड्ढों में जल जमाव से आवागमन सर्वाधिक प्रभावित हो गया है .इस सड़क में सुधार नहीं होने पर प्रखंड क्षेत्र के किरतो निवासी दिलीप तिवारी ने तपती धुप में सड़क के बीचों बीच जल जमाव वाले गड्ढे में बैठ गए हैं ।श्री तिवारी का समर्थन में कुराइन पतरा पंचायत के उप मुखिया अनुज कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम प्रजापति भी बैठ गए हैं. श्रीं तिवारी ने बताया कि राहगीरों को हर कदम पर परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क आवागमन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इस सड़क से लगभग बीस गांवों को जोड़ती है। सड़क के बीच जलभराव हो गया है। जिसके कारण राहगीरों का आवागमन कष्टदायक हो गया है।

**करोड़ों की लागत से बनी है या सड़क :** यहां बता दें कि लेस्लीगंज मुख्यालय नया बाजार चौक से लेकर राजहरा होते सतबरवा तक इस सड़क का निर्माण करोड़ों की लागत से कराया गया है। लेकिन गुणवत्ता पूर्ण सड़क नहीं बनने के कारण जगह-जगह पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गया है।

## मागधी अग्रवाल समाज की बैठक में लिए गए कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** मागधी अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी की बैठक शहर के प्रतिष्ठित चाय सूट्टा बार में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता श्री सुनील कुमार अग्रवाल जी के नेतृत्व में की गई जिसमें समाज के संरक्षक डा एन सी अग्रवाल, सचिव भोलानाथ अग्रवाल , उपाध्यक्ष दयानंद अग्रवाल , मंत्री रंजन अग्रवाल ,पूर्व सचिव संतोष अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल , राजेश अग्रवाल(सेरा), डा रंजन अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल (शाहपुर), राजेश अग्रवाल नई मोहल्ला, रिशु अग्रवाल, निलेश अग्रवाल,निवेदन अग्रवाल,विकाश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल,आशु अग्रवाल,सुधीर अग्रवाल, तरुण कु अग्रवाल , मुकुल चंद अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल (सादिक चौक),अखिलेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल (बारालोटा), गोलू अग्रवाल, अतुल अग्रवाल मौजूद थे। बैठक में 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती को भव्य रूप से मनाने और सामाजिक संगठन के विस्तार के साथ सशक्त करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी बैठक जो 10 सितंबर को होना निश्चित हुआ है के एजेंडा के बारे में चर्चा हुई।

# मार्क्सवादी युवा मोर्चा का नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

## ●कोयलांचल में प्रदूषण और कूड़े-कचरे को लेकर आम लोगों में आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सोमवार 21 अगस्त को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की ओर से आज 55 सूत्री मांगों के समर्थन में नगर निगम कार्यालय के बाहर घेराव - प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जुलूस गोल्फ ग्राउंड से हजारों की संख्या में लोग निकले।पार्क मार्केट हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक,एसएसएलएनटी कॉलेज होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। घेराव -प्रदर्शन की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो एंव विशिष्ट अतिथि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी शामिल थे। घेराव - प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। नगर आयुक्त के पास कोई दूरदर्शिता नहीं है। धनबाद का कचरा कभी ग्रामीण क्षेत्र तो कभी लोयाबाद, झरिया के हरियाली शुद्ध वातावरण क्षेत्र में डंप करना चाह रहे हैं। इससे पता चलता है कि निगम कचरा डंपिंग में कितना गंभीर है। निगम क्षेत्र के धनबाद, कतरास,सिंदरी झरिया, छाताटांड़ अंचल के मुख्य मार्ग की नियमित सफाई, पानी छिड़काव नहीं होने के कारण पूरा कोयलांचल प्रदूषण की चपेट में है । सड़कों पर बरसात का पानी जमाव हैं तो कहीं बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील है। नई सड़के बनती है और एक साल में सड़क टूटना शुरू हो जाता है ' स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी ठीक-ठाक नहीं है। कहीं जल रहा है तो कहीं बुझा हुआ है ' निगम का चुनाव 5 वर्ष से अधिक हो गया हैं ।अविलंब झारखण्ड सरकार नगर निगम का चुनाव कराएं। विशिष्ट अतिथि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में खटकर खाने वाले मजदूर किसानों की हालत खस्ता है करोना काल में मजदूरों से प्रतिदिन कार्य लिया, जैसे ही बीमारी शिथिल हुआ। सभी मजदूरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। जबकि झारखंड सरकार का घोषणा है कि स्थानीय मजदूरों को 75% नियोजन या स्थानीय क्षेत्र के कार्य में मजदूरों से कार्य लिया जाए, लेकिन दुर्भाग्य हं.कि मजदूरों के साथ निगम एवं निगम के ठेकेदार सौतेला व्यवहार कर रहा है।



जन समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते मार्क्सवादी युवा मोर्चा के सदस्य।

### प्रदर्शन में थे शामिल

प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिप सदस्य बादल बाउरी, दिल मोहम्मद,सुबूर गोराई, ए एम पाल,शेख रहीम,मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, राजू महतो. हेमलता देवी, बिजली देवी, पार्वती चक्रवर्ती,सुरजीत चंद्रा, अशोक यादव, प्रिंस सिंह,याकूब अंसारी, निरंजन महतो, देवीलाल महतो, सुखलाल महतो, सुभाष महतो,भगत राम महतो, मोहम्मद अख्तर, कारू यादव, सुरेश दास,शीतल दत्ता, भूषण महतो, अखिलेश महतो, दिनेश महतो, रामप्रवेश यादव, हरे मुरारी महतो, वीरेन गोराई, मोतीलाल हेंब्रम, रंजीत यादव, मुकेश महतो, हीरालाल महतो, संतोष रवानी, सुनील महतो, देवाशीष पांडे, कृष्णा दा, चेतू महतो, अजय महतो, भक्तों महतो, रामप्रकाश महतो, मंगल महतो, सीमा देवी, शष्टि महतो, विकास साव, हिमांशु मंडल, काशीनाथ मंडल, अरविंद तिवारी, प्रभास पाल, गुरुपद कुंभकार, शंकर प्रमाणिक,चंदन भूमिहार, कृष्ण कुमार उर्फ लल्ला,अमन चौहान आदि शामिल थे ।

### कचरे के ढेर पर है पूरा नगर निगम क्षेत्र

पूरा निगम क्षेत्र कूड़े कचरे का ढेर में बैठा है। नालियों में ब्लीचिंग पाउडर आदि मच्छर मारने की दवा का छिड़काव नहीं होने के कारण लोग बीमारी से ग्रसित हैं। गरीब तबके के लोग समय से पहले काल के गाल में समा रहे हैं।मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अधिकांश वार्डो में सड़कों को काटकर पाइपलाइन बिछाई है परंतु खोदे गड्ढे का कचरा सड़कों पर फैली हुई है ' पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो गया है।निगम क्षेत्र में ठेकेदार बम बम आम जनता त्राहिमाम है। कागज में योजनाएं बनती है। धरातल में नजर नहीं आ रहा है। निगम क्षेत्र में व्यवसायियों का ट्रेड लाइसेंस रिनुअल कराने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आम जनताओ को काफी परेशानी हो रही है। किसानों को खाद बीज से वंचित होना पड़ रहा है। बी सी सी एल निगम क्षेत्र में मनमानी कर रहा है। रैयतों का हक अधिकार को छिना जा रहा है। यह घेराव – प्रदर्शन आम जनताओं का आक्रोश है।

## स्पीड न्यूज

### सिंदरी में मिला 60 वर्षीया अज्ञात महिला का शव

**सिंदरी।** एफसीआइएल हर्ल मुख्य द्वार और पीडीआइएल सिंदरी मुख्य द्वार के बीच स्थित बीस सूत्री जंगल में लगभग 60 वर्षीय अज्ञात महिला का शव सिंदरी पुलिस ने सोमवार को शाम चार बजे बरामद किया। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। शव के उपर लाल और हरे रंग की साड़ी ओढ़ाया गया है। स्थानीय युवक खेलने के लिए बगल के मैदान में जा रहे थे। तभी उन्होंने उक्त महिला का शव देखकर सिंदरी पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर पहुँची सिंदरी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और जानकारी प्राप्त कर रही है। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**धनबाद।** बैंक मोड़ चौराहा स्थित शिव –हनुमान मंदिर में झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति कि बैठक पारस नाथ शर्मा कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में धूमधाम से कृष्णा जन्मआष्टमी एवं विश्वकर्मा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित धनबाद प्रखंड अध्यक्ष विजय शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देने की घोषणा की।बैठक में सर्वसमति से पूजा कमिटी का गठन किया गया। पूजा कमिटी के अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा, सचिव सत्येंद्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष मुंगेश्वर शर्मा बनाये गए। बैठक में मुख्य रूप से पारसनाथ शर्मा, भगवान दास शर्मा, विजय शर्मा, लक्मण शर्मा सहित दर्जनों सामाजिक बंधु उपस्थित हुए।

### नामांकन को लेकर आइसा ने बीबीएमकेयू को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** बीबीएमकेयू के अंगिभुत कॉलेजों मे ग्यारवीं कि नामांकन नही किया जा रहा है धनबाद व बोकारो मे +2 विद्यालय कि संख्या इतनी नही है कि सभी छात्रो का नामांकन हो सके। पुरे झारखंड मे नामांकन प्रक्रिया चालु है नामांकन भी हो रहा है जबकि बीबीएमकेयू इस और कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे इन दोनो जिलो के छात्रों को काफी परेशानी हो रही है आइसा कि टीम मैं बीबीएमके यू को इस संबंध में ज्ञापन दिया है और इस और ध्यान आकृष्ट कराने कि कोशिश कि है। आइसा के प्रतिनिधि ने बताया कि आइसा मांग करती है कि धनबाद व बोकारो मे जल्द से जल्द सभी अंगिभुत कॉलेज मे नामांकन प्रक्रिया शुरू करवाए अन्यथा आइसा प्रदर्शन को बाध्य होगी। मौके पर आइसा राज्य सह –सचिव अजरानी निशानी, जिला सचिव ज्ञानोदय गोर्कि, वीर भगत गोविंदपुरी, रोहित रजवार, रविंदर, दिपक आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### हिडेन पार्क में बिस्को सावन महोत्सव



बोकारो के हिडेन पार्क में सावन महोत्सव में शामिल प्रतिभागी।

**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोट्र्स एंड कल्चरल ऑगेर्नाइजेशन चास.बोकारो द्वारा बोकारो स्थित हिडेन पार्क में आयोजित सावन महोत्सव में बिस्को के महासचिव राघव कुमार सिंह ने कहा कि सावन शिव जी का माह हैए महिलाओं का शिव जी में अटूट विश्वास भी रहता हैए इसलिए सावन महोत्सव का आयोजन महिलाओं के लिए विशेष है। इस अवसर पर 100 से अधिक महिलाएं सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में बिस्कों के उपाध्यक्ष मनोज कुमारए महासचिव राघव कुमार सिंहए उप महासचिव रामाशीष सिंहए राजेश श्रीवास्तवए सांस्कृतिक सचिव सरिता कुमारीए मनोरंजन कुमारए अवधेश प्रसादए प्रशांत कुमार वर्णवालए अरुण कुमारए अवधेश कुमारए मानिक दासए विनय कुमारए सुनीता राय एवं चंद्रावती मुर्मू उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर में सावन उत्सव का आयोजन



**चिरकुंडा।** सूर्योदय सेवा समिति द्वारा चिरकुंडा उपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बर्नपुर से आए पप्पू मिश्रा के भजनों पर लोग रात भर झूमते रहे। उन्होने भोले ओ भोले..., मोर भंगिया के मनाई दे हो भोलेनाथ... और अंडाल से आई सुरभि सिंह के भजनों पर भी लोग झूमने पर मजबूर हो गए।उन्होने अब हमसे ना भंगिया पिसाई ए गणेश के पापा... आदि भजन गाए। कोलकाता से आए कृष्ण और राधिका नृत्य नाटिका ग्रुप के कलाकारों द्वारा भी भोलेनाथ और भारत माता पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, निवर्तमान अध्यक्ष डबलू बाउरी, सुनीता सिंह,नैना शर्मा,पवन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में गौरीशंकर क्लब चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अतिथियों के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

**धनबाद।** रविवार रात्रि डी.एफ.सी. क्लब हीरापुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नॉकआउट फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गौरी शंकर क्लब बरवाअड्डा ने एसवाईएफसी फुटबॉल टीम दामोदरपुर को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। मैच के सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच देखने के लिए शामिल मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर ने स्थानीय खिलाड़ियों का खेल देखकर काफी प्रशंसा की और विजेताओं को कप और निर्धारित पुरस्कार राशि दिए। पुरुष प्रथम पुरस्कार में 15, 000 रुपए,द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3,000 रुपए आयोजक द्वारा निर्धारित किए गए थे। मौके पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा धनबाद में फुटबॉल खेल की काफी लोकप्रियता है, जरूरत है इस खेल को गति देने की। यहां के खिलाड़ियों में जोश और जुनून देखकर एक खेल अकादमी की स्थापना महत्वपूर्ण हो गई है। टूनामेंट के अतिथि अंकेश राज उर्फ पप्पू साव, रुपेश सिन्हा, पप्पू सिंह, मुख्य आयोजक कर्ता विकास साव,रूपा सिंह,उर्मिला देवी, तारक नाथ दास,वरिष्ठ अधिवक्ता, सुबोध कुमार आदि करीब हजारों की संख्या में दर्शक इस रोचक मैच को देखने के लिए उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का स्वागत समारोह

**धनबाद।** सोमवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा झारखंड प्रदेश के नव चयनित प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रदेश महामंत्री मदन कुमार एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष दिलीप साव, प्रदेश युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय गोरी, प्रदेश युवा सचिव राजकिशोर महतो का साहू धर्मशाला में भव्य स्वागत किया गया एवं नव चयनित प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने तीन पदाधिकारी को चिट्ठी देकर के पद का घोषणा की है जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार अंकेश राज उर्फ पप्पू साह प्रदेश उपाध्यक्ष, बलदेव महतो एवं जिला अध्यक्ष जगदीश साव को मनोनीत किया गया। संचालन विकास साव ने किया तथा अध्यक्षता जगदीश साव ने किया। मौके पर धर्मशाला अध्यक्ष एवं तेलिक साहू महा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास मौजूद थे।

### चोरी का स्क्रेप नदी किनारे से बरामद

**बेरमो/कथारा।** कथारा ओपी थाना के ए एस आई के एन पाठक के द्वारा दी गई गुप्त सूचना के आधार पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के सुरक्षा पदाधिकारी सुनिल कुमार गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने सुरक्षा कर्मियों को आदेश दिया कि स्थानीय सीपीपी प्लांट से चोरी किया गया स्क्रेप नदी किनारे छुपाने अथवा ले जाने के लिए चोरों के द्वारा रखा गया है। उसे यथाशीघ्र बरामद करना है। उसी क्रम में उक्त स्क्रेप को ट्रैक्टर पर लदा हुआ पाया गया। जिसे फिलहाल कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के परिसर में बरामद कर रखा गया है। वहीं दूसरी तरफ कथारा वाशरी रिजेक्ट कोल स्टोक के बगल में नाला मे छुपाकर रखा गया नन सर्विसेबल रोटेर को बरामद किया गया।

# बेरमो में मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो कोलियरी विस्तार को लेकर कारो बस्ती शिफ्टिंग की प्रकिया शुरू हो गई है। सोमवार को करगली स्लेरी प्वाइंट शक्ति के परिसर में सोमवार को शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन का आयोजन मे शामिल हुए। इस अवसर पर पंडित अनिल पांडेय और नित्यानंद पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव मंदिर निर्माण के लिए पूरे विधि.विधान के साथ भूमिपूजन का कार्य श्रद्धापूर्वक सम्पादित किया गया।जजमान के रूप मे संजय भोक्ता सह पत्नी सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए। इसी के साथ ही बस्ती की शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जीएम एम के राव ने कहा कि कारो परियोजना पर ही बीएंडके प्रक्षेत्र का भविष्य निर्भर है। इसलिए उसका विस्तार करने में कारो बस्ती के लोग सहयोग करें। कहा कि रैयतों व विस्थापितों को उसके अधिकार से वंचित नही किया जायेगा। कहा कि विस्थापितो को पुनर्वास स्थल पर बसाने के लिए सीसीएल के द्वारा 6540 करोड रुपए खर्च कर रही है।

### मंदिर परिसर में बनेगा सामुदायिक भवन

विस्थापितों को बिजली.पानी सामुदायिक भवनए सड़कए मंदिरए खेल मैदानए तलाबए सोलर लाइटए बाउंड्री वालए विवाह मंडप आदि का निर्माण कराया जाएगा। कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा विस्थापितों को स्थानांतरण के नाम पर विस्थापित परिवार के सदस्य को 6 लाख रुपए या 5 डिसमिल जमीन देने का प्रावधान है। जो जमीन लेना चाहते हैं उन्हें जमीन दी जाएगी। जो जमीन नहीं लेना चाहते हैं उसके एवज में 6 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। बीएडके प्रक्षेत्र अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों की हुई कैरियर काउंसेलिंग

बोकारो। विद्यार्थियों को 12वीं के बाद उच्चतर शिक्षा के विभिन्न आयामों की जानकारी देने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में आयोजित कैरियर मेला का उद्घाटन डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवारए विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉण सोमेश विनायक तिवारीए डॉ पूजा राजए डॉ सायंती अधिकारीए डॉ ए विजयानंद आदि ने संयुक्त रूप से किया। उच्चतर शिक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न नामचीन विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने यहां उपलब्ध पाठ्यक्रमों तथा उनसे संबंधित अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्आई एजुकेशनलाइजश नामक संगठन के सहयोग से आयोजित इस शैक्षणिक मेले में एक ही छत के नीचे छात्र.छात्राओं को 12वीं के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कैरियर की जानकारी दी गई।

# न्यू एंजेल्स होम स्कूल के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** डिगवाडीह माझी बस्ती स्थित न्यू एंजेल्स होम स्कूल में सोमवार को स्कूल के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण देने के लिए कोलकाता से आये रिसोर्स पर्सन संदीप कुमार दे ने छात्रों और शिक्षकों के बीच कैसे समन्वय स्थापित हो और छात्र किस तरह से शिक्षा प्राप्त करें इस विषय पर खास तौर पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई सवालों के जवाब भी लिया गया जो शिक्षक और छात्र के बीच शिक्षा ग्रहण करने के दौरान लिया जाता है। कार्यक्रम से पहले न्यू एंजेल्स होम स्कूल के संस्थापक सह प्राचार्य स्वर्गीय एम.एस. अख्तर की तस्वीर पर शिक्षकों ने माल्यर्पण किया गया।

### संस्थापक के बताये मार्ग पर चलना हमारा कर्तव्य

मौके पर स्कूल के निर्देशक परवेज अख्तर व प्राचार्य आफताब आलम ने बताया कि जिस पेड़ को आज स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय एमएस अख्तर ने लगाया है उस पेड़ को सींचना हम लोगों का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर लगाने का उद्देश्य और निर्णय एमएस अख्तर के द्वारा ही लिया गया था। अनुभवी शिक्षकों से अपने स्कूल के शिक्षक का प्रशिक्षण दिलाकर एक अच्छी शिक्षा का गुण प्राप्त कर छात्रों को शिक्षा देने का काम करेंगे न्यू एंजेल्स होम स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि आज हम लोगों को प्राचार्य एमएस अख्तर की कमी काफी खल रही है मगर उनका जो सपना था वह पूरा करने के लिए हमारा स्कूल प्रबंधन और सभी शिक्षक जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं।

# नई प्रक्रिया में लीज राशि और रेंट तय नहीं : देवदास

### छोटा डोमगढ़ तक 304 एकड़ भूमि सेल को मिली मनोहरटांड़ होगा ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत के स्वतंत्रता दिवस के सिंदरीवासियों को लीज के ऐलान के अनुसार सिंदरी प्रबंधन ने एक्शप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट के लिए निःशुल्क आवेदन पत्र सोमवार से कार्यालय से बाँटना शुरू कर दिया है। इसपर नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से सिंदरी में उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए एफसीआइएल सिंदरी संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आवेदन पत्र में दिए एफसीआइएल मैनेजमेंट पॉलिसी अभी तय नहीं है। उन्होंने बताया कि सोमवार से सिंदरीवासियों ने आवेदन देना शुरू भी कर दिया है। आवेदनों को इकठ्ठा और स्क्रूटनी कर एक साथ दिल्ली मुख्यालय भेजा जाएगा। दिल्ली मुख्यालय इसपर लीज की राशि और किराया तय करेगी। हालांकि रेट वाणिज्यिक होना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाड़ा और लीज की राशि अभी तय नहीं है, लेकिन एफसीआइएल के वीएसएस कर्मियों के आवास मानदंडों से यह पॉलिसी अलग होगी। सितंबर 2002 में वीएसएस कर्मचारियों के लिए आवास पॉलिसी सर्कुलर जारी किया गया था। इसलिए उसे ही आधार माना जा रहा है। रोहड़ाबाँध के कुछ आवासों, शहरपुरा और राँगामाटी क्षेत्रों से आवेदन पत्र में लाभुकों को सितंबर 2002 से भाड़ा देने के लिए लिखित तौर पर लिया जा रहा है। लाभुकों द्वारा प्राप्त कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश एफसीआइएल मुख्यालय तय करेगा। संपदा अधिकारी ने बताया कि एनएसी शहरपुरा बाजार और जयहिंद मोड़ के प्राइवेट आवासों को धनबाद नगर निगम से एफसीआइएल टेक ओवर कर भाड़ा वसूलेगी।

### सेल चासनाला को 2018 में मिली है 304 एकड़ भूमि

संपदा अधिकारी ने बताया कि सेल टासरा ओबी डंप से लेकर छोटा डोमगढ़ तक की कुल 304 एकड़ भूमि सेल चासनाला को कोयला खनन के लिए दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और सेल के बीच हुए एमओयू के अनुसार 60 एकड़, 110 एकड़ और 134 एकड़ भूमि तीन चरणों में दिया जाएगा। इसके लिए सेल चासनाला कुछ दिनों में 60 एकड़ भूमि की लीज राशि एफसीआइएल के पास जमा करेगी। माइनिंग ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट के तहत एक सितंबर 2023 से सेल और इसके संवेदक इसे धरातल पर उतार देंगे। उन्होंने डोमगढ़ के लगभग 40 लीजधारकों को विस्थापित करने की बात कही है। डोमगढ़ में रह रहे निगम कर्मियों के आवास की व्यवस्था धनबाद नगर निगम को करना है। शेष डोमगढ़ वासियों सहित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को भी हटाया जाएगा। बताते चलें कि डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के तहत डोमगढ़वासियों ने आवासों को बचाने के लिए रविवार को मुहिम छेड़ दी है।


**cmpdi** A Mini Ratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिज़ाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोण्डवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई–मेलः eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–**
**RCD/RANCHI(GRAMIN)- 01/2023-24 Dt. 19.08.2023**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 28.08.2023 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.08.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.08.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिल्ली–टीकर–रंगामाटी पथ के प्रथम कि0मी0 में नवनिर्मित ROB में सर्विस रोड, रोड कर्ब एवं नाला निर्माण | 5000000.00 | 100000.00 | 5000 | 1.5 माह |
| 2 | तैमारा घाटी–दशम फॉल पथ के कि0मी0 0.00 से 10.00 तक साधारण मरम्मति कार्य। | 5000000.00 | 100000.00 | 5000 | 1.5 माह |
| 3 | जोन्हा–पुरबडीह पथ के कि0मी0 24.00 से 28.00 तक साधारण मरम्मति कार्य। | 2000000.00 | 40000.00 | 5000 | 1.5 माह |
| 4 | मुरी–स्टेशन पथ में साधारण मरम्मति कार्य। | 1000000.00 | 20000.00 | 1250 | 1 माह |
| 5 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया मिसिंग लिंक पथ में गार्डवाल निर्माण। | 2000000.00 | 40000.00 | 5000 | 1.5 माह |
| 6 | प्रमंडलीय कार्यालय का मरम्मति एवं परिसर में पेभर ब्लॉक लगाने का कार्य । (चाहरदीवार का मरम्मति सहित) | 2500000.00 | 50000.00 | 5000 | 2 माह |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 305129 Road(23-24).D



**जिला स्वास्थ्य समिति, राँची**
**सदर अस्पताल परिसर, राँची**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए Part-Time चिकित्सकों को सूचीवद्ध करने हेतु Walk In Interview हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्याः– 02/2023 साक्षात्कार की तिथि 01.09.23

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राँची के लिए 02–Part Time चिकित्सकों की आवश्यकता है। चिकित्सकों को सूचीवद्ध करने हेतु Walk In Interview दिनांक 01.09.23 को अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय निर्धारित की जाती है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राँची के लिए Part-Time चिकित्सको की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता निम्नांकित है :–

| कम | विवरणी | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु आवश्यक अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल का उंसिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम0बी0बी0एस0 की डिग्री। |
| 2 | आवेदन हेतु उम्र सीमा | अधिकतम 65 वर्ष। |
| 3 | सेवा की अवधि | अधिकतम 67 वर्ष की आयु तक। |
| 4 | मानदेय | रू 35000 प्रतिमाह |
| 5 | कार्यावधि | प्रातः 9 बजे से 01 बजे तक एवं रविवार को अवकाश देय है। अवश्यकता अनुसार समय सारणी में बदलाव किया जा सकता है। |
| 6 | सूचीबद्ध किए गये चिकित्सकों के द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा | |

**नोट :– शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए सूचीबद्ध चिकित्सकों द्वारा किया जाने वाला कार्य :–**

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ0पी0डी0 का संचालन, गैर संचारी रोग का प्राथमिकी स्कीनिंग
3. अन्य सरकारी / गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
4. टीकाकरण सेवायें उपलब्ध कराना, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना
5. परिवार नियोजन–परामर्श एवं गर्भ निरोधक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना
6. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों / योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यकमों/योजनाओं का प्रतिवेदन ससमय निकटतम NHM/NUHM कार्यालय में उपलब्ध कराना
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यो का निष्पादन

उक्त चिकित्सकों के सूचीबद्ध करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण राँची जिला के बेवसाईट www.ranchi.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति राँची के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, चिकित्सक पद पर सूचीबद्ध होने के लिए दिनांक 01.09.23 को कार्यावधि में शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के साथ Walk In Interview हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS राँची

PR 305159 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

# आरोग्य घोटाला

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं व कमियों का उजागर होना गंभीर मसला है। इससे जहां देश के करोड़ों लोगों के इलाज के लिये लायी गयी योजना की सार्थकता पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के दावे पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। वर्ष 2018 में जोर-शोर से लाई गई इस महत्वाकांक्षी जन स्वास्थ्य योजना को व्यापक पैमाने पर जनहित में बताया गया था। जिसका मकसद था कि देश के गरीब व कमजोर वर्गों को महंगे इलाज के खर्च से बचाना। पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसे करीब साढ़े तीन हजार कथित मरीजों के इलाज पर लगभग सात करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिन्हें योजना के डेटा बेस में पहले मृत दिखाया गया था। यह तथ्य भी कम चौंकाने वाला नहीं है कि योजना के तहत साढ़े सात लाख लाभार्थियों को एक ही मोबाइल नंबर से जोड़ा गया था। वहीं एक हजार दो सौ से अधिक लाभार्थियों को एक ही फर्जी आधार नंबर से जोड़ा गया। जाहिर है कई स्तर पर सुनियोजित तरीके से धांधली को अंजाम दिया गया। अन्यथा धांधली का स्तर इतना व्यापक नहीं हो सकता था। संसद में कैग की रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद सरकार ने लोकसभा को सूचित किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण यानी एनएचए द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने तथा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण देश के 210 अस्पतालों को योजना के पैनल से हटा दिया गया। साथ ही 188 अन्य अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित कर दिये गये। जनविश्वास की प्रतीक इस जन स्वास्थ्य योजना में बड़ी धांधली की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए।

# एक्सप्रेसवे घपला?

सीएजी ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रेसवे पहले हरियाणा सरकार की परियोजना थी, जिसके लिए उसने 150 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए जमीन का अधिग्रहण भी कर लिया था। लेकिन जब राज्य सरकार की तरफ से परियोजना आगे नहीं बढ़ी तब आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने इसे केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत लाने के अनुमति दे दी। इसके बाद हरियाणा सरकार ने केंद्रीय सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय को इसके लिए 90 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए जमीन निशुल्क भी दे दी। सीएजी के मुताबिक 14 लेनों का राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के लिए सिर्फ 70-75 मीटर चौड़ी सड़क की जरूरत थी, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कुछ अलग ही काम कर दिया। सीएजी का कहना है कि एनएचएआई ने बिना कोई कारण दर्ज किये परियोजना के हरियाणा वाले हिस्से में एलिवेटेड सड़क बनाने की योजना बना ली, जिससे कुल लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर से बढ़ कर 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर हो गई। सीएजी के मुताबिक एनएचएआई को ऐसा नहीं करना चाहिए था।

सीएजी एक संवैधानिक संस्था हैजिसकी रिपोर्टें संसद में पेश की जाती हैं. उसके बाद संसद की पब्लिक एकाउंट्स कमिटी (पीएसी) इन रिपोर्टों का अध्ययन करती है और अपनी सिफारिशें सरकार को देती है।

मंत्री नितिन गडकरी ने आजतक टीवी चैनल को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने इस परियोजना की लागत को बढ़ाने की जगह 12 प्रतिशत घटाया है। यह भी कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 563 किलोमीटर है, ना कि 56 किलोमीटर जैसा की सीएजी ने समझ लिया। लेकिन विपक्षी पार्टियों ने सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर नरेंद्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

# यूपी का तेज विकास किसी चमत्कार से कम नहीं





-आरके सिन्हा

> आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य,शिक्षा , कुपोषण, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पहले के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया

आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात में कभी भी जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा। नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29.64%), गोंडा (29.55%),बलरामपुर (27.9%), कौशांबी (25.75%),लखीमपुर खीरी (25.33%), श्रावस्ती (24.42%), जौनपुर ( 26.65%), बस्ती (23.36%),गाजीपुर (22.83%), कुशीनगर (22.28%),और चित्रकूट (21.40%) हैं। जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बताएंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत खराब थी। इसलिए यदि भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है।

बीमारू (हिंदी में बीमार) शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य,शिक्षा , कुपोषण, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पहले के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है। यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13.5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3.43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह एक चौंका देने वाली संख्या है।

36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है। गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं।

सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40%से घटकर 2019-21 में 18.45%रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81%से गिरकर 2019-21 में 2.20%हो गई है।

राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20% से घटकर 2019-21में 15.97% हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24% के मुकाबले 2019-21 में 17.95% था।

इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2.09%के मुकाबले 2019-21 में 0.93% हो गई। इसमें कोई दोराय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछड़े यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। लेकिन , पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा था। उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला।

## खास बात

# काला धन

**नागेन्द्र सिंह**

**भारतीयों** का निजी एवं कंपनियों का धन स्विस बैंकों में साल 2020 में बढ़कर करीब 20,700 करोड़ रुपये हो गया है। यह धन स्विस बैंकों की भारतीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिये पहुंचाया गया। स्विस नेशनल बैंक के अनुसार यह धन 2019 की तुलना में 3.12 गुना ज्यादा है। जब देश कोरोना की महामारी से जूझ रहा था, तब भारतीय अवैध धन के जमाखोर बेशर्मी से स्विस बैंकों में धन जमा करने में लगे थे। भारतीय ग्राहकों का सकल कोष 2019 में 6,625 करोड़ रुपये था, जो एक वर्ष में बढ़कर 14,075 करोड़ रुपये हो गया। 13 वर्ष में यह सार्वाधिक बढ़ोत्तरी है। कालेधन की महिमा अपरम्पार है। इसे देश में ही रोकने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने कई नए कानून बनाए लेकिन नतीजा सिफर रहा। यह देश की कानून और अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का सबब है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी सालाना रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक भारतीयों का निजी एवं कंपनियों का धन स्विस बैंकों में साल 2020 में बढ़कर करीब 20,700 करोड़ रुपये हो गया है। यह धन स्विस बैंकों की भारतीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिये पहुंचाया गया। स्विस नेशनल बैंक के अनुसार यह धन 2019 की तुलना में 3.12 गुना ज्यादा है।

जब देश कोरोना की महामारी से जूझ रहा था, तब भारतीय अवैध धन के जमाखोर बेशर्मी से स्विस बैंकों में धन जमा करने में लगे थे। भारतीय ग्राहकों का सकल कोष 2019 में 6,625 करोड़ रुपये था, जो एक वर्ष में बढ़कर 14,075 करोड़ रुपये हो गया। 13 वर्ष में यह सार्वाधिक बढ़ोत्तरी है। आंकड़ों से साफ है, नए कानूनों का कोई असर नहीं पड़ा। इन बैंकों में केवल भारत का ही कालाधन जमा हो ऐसा नहीं है। यूरोपीय देशों का भी धन जमा है। इस मामले में ब्रिटेन अव्वल है। ब्रिटेन के नागरिकों का 377 अरब स्विस फ्रैंक, अमेरिका के 152 अरब फ्रैंक जमा हैं। शीर्ष 10 अन्य देशों में वेस्टइंडीज, फ्रांस, हांगकांग, जर्मनी, सिंगापुर, लक्जबर्ग, आइलैंड व बहामास शामिल हैं। कालाधन मामले में भारत 51 वें स्थान पर है।

# बुद्धिमता

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**नवयुग** के आगमन की संभावना स्पष्ट है। आगामी विश्वव्यापी उथल-पुथल, समग्रक्रांति की पूर्व सूचना है। अच्छा हो ईश्वर की इच्छा में अपनी इच्छा मिलाकर हम चलें। आँधी-तूफान से टकराने की अपेक्षा समय रहते अपने को झुका लें। जो अवश्यंभावी है, जो उचित है, उसके अनुकूल चलना ही ठीक है।

स्वयं तो हम बदलें ही, दूसरे उन सबको भी बदलने की प्रेरणा दें, जिनको वस्तुतः प्यार करते हैं और हित चाहते हैं। स्त्री, पुत्र, भाई, भतीजे, कुटुंबी, संबंधी, मित्र, परिजन सभी को इस प्रकार की प्रेरणा करें कि सभी अपनी रीति-नीति बदलें, सुधारें। यह कर्त्तव्य हमें इन दिनों अधिक तत्परतापूर्वक पालन करना चाहिए, क्योंकि महाकाल की भावी दंड व्यवस्था अंधाधुंध नहीं सप्रयोजन है। यदि लोग बदल जाते हैं, सुधर जाते हैं तो उस क्रूर कर्म की विशेष आवश्यकता न.रह जाएगी। हमारा परिवर्तन भावी आपत्तियों को टाल सकने या घटा सकने में समर्थ हो सकता है। विश्वमानव की आज सबसे बड़ी सेवा यही हो सकती कि हम जनसाधारण को दुर्बुद्धि त्यागने और सन्मार्ग पर चलने के लिए रजामंद करने का प्रयत्न करें। युग निर्माण योजना एक ऐसा ही व्यापक कार्यक्रम है।

महाकाल की इच्छा भी पूरी हो जाय और हम काल दंड के प्रहारों से बच भी जाये। इसका कोई उपाय हो सकता है तो वह युग निर्माण योजना के क्रिया कलापों के माध्यम से जनमानस में अभीष्ट परिवर्तन प्रस्तुत कर देना ही होगा ।

ये वामी रोचने दिवो ये वा सूर्यस्य रश्मिषु।
येषामपसु सदस्कृतं तेभ्यः सर्वेभ्योः नमः।।

सभी राज्यवासियों को नाग पंचमी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**–सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

जी 20 डिजिटल अर्थव्यवस्था की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने बेंगलुरु पहुंचे जर्मनी के संघीय डिजिटल और परिवहन मंत्री भारत में यूपीए के जरिए सुलभ डिजिटल भुगतान प्रणाली से बेहद प्रभावित हुए।

**– अन्नपूर्णा देवी**





**हमारे** लोकतंत्र में अपने मत और विचार को रखने की पूरी छूट है। इस माध्यम से अपने विचार एक दूसरे से साक्षा कर सकते हैं। कश्मीर के युवाओं औरलोगों का ख्याल रखकर वहां के नेताओं से सकरात्मक संवाद जारी रखने की अपील की। **– नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

पर्यावरण का दुष्प्रभाव ...



साभार कॉर्टून मूववेंट

# अर्थव्यवस्था में डगमगाते चीन की फिर कोई चालाकी तो नहीं ?

**ऋतुपर्ण दवे**

दुनिया के पास अब तमाम वो कारण हैं जिससे यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बार फिर बहुत बुरे दौर में है। कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रृंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमा पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी?

अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पिछले साल के आंकड़े ही सारी कहानी बयां करते हैं। आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बाद पहली बार घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी। परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप

## संवाद

जनरलों को सफाई का मौका दिए बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया। इसे क्या समझा जाए कि बर्खास्त सैन्य जनरलों की जगह कम अनुभव वाले अधिकारियों को बिठाना भ्रष्टाचार से लड़ने की मजबूरी है या वजह सत्ता में बने रहने की जिद? पूरी दुनिया को पता है कि वहां की स्थानीय सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हैं, भ्रष्टाचार रोकने के लिए रेगुलेटर कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिशें जोरों पर हैं। वहां युवाओं में बेरोजगारी भी अपने रिकॉर्ड स्तर पर है।

अर्थजगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे हालात थोड़े और समय तक रहे तो चीन के आर्थिक विकास की दर और नीचे जा सकती है। चूंकि वहां खर्चों में पहले ही लगाम लगी है ऐसे में उत्पादन और घटा तो बेरोजगारी अपने चरम पर होगी। मामला केवल सप्लाई और डिमांड तक होता तो भी बात समझ आती। मौजूदा आर्थिक हालात इसी से समझ आते हैं कि चीनी रीयल एस्टेट कारोबार भी जबरदस्त मुश्किलों से घिरा है। सबसे बड़ी रीयल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड लगभग दिवालिया हो चुकी है। सरकार इसे ऑक्सीजन देकर किसी तरह जिन्दा रखे है और कोशिशें हैं कि फिर उठ खड़ी हो।

यदि आईएमएफ के आंकड़ों को देखें तो कहानी साफ है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की रफ्तार में थी जो 2022 में 3 प्रतिशत पर आ टिकी।अब 2023 में यह 5.2 प्रतिशत तक बढ़ना अनुमानित है। बावजूद इसके चीन अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने खातिर कोई कदम उठाता नहीं दिखता। निश्चित रूप से 18 ट्रिलियन डॉलर की चीनी अर्थव्यवस्था अभी काफी सुस्त है। इसे परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स8 यानी पीएमआई से भी समझना होगा जो एक मिश्रित सूचकांक होता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का आकलन होता है।

इसमें विभिन्न कारोबारों से जुटे प्रबंधकों की रायशुमारी तथा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अंकों से किसी भी कारोबारी गतिविधि का विस्तार और सफलता पता चलती है। आंकड़ों के लिहाज से 50 को आधार माना जाता है। जहां आंकड़े 50 से ऊपर होते हैं वहां मान लिया जाता है कि कारोबार विस्तार की ओर है।

## लेटर टू एडीटर

### सख्त हो आयोग

**पांच** साल बाद होने वाले चुनाव में हर बार नया घोषणा पत्र और नये वादे लेकर नेता लोग जनता के बीच में आते हैं। चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा इतने सारे झूठे और खोखले वादे किए जाते हैं शायद दूसरे देशों के लोग इस पर हंसते होंगे कि यह कैसा प्रजातंत्र विकसित कर लिया है, जहां केवल थोथे नारे लगाने वालों की बात को ही सुना जा रहा है। **– श्याम, रांची**

### विदेश का आर्कषण

**जीवनस्तर** में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं कि इकलौती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। इनमें से अधिकांश का प्रयास यह होता है कि पारिवारिक संपत्ति को बेच कर चले जाएं और फिर वहीं के होकर रह जाएं।

**– डॉ रमेश,हजारीबाग**

# ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं?

**लोकेन्द्र सिंह**

**भारत** के कुछ मीडिया संस्थानों को लेकर सामान्य नागरिकों के मन में अकसर प्रश्न उठते हैं कि उनके समाचारों एवं विचारों में भारत विरोध की बू क्यों आती है? ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर अमेरिकी समाचारपत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट से मिलते हैं। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन दुनियाभर में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को पैसे देकर अपनी छवि चमकाने और दूसरे देशों के खिलाफ दुष्प्रचार को अंजाम दे रहा है। चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन के दलाल नेविल ने कम्युनिस्ट खेमे की वेबसाइट 'न्यूज क्लिक' को करोड़ों रुपये की फंडिंग की है।

एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गए। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे। आज जब भारत तेजी से विश्वपटल पर प्रभावशाली भूमिका को प्राप्त कर रहा है, तब कम्युनिस्ट मीडिया चीन के इशारे पर भारत की छवि को खराब करने के व्यभिचार में शामिल हो गया है। किसी कठपुतली की भांति भारत में सक्रिय कम्युनिस्ट मीडिया अपने आका चीन की अंगुलियों के इशारे पर नाच रहा है। असली गोदी मीडिया तो यही है।

हैरानी की बात है कि अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में जब भी भारत विरोधी समाचार या लेख प्रकाशित होते हैं, तब समूचा प्रगतिशील खेमा एवं तथाकथित सेकुलर बिरादरी उनकी कतरनें किसी विजयी ध्वज की तरह लहराते हुए हो-हल्ला मचाते हैं। परंतु जब उसी समाचार पत्र ने एक खतरनाक सच को उजागर किया है, तब यह खेमा या तो चुप है या फिर मुंह भी खोल रहा है तो उस रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने के लिए। याद हो, वर्ष 2021 में ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आ गई थी कि 'न्यूज क्लिक' को जो विदेशी निवेश मिल रहा है, उसमें भारी अनियमितता है। उस समय भी चीनी दलाल नेविल रॉय सिंघम का नाम सामने आया था। उस समय न्यूज क्लिक के प्रधान संपादक और निदेशक प्रबीर पुरकायस्थ के कार्यालय और आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के दौरान माओवादी नवलखा और सीपीएम के आईटी सेल से जुड़े बप्पादित्य सिन्हा को भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। अब उन लोगों एवं राजनीतिक दलों का चरित्र भी देश की आम जनता को समझ आ रहा है, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 'न्यूज क्लिक' पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का विरोध किया था। स्मरण रहे कि कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कांग्रेस ने भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया था। वामपंथी मीडिया 'न्यूज क्लिक' का सच सामने आया है। हम प्रवर्तन निदेशालय की जांच-पड़ताल और अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का अध्ययन करें, तो दोनों में बहुत साम्य दिखाई देता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## एसडीपीओ को किया गया सम्मानित



**गुमला।** एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति के द्वारा वीरता पुरस्कार दिये जाने पर सोमवार को सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला के डायरेक्टर हेमंत कुमार, संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया, टीचर जासिंता बेक ने शाल, बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा कि एसडीपीओ का गुमला में शांति व्यवस्था बनाये रखने में बहुत बड़ा योगदान है। मौके पर स्कूल के संरक्षक सह अध्यक्ष लायंस क्लब गुमला शंकर लाल जाजोदिया ने एसडीपीओ को कुशल व्यक्ति बताया।

## महिला मोर्चा ने मनाया सावन महोत्सव



**गुमला।** भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष ललिता गुप्ता की अध्यक्षता में जयपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में सावन महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सर्वप्रथम हरे रंग का केक काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने हरे रंग की साड़ी एवं हरी चूड़ियां पहन कर सावन महोत्सव में अपनी सहभागिता निभायी। महिलाओं के बीच मेहंदी व डांस प्रतियोगिता हुई। जिसमें एसटी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य शकुंतला उरांव, जिला महामंत्री पायल तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नंदा (रोमा), सह मीडिया प्रभारी रेखा सिन्हा, नगर महामंत्री सोनी भगत, नगर उपाध्यक्ष विधा मिश्रा, रीना तिवारी, स्वधा रिमझिम आदि थीं।

## दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लाना मंच का उद्देश्य : जय प्रकाश शर्मा

**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा शाखा ने दिव्यांग जनों की सहायता हेतु जल्द एक निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर लगायेगा। प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में वैसे दिव्यांग भाई-बहन जिनके पैर और हाथ नहीं है और वे अपने दैनिक कार्य सही से नहीं कर पाते हैं उन्हें कृत्रिम हाथ पैर नि:शुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। सर्वप्रथम उनकी मापी ली जायेगी फिर अंग लगा कर प्रैक्टिस करायी जायेगी। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया और सचिव आशीष पोद्दार ने कहा कि जो भी इस शिविर का लाभ लेना चाहते हैं 25 सितंबर तक मंच के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

## 35 लाभुकों को मिला योजना का लाभ



**सेन्हा-लोहरदगा।** भड़गांव पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत 35 कार्डधारियों के बीच कैंप आयोजन कर धोती साड़ी व लूंगी बांटी गयी। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से सोना सोबरन योजना के तहत कैंप में 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, अफसर आलम तथा जनवितरण संचालकों ने 35 कार्डधारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और लूंगी का वितरण किया। श्री तिर्की ने बताया कि सरकार गरीब कार्डधारियों के लिए सोना सोबरन योजना के तहत 35 कार्डधारियों के बीच प्रति कार्डधारी से 10 रु लेकर धोती, साड़ी और लुंगी दिया गया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की के अलावे पीडीएस दुकान संचालक एवं लाभुक उपस्थित थे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अंबुज्या पांडेय, सरिता एक्का, एपीओ सह प्रभाग प्रभारी, उपस्थित मास्टर ट्रेनर दीनबंधु डे, जीतेंद्र मित्तल आदि ने प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण साझेदारी प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। मौके पर पिरामल के अभिषेक सिंह, खान जी और सिनी के तरुण कुमार ने भी सभी प्रशिक्षुओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से संबंधित जानकारी प्रोजेक्टर से दिया। मौके पर प्रखंड अधीन सभी बीपीओ बीआरपी, सीआरपी मौजूद रहे।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च



**गुमला।** 106 रैपिड एक्शन फोर्स व गुमला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शहर सहित विभिन्न प्रखंडों के संवेदनशील इलाकों में फेमिलाइजेसन के तहत फ्लैग मार्च निकाला गया। गुमला शहर में गुमला थाना परिसर से फ्लैग मार्च आरंभ हुआ जो थाना रोड से मेन रोड़, सिसई रोड, भट्ठी तालाब, आजाद बस्ती होते हुए गुमला शहर के विभिन्न मार्गों में घूमी। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए और आरपीएफ के द्वारा किए गए कार्यो को लोगों को जानाकरी दी गई। मौके पर मौजूद आरपीएफ के कमांडेट अभिषेक शंकर ने बताया कि हमारी टीम द्वारा दंगा वाले इलाकों में खास कर नजर रखी जाती है ताकि वहां कोई भी जान माल का नुकसान नहीं हो। मौके पर डिप्टी कमांडेट विवेक कुमार, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद कुमार ,सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार सहित जिला बल के जवान मौजूद थे।

# विशुनपुर के पाट क्षेत्रों के कई विद्यालयों की उपायुक्त ने जानी हकीकत

- स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर जनता दरबार का किया गया आयोजन
- नरमा, अमतीपानी, गुरदरी एवं चिरोडीह पंचायत के ग्रामों का किया दौरा
- स्कूल में बच्चों से बातचीत कर उन्हें दी जाने वाली सुविधाएं जानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्या सुनते उपायुक्त और ग्रामीण महिलाओं से बातचीत करते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी प्रशासनिक दल बल के साथ सोमवार को विशुनपुर प्रखंड स्थित पाट क्षेत्र नरमा पंचायत के जोभी पाठ, अमतीपानी पंचायत के चापाकोना, गुरदरी पंचायत के कुजाम नवाटोली एवं चिरोडीह पंचायत के चौरा पाट का दौरा किये। इस दौरान उक्त सभी पंचायतों में उनकी अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ जनता दरबार लगाया गया। जहा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्या के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्रामीणों ने गांव में होने वाली कई असुविधाओं से उपायुक्त को रूबरू कराया। जिसमें बिजली, पानी, राशन, पेंशन एवं आवास से जुड़ी समस्याएं देखने को मिली।

इस दौरान ग्रामीणों ने पुल बनाने की भी मांग की। वहीं शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा दुरुस्त करने का ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया। उक्त समस्याओं को देख उपायुक्त ने कहा कि वैसी समस्याएं जिसका जिला एवं प्रखंड स्तर पर समाधान किया जा सकता है, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। वहीं कुछ ऐसी समस्याएं जिसका समाधान राज्य स्तर पर किया जाना है। वैसी समस्याओं के निदान हेतु राज्य स्तर से पत्राचार करते हुए उसके लिए कार्य किया जायेगा। जनता दरबार के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्राम वासियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया एवं योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### आवासीय विद्यालयों का किया गया निरीक्षण

उपायुक्त ने अनुसूचित जन जाति आवासीय विद्यालय जोभा पाठ, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाकोना, अनुसूचित जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय चौरापाठ, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, कुजाम नवाटोली का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में जाकर वहां की भवनों की स्थिति, बच्चों की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, बिजली, पानी, शौचालय की सुविधा आदि जैसे सभी बिंदुओं की जांच की। विद्यालय में उपस्थित बच्चों से मुलाकात की एवं उनसे विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं एवं कमियों से अवगत हुए। उपायुक्त ने बच्चों के रीडिंग एवं लर्निंग स्किल्स की भी जांच की। आवासीय विद्यालयों के कमरों की व्यवस्था एवं विद्यालय भवनों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। पाट क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के मरम्मती का कार्य हिंडाल्को कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। उनके कार्यो की जांच कर उपायुक्त ने वहां कार्य कर रहे मजदूरों से भी बात चीत की एवं उन्हे दैनिक रूप से मिलने वाले श्रम दर के बारे में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कड़े रूप से कंपनी को निर्देशित करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा सभी श्रमिकों को न्यूनतम श्रमिक दर अवश्य दिया जाए अन्यथा कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में बच्चों के हाइट एवं वेट की जांच की गई। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात उपायुक्त ने विशुनपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छता एवं पेयजल विभाग अंतर्गत संचालित जल जीवन जीवन योजना के सभी पाट क्षेत्रों में पहुंच हो उसपर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर विशुनपुर स्थित सभी विद्यालयों में पानी एवं शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करने का खासा निर्देश दिया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, विशुनपुर बीडीओ, सीओ, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित हिंडाल्को कंपनी के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य संबंधितों की उपस्थिति रही।

# भूमि विवाद में डीड राइटर सुमन साहू के घर फायरिंग

## नकाबपोश दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, घटना सीसीटीवी में कैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित डीड राइटर सुमन साहू के आवास पर देर रात्रि अज्ञात नकाबपोश दो अपराधियों ने फायरिंग कर दिया फायरिंग में डीडराइटर सुमन साहू बाल बाल बच गये। हमलावरों ने दो गोली फायर किया जिसमे एक गोली दो मंजिला मकान के खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर दीवाल में जाकर फंसा। जबकि दूसरा गोली खिड़की के बगल में दीवाल में लगा। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुई घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से अपराधियों की खोजबीन कर रही है। घटना की सूचना पर मौके पर सदर थाना के पुलिस पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू किया।



गोली का निशान दिखाते हुए घर मालिक।

**मुख्य बातें :** सुमन साहू ने प्राथमिकी दर्ज कर चार पांच व्यक्तियों में संदेह भी व्यक्त किया है। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। घटना के पीछे भूमि विवाद माना जा रहा है इस संदर्भ में पीड़ित डीड राइटर सुमन साहू ने बताया कि देर रात भोजन कर अपने आवास के दूसरे मंजिल पर स्थित कमरा में सोने गया था। टॉयलेट जाने के लिए बेड से चप्पल पहनने के लिए जैसे ही वह झुका गोली खिड़की का शीशा तोड़ते हुए अंदर दीवार में जा घुसा। जबकि दूसरा गोली खिड़की के बगल के दीवाल में लगा। फायरिंग की घटना से सुमन साहू का परिवार दहशत में आ गया।

# सावन की सातवीं सोमवारी सह नाग पंचमी पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

- टांगीनाथ धाम व देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना को उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जलाभिषेक के लिए शिवालय में उमड़े शिवभक्त।

**गुमला।** सावन माह के सातवीं सोमवारी व नागपंचमी पर जिले के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। वहीं मंदिरों में दुग्धाभिषेक नागपंचमी के अवसर पर किया गया। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। कतारबद्ध तरीके से मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया और स्वयंभू भगवान भोलेनाथ को नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। छठवें सोमवारी पर टांगीनाथ धाम में छतीसगढ़ राज्य सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए लोहरदगा, गुमला सहित कई जिलों से लोग वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं। शिवलिंग में जलाभिषेक कर भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से मांगी।

## स्टेयरिंग समिति में शामिल होने पर दी गयी बधाई

**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्टेयरिंग समिति में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को शामिल किया है। जिसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में हर्ष है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि इसके लिए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बधाई के पात्र है। निश्चित दोनों अनुभवी व कर्मठ नेता है। दोनों के अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। हर्ष जताने वालों में महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, बैजनाथ उरांव व हिमेश कुमार है।

## देवस्थल में धूमधाम से मनाया जायेगा सावन व गणेश उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- देवस्थल प्रांगण में बैठक का किया गया आयोजन



**लोहरदगा।** शहर के किस्को मोड़ शांतिनगर स्थित देवस्थल प्रांगण में सावन महोत्सव व गणेश उत्सव को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता महिला समूह की पदाधिकारी ज्योति वर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 27 अगस्त 2023 को सावन महोत्सव कार्यक्रम महिलाओं एवं बच्चों के लिए आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, बच्चों का जलेबी रेस व अन्य शामिल हैं, आयोजित होंगे। श्रेष्ठतम प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किए जायेंगे। बैठक में आगामी 18 से 23 सितंबर को धूमधाम से गणेश उत्सव मनाने पर भी निर्णय लिये गये। गणेश उत्सव मनाने हेतु कार्य योजना भी बनाये गये। जिसमें सहयोग राशि संग्रह समिति का गठन, अतिथि निमंत्रण, पूजन व्यवस्था, पुरोहित, यजमान, विद्युत सज्जा एवं विधि व्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किये गये।

## मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंकने वाला गोलू गिरफ्तार, गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** टोटो स्थित मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंके जाने के मामले में गुमला पुलिस ने गड़ी मुहल्ला टोटो के राजदीप ठाकुर उर्फ गोलु (28) को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में सोमवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि 14 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली की टोटो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मांस का टुकड़ा फेंक दिया गया है। जिसे हिंदू वर्ग के लोग काफी आक्रोशित हो गये थे। इस संबंध में गुमला थाना में कांड दर्ज किया गया। जिसके बाद मामले के उदभेदन को लेकर एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के निरंतर प्रयास व गुप्तचरों के सहयोग से राजदीप कुमार ठाकुर को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में राजदीप ने घटना में अपना संलिप्तता स्वीकार की।

## व्यवसाय से जुड़कर लोग बेरोजगारी को मिटा सकते हैं : मनोज कुमार



**गुमला।** वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत जिला रोजगार सृजन केंद्र गुमला के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर डीएसपी रोड गुमला में विश्व उद्यमिता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग विभाग गुमला के मैनेजर श्री मनोज कुमार एवं श्री रघुवर सिंह ने बताया कि किसी को भी रोजगार करने के लिए प्रधान मंत्री रोजगार सृजन केन्द्र के द्वारा बीस से पचास लाख तक का सब्सीडी में लोन उपलब्ध कराया जाता है। जिससे लोग व्यवसाय से जुड़कर बेरोजगारी को मिटा सकते हैं। वनवासी कल्याण केंद्र के क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघव राणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के योजनानुसार लगभग 18-20 स्वयं सेवी संगठन देश भर में बेरोजगार युवक युवतियों को लघु उद्योग से जोड़कर रोजगार सृजन करने पर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से गुमला जिला में भी रोजगार सृजन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत लाह प्रोसेसिंग, इमली प्रोसेसिंग, महुवा लड्डू बनाना इत्यादि पर प्रशिक्षण देकर कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## मानदेय वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा ग्रेच्यूटी को ले प्रदर्शन की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 11 दिसंबर को दिल्ली में किया जायेगा विरोध प्रदर्शन
- आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रखंड कमेटी घाघरा की बैठक



**घाघरा।** पंचायत सचिवालय घाघरा के प्रांगण में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सावित्री देवी ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री रामचंद्र गोप ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों को पिछले 7 माह से केंद्र सरकार द्वारा मानदेय नहीं मिला है जो गलत है। उन्होंने कहा कि बाल विकास विभाग की लापरवाही देखते बनता है। कहीं गैस मिला तो चूल्हा नहीं और कहीं चूल्हा मिला तो गैस नहीं और गैस खत्म हो गया तो रिफलिंग को अपना राशि लगाना पड़ता है। बाद में 6 माह बाद उसका भुगतान किया जाता है।

## दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन

**चैनपुर।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत सोमवार को लुथेरान उच्च विद्यालय चैनपुर में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य चैनपुर ने उद्घाटन किया। शिविर में 40 बच्चों का जांच किया गया तथा 14 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, एमएसआईडी कीट आदि का वितरण किया गया। बच्चों को बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा कीट प्रदान किया गया।

## दतरी में अंतिम संस्कार को लेकर दो गांव के बीच तनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सूचना पर सीओ, पुलिस व जनप्रतिनिधि पहुंच ग्रामीणों के बीच कराया समझौता, इसके बाद अंतिम संस्कार



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही में दो परिवार के सदस्य की मौत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए बरही के ग्रामीण व मृतक के परिजन शव को लेकर कोयल नदी दतरी जा रहे थे। तभी दतरी के नौजवान एवं ग्रामीणों ने शव यात्रा रोकते हुए अंतिम संस्कार पर रोक लगा दी। 5 घंटे बीतने के बाद सीओ विजय कुमार, एसआई गणेश यादव एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की पहल पर समझौता के बाद अंतिम संस्कार हुआ। बरही के भदरु लोहरा (55) पिता स्व भुरण लोहरा एवं नारायण महतो की पत्नी कमला देवी (50) की मौत लंबी बीमारी से हो गयी। जिसके अंतिम संस्कार में विवाद हुआ था।

## वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी अपराध : डालसा सचिव



**गुमला।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा सोमवार को सिलम स्थित वृद्धा आश्रम में अकेले नहीं हैं आप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव श्री पार्थ सारथी घोष आश्रम में रह रहे बुर्जुग लोगो से मिले तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त किये। सचिव ने बुजुर्गो को यह भरोसा दिलाया कि वे समाज में अकेले नहीं है तथा उनका उचित देख-रेख व सम्मान करना समाज का दायित्व है। जिसका निर्वाह हर परिस्थति में किया जायेगा। सचिव डालसा ने बुजुर्गों को नालसा लिगल सर्विसेज सिनियर सिटिजन स्कीम की विस्तृत जानकारी दी।

## संवेदक के कारनामों से परेशान हैं विद्यालय के बच्चे

# अधूरे भवन में पढ़ने को मजबूर हैं विद्यार्थी

- विभाग और संवेदक की लापरवाही से महीनों से ठप है योजना
- कनीय अभियंता विभाग के निर्देशों का पालन करना छोड़ संवेदक का दे रहे हैं साथ : सुखदेव उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों विभाग और संवेदक के मिली भगत से विकास कार्यों में लूट का खेल खेला जा रहा है। इस लूट के खेल में शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले बच्चों का पढ़ाई का केंद्र विद्यालय तक को नही छोड़ा जा रहा है। ताजा मामला प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरता का है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरता जहाँ पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों में आदिवासी, टाना भगत व सामान्य वर्ग के सैकड़ो बच्चों को भविष्य इसी विद्यालय पर निर्भर है। किंतु विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार का काम जिला परिषद लोहरदगा द्वारा निविदा द्वारा संवेदक को दिया गया और उसका गुणवत्ता पूर्ण कार्य का जिम्मा कनीय अभियंता मन्नू कुमारी को सौंपा गया किन्तु महीनों बीत जाने के बाद आधा अधूरा काम कर छोड़ दिया गया। जिस कारण बच्चों की पढ़ाई में इसका सीधा असर पड़ रहा है।

### फोन तक नहीं उठाती हैं कनीय अभियंता मन्नू कुमारी



स्थिति यह है कि पहली से आठवीं तक पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को ऐसे ही अधूरे निर्माण में बैठकर पढ़ाई करने की मजबूरी बनी हुई है। इधर मामले को लेकर कनीय अभियंता मन्नू कुमारी से दूरभाष में कई बार संपर्क साधने की कोशिश की गई किंतु फोन रिसीव करना तो दूर वापस कॉल तक नहीं किया जाता। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि संवेदक और कनीय अभियंता आपसी तालमेल बनाकर ऐसी लापरवाही करते हैं और इसका सीधा दुष्परिणाम बच्चों व ग्रामीणों के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकों पर भी पड़ता है। संवेदक की दादागिरी का आलम ये है की विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य से लेकर प्रबंधन समिति के सदस्यों तक को इस जीर्णोद्धार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है जबकि सरकार द्वारा प्रबंधन समिति का निर्माण ही विद्यालय से जुड़े प्रबंधन के लिए किया गया है।

"मामले की जानकारी मुझे पहले से है। मैंने इस मामले को उठाते हुए कई बार कनीय अभियंता मनु कुमारी से बात भी की। उनका कहना था कि ग्रामीणों के पानी नहीं देने और बालू के अभाव में कार्य रुका हुआ है। बहाने नहीं सुनने और गुणवत्ता पूर्ण काम करवाने की पुनः निर्देश दिया। अब देखना है आगे विभाग क्या कदम उठाता है। - **सुखदेव उरांव, जिला परिषद सदस्य**

# ट्रक चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

## सभी राजधानी रांची के नगड़ी और नरकोपी के हैं

- गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान से हुई गिरफ्तारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

**गुमला।** संत इग्नासियुस स्कूल के समीप से खड़े ट्रक को चोरी करने के मामले में गुमला पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बैंक मुहल्ला नगड़ी निवासी 25 वर्षीय फैजल अनीश उर्फ सोनू, 23 वर्षीय इमरान अंसारी उर्फ भोलू, पिस्का नगड़ी निवासी 23 वर्षीय अकमल अंसारी व करकरी नरकोपी थाना निवासी 19 वर्षीय चंद्रदीप सिंह के नाम शामिल है। सोमवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि 11 अगस्त को सिसई रोड स्थित संत इग्नासियुस स्कूल के पास से 14 चक्का ट्रक चोरी हो गई थी। जिसको लेकर गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्तचर के माध्यम से चोरी गये ट्रक 12 अगस्त को कांके रोड स्थित आईटीबीपी कैंप के समीप पेट्रोल पंप के पास से बरामद किया गया। छापामारी दल के लगातार प्रयास व व तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से फैजल अनीश, इमरान अंसारी को नगड़ी स्थित रिंग रोड के रैनबो होटल से गिरफ्तार किया गया।

## स्पीड न्यूज

### फेडरेशन अध्यक्ष ने किया निःशुल्क हृदय जांच शिविर का उद्घाटन



फेडरेशन अध्यक्ष का स्वागत करते जायंटट्स सदस्य

**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन आठ के अध्यक्ष आरके चौधरी के गढ़वा आगमन पर शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में स्वागत समारोह का आयोजन कर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जायन्ट्स ग्रुप द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को होने वाले नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का उद्घाटन फेडरेशन अध्यक्ष आरके चौधरी ने किया। मौके पर फेडरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मेरा गढ़वा आना जायन्ट्सवाद को बढ़ावा देना है। गढ़वा जिला में जायन्ट्स ग्रुप, जायन्ट्स आस्था, जायन्ट्स सहेली सभी ने जरूरतमंदो के लिये सेवा कार्य कर मानवता की एक मिसाल कायम कर रहा है। उन्होंने हृदय रोग विशषज्ञ सर्जन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नारायणा हास्पिटल दिल्ली से हर महीने जायन्ट्स के साथ मिलकर स्थानीय मरीजों को जांच कर उन्हें उचित सलाह दे रहे हैं ये बहुत बड़ी बात है। उन्होंने डॉ विकाश केशरी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि जायन्ट्स के रूप में गढ़वा की पहचान पूरे फेडरेशन ही नहीं जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन में है।

### 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर बैठक आयोजित


बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**गढ़वा।** छह दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के जिला परिषद मार्केट स्थित कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय में संस्था के सचिव विकास कुमार माली के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिला प्रबंधक अयूब खान ने कहा कि संस्था की ओर से छह दिसंबर को शहर के टाउन हल के मैदान में 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है। 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गढ़वा के लिए इतिहास साबित होगा। संस्था अब तक 13 हज़ार कन्याओं की शादी करा चुका है। उन्होंने कहा कि गांव, पंचायत, ब्लक में असहाय, गरीब परिवार की कन्याएं जिनके माता-पिता शादी करने में असमर्थ है। तो वह संस्था से आकर संपर्क करें। संस्था उनकी कन्याओं का शादी नि:शुल्क कराएगी। साथ ही संस्था की ओर से शादी के बाद विदाई कार्यक्रम में घरेलू उपयोगी सामग्री जैसे गोदरेज, पलंग, दीवान, 51 पीस बर्तन सेट, ट्रंक, तोशक रजाई, बेडशीट, वर-वधु का कपड़ा, श्रृंगार सेट, आयरन, कुकर, कप सेट ट्रली बैग का भी वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 40 कन्याओं का संस्था में रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है।

### जायन्ट्स सहेली की बैठक आयोजित


अतिथि का स्वागत करती सहेली सदस्य

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की बैठक ग्रुप के फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक से पूर्व जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के अध्यक्ष आरके चौधरी का स्वागत जायन्ट्स सहेली अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया। मौके पर जायंट्स सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल ने कहा कि सहेली ग्रुप के द्वारा पूरे वर्ष कई सेवा कार्य जैसे सरकारी स्कूलों में बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री वितरण, डेंटल कैम्प, हाई स्कूल के बच्चियों के बीच सेनेटरी नेपकिन का वितरण, जागरूकता प्रोग्राम, रक्त ग्रुप की जांच, दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच वस्त्र वितरण, फल एवं भोजन वितरण आदि अनेको कार्य किये जाते हैं। फेडरेशन अध्यक्ष ने जायन्ट्स सहेली के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि आगे भी सहेली द्वारा सेवा कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान जायन्ट्स वेलफेयर कमेटी के सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन आठ के वर्तमान उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, फेडरेशन अधिकारी सीमा केशरी, यूनिट दो के निदेशक मनोज केशरी ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

### साप्ताहिक सत्संग का आयोजन


सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगण

**गढ़वा।** परम प्रेम में युग पुरुषोत्तम परम दयाल श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का सप्ताहिक सत्संग का आयोजन शहर के अग्रवाल मुहल्ला स्थित सुनीता देवी के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शंख वनि वंदे पुरुषोत्तम के जय घोष किया गया। इस दौरान सामूहिक प्रार्थना, सामूहिक नाम जप, ध्यान किया गया। भजन कीर्तन आरती के बाद धर्म ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी की बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। सत्संग के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रघुवीर प्रसाद कश्यप, दिलीप कश्यप, सियाराम पांडेय, शंकर जायसवाल, सुनीता केशरी, अंजली देवी, नंदिनी केशरी, रानी केशरी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

# आमजनों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। उपायुक्त ने बैठक में सर्वप्रथम सभी कार्यालय प्रधान से परिचय प्राप्त किया, तत्पश्चात उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। सभी पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करेंगे। उन्होंने सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिये कि हफ्ते में दो दिन यानि मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार करेंगे और आमजनों की समस्या सुनकर निदान करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी लोग कार्यालय का चक्कर न काटें, इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। सभी पदाधिकारी और कर्मी कार्यालय के आने के निर्धारित समय पर कार्यालय में आयेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित रजिस्टर रखेंगे, जो भी योजनाएं संचालित है, उन योजनाओं का निरीक्षण रिपोर्ट साथ रखेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में बायोफेंसिंग से बाउंड्री वॉल करेंगे और सभी विद्यालयों के शिक्षक समय पर विद्यालय आयेंगे, इसका ख्याल रखेंगे। सभी अपने कार्यों को बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसी अनिल तिर्की, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक, डीएमओ दारोगा राय, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, सभी बीडीओ, सीओ समेत जिले के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

जिला स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

# प्रत्येक माह बच्चों का स्वास्थ्य जांच करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्टीरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में विद्यालय में मिलने वाली मध्याह्न भोजन, बच्चों के स्कूल में उपस्थिति, विद्यालय में पोषण वाटिका समेत कई बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कम उपस्थिति वाले विद्यालय पर नाराजगी जताते हुए उन विद्यालय का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय में पोषण वाटिका के तहत योजना लेने का निर्देश दिया गया। किचन डिवाइसेस रिप्लेसमेंट की राशि के वितरण को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। विद्यालय में लंबाई नापने और वजन करने वाली मशीन क्रय करने की दिशा में कई निर्देश दिये। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालय में बच्चों का शत् प्रतिशत उपस्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर हर माह विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिये। उपायुक्त ने विद्यालयों में किचन शेड बनाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में बाउंड्री वॉल नहीं है, उसका आकलन कर रिपोर्ट दें। उन्होंने विद्यालय में फायर सेफ्टी को ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारी को विद्यालय का नियमित भ्रमण करने का निदेश दिया। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, डीइओ सह डीएसई नयन कुमार, एडीपीओ शिव मलिक, सभी बीईओ, एपीओ क्रांति कुमार चांद, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड रिसोर्स पर्सन, सभी कलस्टर रिसोर्स पर्सन आदि मौजूद थे।

### पुल निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी, दी विधायक को बधाई

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड के ग्राम सिंघानी क्षेत्र के परसोनिया नदी पर पुल निर्माण कार्य शुरू होने से सिंघानी, नोनगांव, मेराल पंचायत के दर्जनों गां के ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी जा रही है। ग्रामीणों ने पुल निर्माण होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पुल निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मालूम हो कि विगत कई वर्षों से बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आ जाने से सिंघानी पंचायत, नोनगांव पंचायत, एवं मेराल पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित डोमचांच थाना के समीप बीती रात एक कार जेएच02बीके/6648 पेड़ से टकरा गई, जिसमें कार पर सवार चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान अभिनंदन यादव नावाडीह मरकच्चो, अशोक यादव गुमो, कैलाश प्रसाद वर्मा चित्रगुप्त नगर झुमरीतिलैया व मंटू वर्मा तिलैया गूमो निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सभी देवघर से पूजा करके अपने घर लौट रहे थे, तभी थाना के समीप चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतना तेज था कि गाड़ी का टायर फट गया।

## किसान भवन में दुर्गा सोरेन सेना की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिमरिया।** प्रखंड के किसान भवन में दुर्गा सोरेन सेना की बैठक संपन्न हुई । बैठक के पूर्व सिमरिया चौक पर स्थापित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया। माला अर्पण करने के पश्चात नारा भी लगाया गया एवं वापस किसान भवन पहुंचकर बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने किया जबकि संचालन आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य मुद्दा छूते हुए आंदोलनकारी को अभी तक झारखंड सरकार के द्वारा कोई भी सुविधा नहीं दिया गया सिमरिया प्रखंड में बीडीओ, सीओं के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार पर चर्चा हुई। चतरा एवं सिमरिया विधानसभा से दुर्गा सोरेन सेना का उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा साथ हीं साथ चतरा लोकसभा में महागठबंधन का स्थानीय उम्मीदवार अच्छे छवि का उम्मीदवार दिया गया तो दुर्गा सोरेन सेना उनका समर्थन करेगी नहीं तो दुर्गा सोरेन सेना चतरा लोकसभा से अपना उम्मीदवार देगी। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कार्यालय प्रभारी सुभाष सिंह केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ पिंकू केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह केंद्रीय उपाध्यक्ष सह जिला महासचिव संतोष नायक सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर यादव इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजीव ठाकुर इटखोरी प्रखंड सचिव जय कुमार प्रसाद उर्फ रजक जी टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी ए सभी को जिला अध्यक्ष के निर्देश पर सर्टिफिकेट भी दिया गया साथी साथ कन्हाचट्टी प्रखंड के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में केश्वर प्रजापति को बनाया गया इस बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुगन साव को भी जिला कमेटी की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया। बैठक में निरंजन पांडे, महेंद्र महतो, रामदेव महतो, बलदेव राम, सविता देवी एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध ढिबरा लदा शक्तिमान व कमांडर जीप जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बसवरिया के समीप रविवार बीती रात डोमचांच पुलिस ने अवैध ढिबरा लदे एक शक्तिमान व एक कमांडर जीप को जप्त किया है। इस मामले में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की बसवरिया मार्ग की ओर से एक शक्तिमान व एक कमांडर जीप में अवैध रूप से ढिबरा लोड कर डोमचांच की तरफ आ रहा है। जिसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया एवं टीम ने बसवरिया के समीप उक्त वाहन को देखकर रोकने का संकेत दिया मगर पुलिस को देखकर चालक पहले ही वाहन खड़ा कर जंगल का फायदा उठाकर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस टीम के द्वारा उन लोगों का पीछा किया गया, मगर चालक भागने में सफल रहा। फरार जप्त शक्तिमान वाहन के चालक एवं फरार जप्त कमांडर जीप के चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## आकाश इलेवन बना गढ़वा जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता


ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

**गढ़वा।** स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल गढ़वा जिला फुटबल प्रतियोगिता 2023 का फाइनल मुकाबला शहर के रामा साहु उच्च विद्यालय के मैदान में आकाश इलेवन विश्रामपुर रंका और जेबी प्रतिभा फुटबॉल क्लब बड़गड़ के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, एसके पांडेय, गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। फाइनल मैच 45-45 मिनट का खेला गया। पूरे टाइम तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। टाइ ब्रेकर से मैच का फैसला हुआ। आकाश इलेवन विश्रामपुर रंका की टीम पहले ट्राई ब्रेकर मारते हुए तीन गोल किया। जबकि जेबी प्रतिभा फुटबॉल क्लब बड़गड़ की टीम ने दो गोल कर पायी। आकाश इलेवन की टीम एक गोल से विजेता बनी। विजेता टीम आकाश 11 फुटबॉल क्लब विश्रामपुर रंका को विजेता ट्रॉफी झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार व ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने 21 हजार रुपया दिया। उपविजेता टीम को ट्रॉफी झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एसके पांडेय व क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने 11 हजार रूपये दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जेबी प्रतिभा फुटबॉल क्लब के मनजीत तिर्की को वरीय उपाध्यक्ष उदय तिवारी ने दिया। मौके पर एसडीओ कहा कि आप जब तक मान्यता प्राप्त खेल संघ का मैच नहीं खेलेंगे। आप आगे राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर नहीं जा सकते हैं। गढ़वा में तीन सितंबर से हो रहे झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबल प्रतियोगिता का मैच जरूर देखें। अच्छे खिलाड़ी आएंगे वह मैच देखने से आपको खेलने में और लाभ मिलेगा। इस प्रतियोगिता से गढ़वा जिला फुटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। मौके पर गढ़वा जिला फुटबॉल टीम के कोच स्वप्न रावत, मनोज संशाई, आशीष अग्रवाल, अजयकांत, कौशलेश तिवारी, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, उपेंद्र राम, शमशाद अहमद, विजय सिंह, नीलकंठ सिंह, अमित सिंह, लक्ष्मण राम, सतेंद्र प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### नाग बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा


पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली महुरांव टोला स्थित नाग बाबा मंदिर में नागपंचमी के मौके पर कमिटी के द्वारा भव्य पूजा पाठ किया गया।

सैकड़ो महिला, पुरुष भक्तों ने नाग देव पर दूध, लावा, फल, फूल चढ़ाकर अपने व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि भवनाथपुर प्रखंड के अंतर्गत यह इकलौता नाग देव का मंदिर है। यहां प्रत्येक वर्ष दूर दराज से ग्रामीण आकर पूजा पाठ करते है और आयोजित मेला का आनन्द उठाते है। शाम को कमिटी की ओर से हवन कीर्तन के बाद रात्रि में नाग देव पर धार्मिक पिक्चर दिखाया जाता है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टिकोन से पुलिस बल भी तैनात किये गये हैं। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष शंकर चन्द्रवंशी, बजरंगी साह, महेंद्र राम, मनोज बैठा, राजीव गुप्ता, अशोक बैठा, प्रदीप साह, सधीर कुमार चौबे, सुमित पासवान, लखन मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान मेला का आयोजन


प्रदर्शनी देखते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में सोमवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में नित नए प्रयोगों को लेकर आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पर्सनल ऑफिसर सेल बुलू, विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, टीडीएम इंटर कालेज बंशीधर नगर के प्रिंसिपल धनंजय सिंह, प्रोफेसर श्याम बिहार सिंह, एसआई भवनाथपुर अभिमन्यु सिंह, प्रो. अमरेश कुमार यादव और प्रधानाचार्य ब्रजेश सिंह ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर और भारत के महान वैज्ञानिकों को पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### उप विकास आयुक्त ने 65 प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण के लिए किया रवाना



रवाना करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों को उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी रांची, रायपुर समेत अन्य शहरों में कौशल प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन्हें विभिन्न ट्रेड जैसे सिलाई, सहायक नर्स, इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयर तथा पैकर आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग लेकर अपना स्वरोजगार कर सकें। विभिन्न प्रखंडों से कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया है। इनमें रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी राजनंदद गांव के लिए-28, शाही एक्सपोर्ट रांची-11, सोना युक्ति रांची-7, प्लेनेट इंफ्रा रांची-8, एलएनजी स्किल्स- 6, स्मार्ट ब्रेन नोएडा-5, यानी कुल 65 केंडिडेट को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया।

### धूमधाम से मना नागपंचमी का त्यौहार


नाग बाबा

**कांडी।** प्रखंड में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के खरौंधा, कांडी, डुमरसोता, सतबहिनी सहित अन्य स्थानों पर स्थित नागबाबा के स्थान पर धार्मिक रीति रिवाज से पूजा पाठ किया गया। सभी जगहों पर सुबह से ही नाग बाबा की पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान भक्तों द्वारा वज भी स्थापित किया गया। परंपरा के अनुसार प्रखंड के लगभग सभी घरों में आज मिष्ठान भोजन ही बना। वहीं प्रखंड मुख्यालय के कांडी बाजार स्थित होटलों, सेमौरा, सुण्डीपुर सहित प्रखंड के सभी होटलों में सिर्फ मिष्ठान की ही बिक्री हुई। बताते चलें कि हिंदू धर्म में नाग को पूजनीय माना गया है। भारत में प्राचीन काल से ही नागों की पूजा की जा रही है। श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर नाग पंचमी मनाई जाती है। इस दिन शेषनाग, वासुकी नाग, तक्षक नाग, कर्कोटक नाग और पिंगला नाग की खास पूजा का विधान है।

## स्पीड न्यूज

### मारपीट कर पैसा लूटने का आरोप

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत घूरे ग्राम निवासी नीरज कुमार पिता अर्जुन साव ने अपने गांव के ही बबलू यादव समेत कई लोगों पर मारपीट व पैसा लूटने का आरोप लगाया है ।नीरज कुमार ने हेरहंज थाना में दिए गए आवेदन में कहा है कि रविवार को साप्ताहिक हाट में हम लोग जूता का दुकान खोलकर जूता चप्पल की बिक्री कर रहे थे मेरे साथ मेरा भाई प्रमोद कुमार एवं छोटू कुमार साथ में था ।इसी बीच बबलू यादव आकर सेंट्रिंग का बकाया 1000 रुपये मांगा ।मेरे द्वारा यह कहा गया कि आपका 700 रुपये ही बकाया है इस बात को लेकर दोनों में हल्का विवाद हुआ। इसी बीच बलि यादव, पवन यादव, सुरेंद्र यादव, मंटू यादव, बबलू यादव सुरेंद्र यादव अपने साथ लाये चाकू, लोहे का रॉड, डंडा से तीनों भाइयों पर जान लेने की नीयत से हमला कर दिया। जिसमें तीनों का सर में गंभीर चोटें लगी हैं एवं जूता चपल बिक्री कर झोला में रखा गया 25000 रुपये भी इन्होंने निकाल कर फरार हो गया। घटना के बाद हम सभी लोग बालूमाथ सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराएं। जहां तीनों के सर में फटने के कारण कई टांके लगे। उन्होंने आवेदन में कार्रवाई की मांग की है।

### नितीश तिवारी व संदीप कुमार ने रक्तदान कर बचायी सालू कुमारी की जान

**चंदवा।** वॉलेंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत की पहल पर चंदवा निवासी नितीश तिवारी एवं संदीप कुमार ने लातेहार रक्त संग्रह केंद्र में चंदवा गेरूवागड़ा निवासी रक्त की कमी से ग्रसित मरीज सालू कुमारी, पिता-स्व. अशोक नायक उम्र -17 वर्ष के लिए रक्तदान किया। रक्त वीर नीतीश तिवारी ने कहा मैं निरन्तर ब्लड डोनेट करता हूँ और अपनी तरफ से लोगों को भी रक्तदान के लिए आगे आने को कहता हूं। रक्तदान के बहुत फायदे हैं जो शरीर मे रक्त संचालन को सही बनाने में सहायक होते हैं आपके 1 यूनिट ब्लड से 4 जिंदगियां बच सकती है। मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं होता है हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। वही संदीप कुमार ने कहा कि रक्तदान करने के बाद एक आनंद की अनुभूति होती है मेरे रक्त से अगर किसी की जान बचती है तो यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात होगी।

### 24 घंटे का अखंड कीर्तन विधिवत हुआ संपन्न

**बारियातू।** प्रखण्ड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित कोठाटांड शिव मंदिर परिसर में पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत के नेतृत्व मे रविवार दोपहर एक बजे से चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन सोमवार को विधिवत पूणार्हुति किया गया। जानकारी देते हुए पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने बताया कि अंखड कीर्तन मे जबरा, बारिखाप, बारियातू, सहित कई टोले मुहल्ले के कीर्तन मंडलीयों ने भाग लिया। श्रावण के पवित्र माह के अंतिम समय मे एंव मनोकामना पूर्ण होने के साथ क्षेत्र मे सुख शमृद्धि के लिए दोपहर 1 बजे स्थानीय मंडली द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया था। 24 घंटे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे हरे के धुन पर अखंड कीर्तन सोमवार दोपहर 1 बजे पूणाहुति किया गया। अखंड कीर्तन मे श्रद्धालुओं का हुजूम जलाभिषेक के लिए भींड उमड़ा गई वहीं अंखड कीर्तन को सफल बनाने मे राकेश रंजन प्रजापति, सिंटू, रघुनाथ यादव, गणेश गंझु, मनोज ठाकुर, दीलीप साव, बहादुर गंझु, सोनु प्रजापति, रोहीत, बजरंग, सुभम, सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### बाइक से गिरकर छह घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-बालू मुख्य पथ पर सोमवार को मोटरसाइकिल से गिर कर छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये ।घायलो में अजय नायक 22वर्ष पिता आनंद नायक और उसकी पत्नी सुमन देवी 20वर्ष पुत्री अनिशा कुमारी 4 वर्ष,पुत्र अंश नायक डेढ़ वर्ष धुर्वा रांची निवासी एवं अजय नायक की साली आरती देवी 22वर्ष पति दीपक नायक और उसका पुत्र ऋषभ नायक डेढ़ वर्ष मांडर रांची निवासी शामिल है ।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अजय नायक ने बताया कि सभी लोग अपने ससुराल दिरीदाग थाना बालूमाथ से नगर मंदिर पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान ओलहेपाट ग्राम के समीप तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

#### कंप्यूटराइज्ड कांटा घर को किया आग के हवाले, कर्मियों को दो घंटे तक बंधक बनाकर की मारपीट

# जेएलटी के उग्रवादियों ने जमकर मचाया उत्पात





उग्रवादियों द्वारा जलाया गया कांटा घर, घटनास्थल का जायजा लेते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन डीवीसी की महत्वाकांक्षी तूबेद कोलियरी में जेएलटी के उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया है। बीती रात्रि झारखंड लाल टाइगर संगठन नमक उग्रवादी संगठन ने पर्चा छोड़ते हुए कोलियरी का सबसे कीमती एवं महत्वपूर्ण कंप्यूटराइज्ड कांटा घर को जलाकर राख कर दिया है, वहीं तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं कोलियरी के कर्मचारियों को बंधक बनाकर लगभग दो घंटे तक पिटाई करते रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आधा दर्जन हथियारबंद वर्दीधारियों ने जोहार झारखंड, जय झारखंड, झारखंड लाल टाइगर संगठन जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कोलियरी कर्मियों को बताया कि बिना संगठन को मैनेज किये अगर कोलियरी चलता है तो इससे भी बुरा अंजाम भुगतने को तैयार रहे। हथियारबंद दस्ता ने बिना मैनेज किये काम नहीं करने का ऐलान किया है। हथियारधारियों ने कांटा घर के कर्मचारी ताज अंसारी एवं सोनू कुमार की जमकर पिटाई की। उग्रवादियों के पिटाई से घायल दोनों काटा कर्मियों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं कोलियरी में तैनात इंडिगो फोर्स के जवानों की भी जमकर पिटाई की गई है।

पिटाई होते देखकर अन्य कर्मियों और जवान भी वहां से भाग खड़े हुए। बताया जाता है कि पिछले गुरुवार को कोयला प्रबंधन के एक अधिकारी को कल से काम बंद करने एवं बिना मैनेज करने पर फौजी कार्रवाई किए जाने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया था। कंपनी कर्मियों ने इस मैसेज को पुलिस प्रशासन को फॉरवर्ड करते हुए सुरक्षा की गुहार भी लगायी थी। गुरुवार को मैसेज भेजने के बाद शनिवार की रात घटना को अंजाम दी गई है। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने कई राउंड फायरिंग भी किया है। जिससे इलाके में दहशत भरा माहौल है। कंपनी के अधिकारी बलराम पांडेय के द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को रात में सूचना दी गई, लगभग 2:30 बजे रात्रि में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह, दिवाकर रजक की टीम ने रात्रि में ही घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के इलाकों को सील किया, लेकिन हथियारबंद लोगों का कहीं अता-पता नहीं चला। ग्रामीणों का कहना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर दो बोलोरो लगी हुई थी, जिसमें नंबर नहीं था और संभवत उग्रवादियों का दस्ता उसी में सवार होकर आया था और घटना को अंजाम देकर कुंदरी ग्राम के रास्ते निकल गया है।

**शुरू हो गया उग्रवादियों का तांडव :** बता दें कि लगभग 3 वर्षों से जारी इस कोलियरी की यह पहली घटना है, जब किसी संगठन ने क्षति पहुंचाया है. डीवीसी के कार्यकारी निदेशक जी मंडिया के अनुसार, इस आगजनी से लाखों की क्षति हुई है. कांटाघर जल जाने से रेजिंग, लोडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग का काम तत्काल प्रभावित हो गया है। कभी माओवादियों का गढ़ कहा जाने वाला तूबेद क्षेत्र में जेएलटी जैसे संगठन द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देना, इस बात का प्रमाण है कि यहां एक नया उग्रवादी संगठन पांव पसार रहा है। जो आने वाले समय में प्रशासन के लिए चुनौति बन सकता है।

## 20 वर्षो से फरार चल रहा माओवादी वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल



गिरफ्तार वारंटी व जानकारी देते इंस्पेक्टर।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा पुलिस की टीम ने लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहे माओवादी वारंटी रमेश गंझू उर्फ रमेश जी उर्फ सावन गंझू उर्फ भोला गंझु पिता पांडेय गंझू (मड़मा चंदवा) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी को अग्रतर कार्रवाई के बाद सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि रमेश गंझू उर्फ रमेश जी उर्फ सावन गंझू उर्फ भोला गंझु पूर्व कुख्यात भाकपा माओवादी रविन्द्र गंझू व नकुल यादव दस्ते के सदस्य रहा है। इनके विरुद्ध लोहरदग्गा जिले के कुडू, सेन्हा थाना में नक्सली वारदात व हत्या जैसे संगीन वारदातों में 5 मामले दर्ज है। इनकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। छापामारी अभियान में इंस्पेक्टर बबलू कुमार, पुअनि नारायण यादव, सअनि राम प्रसाद राम व सैट 202 व 206 के जवान शामिल थे।

## सातवीं सोमवारी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



जलाभिषेक के लिए मंदिर जाते श्रद्धालु।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न शिवालयों में सावन महीने की सातवीं सोमवारी को पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ लगी रही। भगवान शिव के श्रद्धालु दोमुहान नदी से शुद्ध जल लेकर लगभग 11 किलोमीटर का पैदल यात्रा कर नामुदाग स्थित मानिकेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के प्रतिमा पर जलाभिषेक किया।

वहीं भगवान शिव की प्रतिमा को जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। भक्तों ने विधिवत रूप से भोलेनाथ का पूजा अर्चना संपन्न कर दुग्धाभिषेक भी किया।

## मानव तस्करी के विरुद्ध आरपीएफ को मिली बड़ी कामयाबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





रेस्क्यू की गयी बच्चियों के साथ आरपीएफ के अधिकारी, जानकारी देते इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर।

**लातेहार/बरवाडीह।** देश में मानव तस्करी एक अहम समस्या है। मानव तस्करी के ज्यादा मामले झारखण्ड से देखने को मिलते है। वहीं झारखण्ड में मानव तस्करी को रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहें है। बावजूद इसके ह्यूमन ट्रैफिकिंग रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला झारखण्ड के लातेहार जिले का है। जहां रेलवे रेलवे सुरक्षा पुलिस बल के बरवाडीह इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने गुप्त सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए ऑपरेशन आहट के तहत अभियान चलाकर लातेहार रेलवे स्टेशन से 7 नाबालिक लड़कियों और दो लड़कों के साथ एक आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है। यह बच्चियां घर वालों को किसी प्रकार की जानकारी दिए बगैर लातेहार स्टेशन से नागपुर (महाराष्ट्र) जाने के लिए निकली थी।

**पलामू जिले की रहने वाली है सभी बच्चियां :** रेस्क्यू की गई सभी लड़कियां पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहरा ग्राम की रहने वाली है। वहीं एक युवक विश्वनाथ भुइयां 22 लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरिद ग्राम का निवासी हैं। इन सभी को लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मतकोमा बारीबाढ़ ग्राम निवासी राजेश उरांव 28, पिता चेता उरांव के द्वारा मजदूरी कराने के बहाने नागपुर (महाराष्ट्र) ले जाया जा रहा था।

**क्या है मामला :** पूरे मामले की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार रेलवे स्टेशन में सर्च अभियान के दौरान प्लेटफार्म संख्या दो के पूर्वी छोर स्थित शेड के पास कुछ लड़कियों एवं व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में देखा गया। संदेह के आधार पर आरपीएफ की पूछताछ में उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही कोई वैध कागजात ही दिखाए। वहीं नाबालिकों को अपने साथ ले जा रहे राजेश उरांव ने बताया कि इनलोगों को मालामाल नामक कंपनी में तंबाकू पेकिंग का काम कराने हेतु मैं अपने साथ नागपुर के हिरणगांव ले जा रहूं हूं। आरपीएफ इंस्पेक्टर श्री ठाकुर ने आगे बताया कि पुख्ता संदेह के आधार पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, लातेहार से समन्वय स्थापित कर अग्रिम कारवाई हेतु सभी बच्चे-बच्चियों और आरोपी को उन्हें सौप दिया गया। जहां थाना प्रभारी कुमार सुमित यादव ने आश्वस्त किया कि जांच कर कृत कारवाई से अवगत कराया जायेगा।

**अभियान में शामिल आरपीएफ की टीम :** इस अभियान में रेलवे पुलिस सुरक्षा बल बरवाडीह के इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर के साथ-साथ एएसआई सचिन कुमार और निरंजन मिश्रा, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, आरक्षी सुशील कु. सिंह और श्रीनन्दन ठाकुर शामिल थे।

## धूमधाम से मनायी जायेगी दुर्गा पूजा, बैठक संपन्न



बैठक में मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के कारगिल पार्क के पास अवस्थित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनायी जायेगी। दुर्गा पूजा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए मंदिर के कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक संरक्षक विनोद कुमार साहु की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला ने कहा कि दुर्गा पूजा धुमधाम से मनायी जायेगी और इसमें कोई कोर कसर नहीं छोडी जायेगी।

उन्होने पूजा के सफल आयोजन में सामुहिक भागीदार निभाने की अपील की। बैठक में दुर्गा पूजा को ले कर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी गयी और दायित्वों का बंटवारा किया गया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

### कोलसिमरी को पराजित कर बेलंगा बना चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समापन के मौके पर मंचासीन अतिथि।

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सरना खेल मैदान में मुस्कान क्लब रक्सी द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन हो गया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, हिंडाल्को के नवल किशोर सिंह व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला बेलंगा बनाम कोलसिमरी के बीच खेला गया। जिसमें बेलंगा की टीम विजयी रही। अतिथियों ने विजेता- उपविजेता समेत 7वें स्थान तक रहने वाली टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है, एक टीम हारती है तभी दूसरी टीम विजेता बनती है, इसलिए हार से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि हर किन कमियों के कारण हार हुई है, इस पर सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ाने की जरूरत हुई है। फाइनल के मौके पर युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, उप मुखिया पति मणिलाल यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रजापति, सोनू गिरी, रंजीत गिरी, संतोष प्रजापति, विजय उरांव, गोपाल प्रजापति, धनराज प्रजापति, कुशेश्वर यादव, अमृत प्रजापति, शंकर उरांव, अमृत प्रजापति , अमृत उरांव, शत्रुधन उरांव, बरन भोक्ता, बबलू प्रजापति समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिये दिशा निर्देश





बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व मौजूद अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं (डीएलआरएसी) की समीक्षा बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 बैंको की उपलब्धियों एवं वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सी.डी. रेशियो पर चर्चा किया गया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के क्रियान्यवयन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीडी रेशियो की समीक्षा में बताया गया कि जून 2023 तिमाही में सीडी रेश्यो 41.23 प्रतिशत रहा। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एसीपी लक्ष्य 20371 निर्धारित है। इसके विरुद्ध प्रथम तिमाही में 3326 किसानों का केसीसी ऋण दिया गया है जो लक्ष्य का 16.32 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा समीक्षा क्रम में लक्ष्य के अनरूप प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृति को लेकर एलडीएम को निर्देशित किया गया कि वैसे बैंक अधिकारी जो कार्य में लापरवाही कर रहे है उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई किया जाए। बैठक में आरसेटी के द्वारा संचालित कौशल विकास विकास प्रशिक्षण से सम्बंधित कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक रांची के प्रतिनिधि, जीएम, एलडीएम, जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रेल कर्मचारियों के लिए अभिशाप है न्यू पेंशन स्कीम : सुनील सिंह

## इसीआरकेयू के बैनर तले रेल कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एनपीएस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रेल कर्मचारी।

**बरवाडीह।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के डीटीओ ब्रांच अंतर्गत विभिन्न स्टेशनो में डालटनगंज शाखा सचिव सुनील सिंह के निर्देश पर न्यू पेंशन नीति के खिलाफ रेल कर्मचारियों विरोध प्रदर्शन करते हुए एनपीएस गो बैक के नारे लगाए।

इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जहां बरवाडीह में कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार और युवा सचिव ऋषि राज के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। उधर गढ़वा रोड में शाखा सचिव सुनील सिंह और डालटनगंज में शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। वहीं मांग पूरा नहीं होने पर यूनियन ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। जहां शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम हम सभी रेल कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए एक अभिशाप है, और यह स्कीम सिर्फ रेल कर्मचारियों पर लागू की गई है।

अगर केंद्र सरकार कर्मचारी विरोधी नहीं है, तो देश के सांसद, विधायको के लिए इस स्कीम को लागू करें और रेल कर्मचारियों को इस अभिशाप से मुक्त कर उनके हित के लिए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करे। सुनील सिंह ने भारत सरकार से इस विरोध प्रदर्शन की गंभीरता को समझते हुए एनपीएस को रद्द कर ओपीएस को लागू करने की मांग की। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि ईसीआरकेयू कर्मचारी हित में संघर्ष करती रही है, और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने सभी कर्मचारी भाइयों से चट्टानी एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। मौके पर श्रीकांत विमल, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, निखिल चंद्रा, दीपक कुमार, सुजीत कुमार, बासुदेव डे, संजीत कुमार रंजन, मनीष कुमार, उमेश शर्मा, देवनंदन आर्या, इनायत करीम, संकेत कुमार, अंशु कुमार, पवेन्द्र कुमार, उपेंद्र पाल, शुभम कुमार, संजय कुमार, आसुतोष कुमार, आरके पटेल, मनोज कुमार, तुलसी महतो, सन्तोष कुमार, एसके रवि, नंदू कुमार, एआर कुमार और पंकज कुमार सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

स्पीड न्यूज

## विधायक ने शिव मंदिर में किया रुद्राभिषेक

**कोडरमा।** सावन के सोमवारी और नागपंचमी के पावन मौके पर जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, श्रद्धालु महिला, पुरुष, युवक युवतियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर, शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की तो वहीं नागपंचमी पर ध्वजाधारी में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, इस बीच कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव अपने परिजनों के साथ जलवाबाद नगरखारा स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर क्षेत्र में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की।

## गुमशुदगी को लेकर सन्हा दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित पंचायत तेलोडीह के ग्राम नाईटंड निवासी सरिता देवी पति प्रकाश ठाकुर ने 21 अगस्त को अपने पुत्र 18 वर्षीय अविनाश ठाकुर की गुमशुद्गी का आवेदन देकर थाना में सन्हा दर्ज करायी है। ज्ञात हो कि अविनाश ठाकुर 6 अगस्त की सुबह सात बजे अपने घर ग्राम नाईटांड से निकला जो अभी तक लौट कर नहीं आया। उसके परिवार के लोग अपने सभी सगे संबंधी के यहां काफी खोज बिन किया परंतु कही भी इसका पता नही चल पाया।

## पीजी कॉमर्स की टॉपर बनी स्निग्धा मृदुभाषिणी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के सीएच.स्कूल रोड निवासी रविंद्र सिंह की सुपुत्री स्निग्धा मृदुभाषिणी ने पीजी कॉमर्स में जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया की टॉपर बन जिले को गौरवान्वित किया। बताते चलें कि रविवार को पीजी का रिजल्ट आया तो रविंद्र सिंह के यहां खुशियों की लहर फैल गईं। वहीं 74 प्रतिशत अंक लाकर स्निग्धा ने जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया का जिले में परचम लहराया है। उनके इस उपलब्धि पर जेजे कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मिथिलेश उपाध्याय, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, वाणिज्य विभाग के शिक्षक डॉ.दीपक कुमार, डॉ.मुकेश कुमार व महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने बधाई दी एवं उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रजापति ब्रह्मकुमारी ने विधायक व एसपी को बांधी राखी

**कोडरमा।** प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय कोडरमा शाखा के बहनों के द्वारा कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव के आवास पर रक्षाबंधन त्यौहार का आयोजन कर विधायक को राखी बांधी, इसके अलावे प्रजापति बहनों के द्वारा एसपी कुमार गौरव, ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज को भी राखी बांधकर त्यौहार की शुभकामनाएं दी। इस दौरान ब्रह्मकुमारी अनिता बहन ने कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार भाई बहन के बीच अमर प्रेम का प्रतीक है, कलाई में पवित्रता का रक्षा सूत्र भाई के प्रति बहन की असीम श्रद्धा को प्रदर्शित करता है। मौके पर बीके आरती बहन, ललिता बहन, संजय, गुड्डू आदि मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित सोमवार अहले सुबह नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुती चौक के समीप से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई है। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर के संदर्भ में खनन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दिया है। वहीं पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में रखा है।

## सर्पदंश से पीड़ीत युवक नवजीवन अस्पताल में भर्ती

**गारू।** प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत के मायापुर गांव में सोमवार को विषैले सांप के डंसने से इम्तियाज अंसारी नामक युवक पीड़ित हो गया। पीड़ित को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने युवक की हालत खतरे से बाहर बताई है।

# कांग्रेस महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय का न्यायालय में हुआ बयान दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गोड्डा के कांग्रेस महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय सोमवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय में अपने अधिवक्ता प्रतिक झा के साथ उपस्थित हुई।

जहां उनका बयान दर्ज हुआ। विधायक दीपिका सिंह ने न्यायालय को बताया कि उसे झूठा फसाया गया है। उनके अधिवक्ता प्रतीक झा ने बताया कि मेहरमा थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में सड़क जाम को लेकर 143, 341, 342 भादवी की धारा जमानतीय धारा के तहत दर्ज हुआ था।

विधायक ने कहा कि रोड जाम केंद्र सरकार के खिलाफ किसान आंदोलन के समय सोनभद्र में हुई हिंसा में 10 लोगों से अधिक की मौत समेत अन्य घटना के खिलाफ प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सड़क पर उतरी थी। उसके खिलाफ भाजपा सरकार में मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय के द्वारा मामले में जमानत मिल गई है।

## भाई की साली से छेड़खानी का आरोपी दोषी करार

**दुमका।** भाई के साली से छेड़खानी के मामले में 42 वर्षीय आरोपी को दोषी करार देते हुए न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा एवं जुमार्ना सोमवार को किया। मामले में दोषी रानेश्वर थाना क्षेत्र के पलासपाड़ा गांव निवासी रहमत अंसारी को न्यायालय ने दोषी करार दिया। न्यायालय ने सात गवाहों की गवाही पर दोषी को भादवी की धारा 354(1)(1) के तहत तीन साल की सजा एवं 10 हजार जुमार्ना किया है।

### जातिगत सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं जब तक ठोस आधार नहीं देते

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं से सोमवार (21 अगस्त) को कहा कि वह इस प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं लगाएगा जब तक कि वे (याचिकाकर्ता) इसके खिलाफ प्रथम दृष्टया ठोस आधार नहीं देते। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इस मुद्दे पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि सर्वेक्षण के कुछ परिणाम हो सकते हैं. मेहता ने कहा, 'हम इस तरफ या उस तरफ नहीं हैं, लेकिन इस कवायद के कुछ परिणाम हो सकते हैं और इसलिए हम अपना जवाब दाखिल करना




चाहेंगे।' हालांकि, उन्होंने संभावित परिणामों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। हाई कोर्ट के एक अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों की ओर से दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मेहता के अनुरोध पर कार्यवाही स्थगित कर दी। याचिकाकताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत से राज्य सरकार को आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की। पीठ ने कहा, आप समझिए, दो चीजें हैं. एक आंकड़ों का संग्रह है, वह कवायद जो समाप्त हो गई है, और दूसरा सर्वेक्षण के दौरान एकत्र आंकड़ों का विश्लेषण है। दूसरा भाग, ज्यादा मुश्किल है।

# सावन के दूसरे पक्ष में उतरा कांवरियों का जन सैलाब

## बाबाधाम में कांवरियों की कतार 10 किलोमीटर पार

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** सावन की सातवीं सोमवारी के मौके पर कांवरियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालुओं की कतार 10 किलोमीटर के पार है। रविवार देर रात ही कांवरियों की कतार बीएड कॉलेज के पार चली गयी थी। सुबह होते-होते नंदन पहाड़ तक पहुंच गयी। भारी भीड़ को पुलिस को उन्हें नियंत्रण करने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। उपायुक्त विशाल सागर खुद निगरानी में लगे हैं। सावन की आज सातवीं सोमवारी है और मलमास खत्म होने के बाद की पहली। देवघर श्रावणी मेला में अब तक 39 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण।

## पेज 1 का शेष

### इशान किशन, तिलक वर्मा...

इस वक्त जो लड़के अच्छा खेल रहे हैं, उन्हें सिलेक्ट किया गया है। सभी को हर पोजिशन में खेलना होगा। **केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं :** राहुल और श्रेयस की फिटनेस के जवाब में चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने बताया, 'दोनों लंबी इंजरी के बाद वापस लौटे हैं। अय्यर को फिजियो ने पूरी तरह फिट घोषित कर दिया है, लेकिन बीते कुछ दिनों में केएल को निगल इंजरी हो गयी है। ये वो परेशानी नहीं है, हो सकता है वह शुरुआती राउंड तक शायद फिट न हो पायें, लेकिन एक-दो मैच के बाद आप उन्हें प्लेइंग इलेवन में देखेंगे। चयन समिति ने पूरी तरह से योजना बनाकर टीम का चयन किया है कि किसी भी विषम परिस्थिति में किसी भी तरह का नुकसान टीम को नहीं हो। **इसलिए नहीं चुने गये युजवेंद्र चहल :** युजवेंद्र चहल के सवाल पर अगरकर ने सफाई दी, 'दो कलाई के स्पिनर्स टीम में रखना संभव नहीं था। अक्षर पटेल बोलिंग के साथ बैटिंग भी करता है और कुलदीप यादव के पास एक अगल तरह की काबिलियत है इसलिए वह टीम में शामिल किये गये और चहल को बाहर रखना पड़ा। अक्षर बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं साथ ही साथ प्रयोग करते हुए उन्हें बैटिंग ऑर्डर में ऊपर खिलाने का भी विकल्प मिलता है। **बिना वनडे खेले चुने गये तिलक :** तिलक वर्मा ने अभी तक वनडे नहीं खेले हैं और जब अगरकर से उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया। इस सवाल पर अगरकर ने कहा, वेस्टइंडीज में हमने उनका न सिर्फ प्रदर्शन बल्कि जज्बा भी देखा। इससे हमें उन्हें टीम के साथ ले जाने का अवसर मिला। हम उन्हें कुछ अनुभव दिलाना चाहते हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और काफी प्रतिभाशाली लगते हैं।

### झारखंड को जड़ से...

**शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव :** सीएम ने कहा कि झारखंड में सभी वर्ग के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिले, इस निमित्त कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनायी गयी हैं। शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की गयी है। सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ायी जा रही है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निजी विद्यालयों के तर्ज पर होनहार बच्चों को शिक्षा मिले इसके लिए बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। कोचिंग के लिए भी आर्थिक सहयोग बच्चों को हमारी सरकार दे रही है। आदिम जनजाति के बच्चे भी आगे चलकर बड़े पदाधिकारी बन सके इस निमित्त उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। समारोह में मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य गण्यमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आज राष्ट्रपति से मिलेंगे...

**बच्चों को मिलेगा मंत्रियों से बातचीत का मौका :** जनजातीय कार्य मंत्रालय विद्यार्थियों की केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडू और रेणुका सिंह के साथ बातचीत के लिए एक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लगभग 500 विद्यार्थी 22 अगस्त को नयी दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र का दौरा भी करेंगे। इस तरह के सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर और छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित मामलों पर विचारों, अंतर्दृष्टि और अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए सार्थक बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करना है।

### चांद पर चंद्रयान के सॉफ्ट लैंडिंग...

**सभी प्रणाली कार्यरत :** इसरो के अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि चंद्रयान-3 की सभी प्रणालियां पूरी तरह से काम कर रही हैं और 23 अगस्त को लगभग 18:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। बुधवार को लैंडिंग के समय किसी भी आकस्मिकता की आशंका नहीं है। अगले दो दिनों में चंद्रयान-3 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि लैंडिंग का अंतिम क्रम दो दिन पहले लोड किया जाएगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बार चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का भरोसा जताया। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार ग्रहों की खोज का एक नया इतिहास लिखा जायेगा। चंद्रयान की श्रृंखला में चंद्रयान-1 को चंद्रमा की सतह पर पानी की उपस्थिति की खोज करने का श्रेय दिया जाता है, जो दुनिया और प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए एक नया रहस्योद्घाटन था। चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी मार्क 3 (एलवीएम 3) हेवी-लिफ्ट लॉन्च वाहन के माध्यम से लॉन्च किया गया था। चंद्रयान-3 मिशन सफल होने पर संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश होगा, लेकिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला भारत दुनिया का एकमात्र देश होगा। **नासा और इएसए बना दोस्त :** चंद्रयान-3 के लौंडिग से पहले नासा ने इसरो को मदद पहुचाने की बात कही है। अब डबल गारंटी के साथ इतिहास रचने से बस कुछ ही दूर है चंद्रयान। पूरा देश चंद्रयान-3 के कामयाब होने की कामना कर रहा है। इसी बीच अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने भी चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय मदद करने की घोषणा की है। नासा के बाद यूरोपियन स्पेस एजेंसी (इएसए) भी लैंडिंग के वक्त इसरो की मदद करेगा। दोनों स्पेस एजेंसी चंद्रयान-3 मिशन में कंधे से कंधा मिलाकर भारत की मदद करेगें। ये दोनों एजेंसी भारत के चंद्रयान-3 मिशन की हेल्थ को मॉनिटर कर रहा है। फ्रेंच के गुयाना में इएसए के 15-मीटर एंटीना और यूके के गोनहिली अर्थ स्टेशन से संबंधित 32-मीटर एंटीना की मदद से चंद्रयान की निगरानी करने में इसरो की मदद की जा रही है।

### डुमरी : छह प्रत्याशी मैदान में...

वहीं आजसू पार्टी से यशोदा देवी को केला छाप मिला है। यही आजसू पार्टी का चुनाव चिह्न भी है। अब्दुल मोबिन रिजवी एआईएमआइएम से पतंग छाप चुनाव लड़ेंगे। वहीं निर्दलीय कमल प्रसाद साहू, सेब छाप से चुनाव लड़ेंगे। नारायण गिरी, अलमारी और रोशन लाल तुरी बाल्टी चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। **कड़ी सुरक्षा रहेगी :** सोमवार की शाम को परिसदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में डीसी ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव को लेकर उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल गठित है, जो निरंतर कार्रवाई कर रहा है। 11 स्थानों पर स्टैटिक निगरानी दल प्रतिनियुक्त किया गया है। डीसी ने बताया कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उग्रवाद प्रभावित इलाके के बूथों पर विशेष ध्याननजर रहेगी। एसपी दीपक शर्मा ने ऐसे बूथों का निरीक्षण भी किया है। एसपी ने बताया कि क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की तरफ से पूरी सतर्कता बरती जा रही है। लोग बैखौफ होकर मतदान करने पहुंचेंगे। एसपी ने बताया कि अभी तक नकद एक लाख जब्त किये गये हैं। जिले में 827 आर्म्स निर्गत हैं, जिसमें 313 आर्म्स अभी तक डिपॉजिट करवाया गया है। इसके अलावा प्रत्येक दिन आर्म्स जमा हो रहे हैं।

# मंत्रि परिषद निर्णय के अनुरूप लातेहार में जमीन का पुनः सर्वे शीघ्र : बंधु

## विभागीय सचिव से लातेहार के रैयतों ने की मुलाकात, कहा जमीन लुट गयी हमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले में गहराती भूमि समस्याओं, अनेक रैयतों द्वारा अपनी जमीन के लुटे जाने और दस्तावेजों में हेर-फेर, जालसाजी, मिलीभगत एवं अवैध खरीद-विक्री का आरोप लगाते हुए सोमवार को लातेहार जिले के रैयतों और जमीन के मूल खतियान धारियों की 20 सादस्यीय टीम ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव अमिताभ कौशल से मुलाकात की और अपनी मांगों से सम्बंधित आवेदन उन्हें सौपा पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के अनुसार श्री कौशल ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि लातेहार में जमीन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जायेगा और इसके सन्दर्भ में उन्हें विभागीय मंत्री और प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी निर्देशित किया है।



लातेहार के लोग पूना सर्वे की मांग को लेकर ज्ञापन सोते हुए

**रैयतों के समक्ष उत्पन्न हो गई है कई समस्याएं :** श्री तिर्की ने कहा कि 25 अक्टूबर 2019 को मंत्री परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार लातेहार जिला के सात अंचलों, बालूमाथ, बरवाडीह, महुआडाड, चंदवा, मनिका, गारु एवं लातेहार राजस्व ग्रामों की स्थानीय सीमा के भीतर पड़ने वाले समस्त जमीन का पुनः व्यवहारिक स्तर पर भू सर्वेक्षण होना था। लेकिन अबतक उसका अनुपालन न होने से अनेक गंभीर समस्याए खड़ी हो गयी है उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रत्येक भूमि-धारी या दखलकार का नाम, प्रत्येक सभी काश्तकार का वर्ग निर्धारण, मुण्डारी, खुंटकट्टीदार, कायमी रैयत, दखलकार रैयत, गैर दखलकार रैयत, खुंटकट्टी हक प्राप्त रैयत, दर रैयत की एक या अधिक सीमा वाले प्रत्येक रैयत और दखलकार की परिस्थिति, सीमा आदि दर्ज करने के साथ ही अन्य अनेक निर्देश दिये गये थे।

**अनेक परिवारों एवं समाज में भी बढ़ रहा है तनाव :** उन्होंने कहा कि अनेक दृष्टिकोण से विस्तृत भू-सर्वेक्षण एवं वर्गीकरण किया जाना बहुत जरूरी था परंतु वास्तविकता यह है कि लातेहार जिले के सभी सात अंचलों में किसी भी प्रकार का कोई भू-सर्वेक्षण नहीं किया गया। जिसके कारण जमीनी स्तर पर अनेक विसंगतियों के कायम रहने से अनेक परिवारों एवं समाज में भी तनाव बढ़ रहा है।

वहीं दूसरी ओर, अनेक अवांछित तत्व कुछेक सम्बंधित सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से अपनी मनमानी कर रहे हैं जिसका परिणाम सभी को भुगतना पड़ रहा है। इसके अलावे किसी एक ही भूमि का सीएस और आरएस खतियान में जमीन के गैरमजरुआ दर्ज होने पर सीएनटी की धारा 87 के तहत उसी जमीन को रैयती मान्यता देने जैसे अनेक आरोप लगाते हुए उसके निराकरण की माँग की गयी है। श्री तिर्की के नेतृत्व में विभागीय सचिव से मिले प्रतिनिधिमंडल ने उनसे आग्रह किया कि परिस्थितियों की गंभीरता के मद्देनजर अविलम्ब सकारात्मक निर्णय लें क्योंकि इसके कारण रैयतों को खामियाजा उठाना पड़ रहा है और वाद-विवाद, सामाजिक तनाव का खतरा बरकरार है। वहीं प्रतिनिधिमंडल में जीतू उरांव, प्रभात उरांव, आशीष उरांव, रामप्यार उरांव, चन्द्रदेव उरांव, मो. मोजीबुल्लाह, तुलेश्वर उरांव, अमित उरांव, सुनीता उरांव, रामलाल उरांव, नरेश उरांव, सहादेव उरांव, रामा उरांव, जयराम उरांव, संदीप उरांव, सत्यजीत देवधारिया आदि शामिल थे।

# भद्रकाली मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सावन के सातवीं सोमवारी और नागपंचमी पर जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर सहित शहर अलग-अलग शिव मंदिरों में सुबह से बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

श्रद्धालु भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्त्र शिवलिंग शिवालय पहुंचे और जलाभिषेक किया। इस पावन मौके पर हजारों भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। सारे दिन महादेव का दरबार हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। सावन मास में सातवीं सोमवारी और नागपंचमी के महत्व को देखते हुए अहले सुबह चार बजे सहस्त्र शिवलिंग महादेव की सर्वप्रथम श्रृंगार पूजा हुई।

1008 शिवलिंग को अपने आप में समाहित कर रखने वाले सहस्त्र शिवलिंग महादेव का बेलपत्र, धथूरा व फूलों से श्रृंगार किया गया था। तत्पश्चात कपूर से कर्पूर गौरम की महा आरती उतारी गई।

# डीसी की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में टाना भगत समुदाय के विकास के लिए क्रियान्वित योजना-स्कीमों की समीक्षा की गई। टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक में चिन्हित टाना भगत समुदाय के लिए संचालित योजनाओं कि बिन्दुवार प्रगति-उपलब्धि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण करना तथा निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराना व बटवारा दाखिल खारिज यदि अपेक्षित हो तो उसे यथाशीघ्र पुरा कराना, टाना भगतों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना का लाभ, परिवार को चार-चार गाय निःशुल्क प्रदान करना एवं शेड का निर्माण कर लाभान्वित करना, टाना भगत के बच्चों को शक्ति



विश्वविद्यालय में नामांकन, टाना भगतों को खाद्य-बीज उपलब्ध कराना, रोजगार से जोड़ना, टाना भगतों के परिवार के बच्चों को छात्रवृति उपलब्ध कराना, टाना भगत के उपायोग हेतु एक सामुदायिक भवन का निर्माण, जमीन से संबंधित समस्या का समाधान एवं योजनाओं का प्रस्ताव समेत कई अन्य निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए थे। इसी को लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने आज सभी निम्नलिखित बिन्दुओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, सिमरिया विधान सभा क्षेत्र विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, जिला डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला कल्याण पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार, रामे टाना भगत, जगरनाथ टाना भगत, शिवचरन टाना भगत, बालकू टाना भगत, विभा टाना भगत, भाजू टाना भगत, मंगल टाना भगत समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

# हो भाषा मेरी मातृभाषा, पहचान है आठवीं अनुसूची में करें शामिल : गीता कोड़ा

## हो भाषा के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर प्रदर्शन में शामिल हुई सांसद गीता कोड़ा व विधायक सोनाराम सिंकू

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आदिवासी हो समाज युवा महासभा के अगुवाई में देश के विभिन्न स्थानों से हो समाज के हजारों लोगों ने एकजुट होकर जंतर-मंतर नई दिल्ली में प्रदर्शन किया।



जिसमें असम, बंगाल, ओडिसा, झारखंड, आदि राज्यों से हो समाज के लोगों ने भाग लिया आदिवासी हो समाज युवा महासभा, आदिवासी हो समाज महासभा, आदि संस्कृति विज्ञान संस्थान, हो स्टूडेंट युनियन, भुवनेश्वर, आदिवासी कल्याण केन्द्र, किरीबुरू, कोल हो हयम सनागोम सोसाइटी, बंगाल, दिसुम दिल्ली, आल इंडिया हो लैंग्वेज एक्सन कमेटी, मानकी मुन्डा संघ से गणेश पाट पिंगुवा एवं सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा और जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु मुख्य रुप से रहे उपस्थित। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा भाषा वैचारिक आदान के लिए जरूरी है, भाषा के बिना समाज अधूरा है। भले ही हम सब अलग अलग संगठन से हो, अलग अलग प्रदेश से हो लेकिन हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की हमारी मांग एक है।

हम सबको मिलकर भाषा के लिए लड़ना है। हो भाषा मेरी मातृभाषा है, मेरी पहचान है। हो भाषा भाषी लोगों की जनसंख्या 40 लाख से भी अधिक है, हमारी मांग जायज है। हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग पर मैं समाज के साथ हूं, समाज के साथ कदम से कदम मिलाते हुए हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगामी जनगणना में अलग धर्म कोड का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू सुन्डी, गब्बर सिंह हेम्ब्रम, यदुनाथ तियु, लक्ष्मीधर तियु, बिरेन तुबिड़, गिरीस हेम्ब्रम, रामराई मुन्दुईया, ईपील सामड़, शिवशंकर कान्डेयांग का महत्वपूर्ण योगदान रहा

# हिंदू मंदिरों की पुण्यगाथा बतायेगा राम मंदिर का संग्रहालय

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग तैयार कर रहा संग्रहालय के निर्माण की योजना

**अयोध्या, 21 अगस्त (हि. स.)।** श्रीराम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन भव्य मंदिर आकार लेने लगा है। वहीं देश के अन्य मंदिरों का कायाकल्प करते हुए उन्हें भव्य स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी हो रहा है। वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम हो, उज्जैन का महाकाल मंदिर हो या केदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, आस्था और विरासत का सम्मान तो हो ही रहा है, सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान भी इसके जरिए तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाथा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में किया जाना है।

**12 दीर्घाओं में दिखेगा मंदिरों के निर्माण के पीछे का संपूर्ण दर्शन**

**संस्कृतियों की अभिव्यक्तियां भी हैं भारतीय मंदिर :** सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। आम धारणा के विपरीत सनातन धर्म किसी एक विशेष संप्रदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे संप्रदायों के समुच्चय के रूप में माना जाता है। सनातन धर्म एक व्यापक विचारधारा वाली समझ है। इसमें पूजा, आराधना और अपने इष्ट से जुड़ने के भी कई मार्ग हैं। भारत के कोने कोने में फैले असंख्य मंदिरों के जरिए सनातन धर्म और इसकी विविधता को सदियों से अभिव्यक्ति मिलती रही है। उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक वास्तुकला की दृष्टि से भारतीय मंदिर बेजोड़ माने जाते हैं। दुनिया भर के विशेषज्ञों ने भारतीय मंदिरों पर अनेक परीक्षण किए और इस विषय पर अध्ययन करते हुए कई शोध साहित्य भी प्रकाशित किये गये हैं। अपने स्थापत्य की भव्यता से परे, भारतीय मंदिर संस्कृति की अभिव्यक्तियां भी हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रत्येक घटक देश के मंदिरों में मिलता है। भारतीय मंदिरों की इन बहुआयामी सोच को अब योगी सरकार मंदिर संग्रहालय के जरिए दुनिया के सामने लाने जा रही है।



प्रस्तावित संग्रहालय को 12 दीर्घाओं में विभाजित किया जाएगा। ये दीर्घाएं अपनी सहज कलात्मकता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इसके अलावा ये दीर्घाएं मंदिरों के वैज्ञानिक और दार्शनिक पहलू के साथ ही, गर्व और श्रद्धा की भावना भी जगाएंगी। इन 12 दीघाओं में सनातन धर्म में भगवान की अवधारणा, पूजा पद्धति के पीछे छिपा दर्शन, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की जरूरत, मंदिरों की वास्तु और शिल्पकला, मंदिरों के कर्मकांड के पीछे का दर्शन, पूजा-अर्चना से आगे भी मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता, भारतीय मंदिरों के मूल तत्व, मंदिर निर्माण तकनीक और उच्चकोटि का वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विविध प्रकार के मंदिरों की स्थापत्य कला, भारतीय मंदिर आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र, भारत भूभाग के विशिष्ट मंदिर और पूरी दुनिया में मौजूद हिन्दू मंदिरों की जानकारी को प्रदर्शित करने वाली दीर्घाओं का निर्माण होगा। संग्रहालय में सुंदर बाग और तालाब, कैफेटेरिया और बेसमेंट पार्किंग की सुविधा रहेगी।

### युवा पीढ़ी को मंदिरों की उपयोगिता बतायेगी सरकार

**अयोध्या** में 5 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित मंदिर संग्रहालय को लेकर योगी सरकार की ओर से कदम आगे बढ़ा दिया गया है। भारतीय मंदिरों और शानदार मंदिर वास्तुकला के इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे यूपी पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि सनातन संस्कृति को समग्र रूप से परिलक्षित करने वाले मंदिर परिसरों के महत्व से दुनिया को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर को किसी खास स्थान पर क्यों निर्मित किया गया और उनके निर्माण के पीछे के दर्शन के बारे में खासकर युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें प्राचीन भारत की तकनीकी प्रगति, भारतीय मंदिरों को उनकी पूजा-पद्धति से जोड़ते हुए उनके महत्व को सामने लाना, शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं, इसके अलावा विभिन्न शैलियों में निर्मित मंदिरों के उत्कृष्ट उदाहरणों को प्रदर्शित करना और भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत के बारे में दुनिया को बताना शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### टिहरी में भूस्खलन से परिवार के तीन की मौत

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के चंबा में टैक्सी स्टैंड के निकट सोमवार को भूस्खलन के कारण कार में सवार एक परिवार की दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक पूनम खंडूरी (30), उनके चार महीने के बच्चे, ननद सरस्वती देवी (30) के शव मलबे से बाहर निकाल लिए गए हैं।

### तोशखाना मामले में सुनवाई आज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो-सदस्यीय पीठ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ उनकी एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। स्थानीय सत्र अदालत के न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पांच अगस्त को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान (70) को भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया था और पूर्व प्रधानमंत्री को इस मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाई।

### कर्नाटक में गांधी की प्रतिमा खंडित

**शिवमोगा ।** कर्नाटक में शिवमोगा जिले के होलेहोन्नुर में एक चौराहे पर लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को कुछ अज्ञात बदमाशों ने खंडित कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस घटना को बाइक सवार दो युवकों ने रविवार देर रात अंजाम दिया। उसने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है।

### कैलिफोर्निया तक पहुंचा तूफान हिलेरी

**वाशिंगटन।** चक्रवाती तूफान हिलेरी कैलिफोर्निया तक पहुंच गया है। मैक्सिको तट पर जानलेवा साबित हुआ तूफान कैलिफोर्निया में भूकंप व तेज हवाओं संग भारी बारिश लाया है। इस कारण तबाही मच गयी है। चक्रवाती तूफान हिलेरी के मैक्सिको के तट तक पहुंचने के बाद इसने कैलिफोर्निया प्रायद्वीप में दस्तक दी है। श्रेणी-प्रथम का तूफान बताए जा रहे हिलेरी के प्रकोप से भारी नुकसान की आशंका है। मैक्सिको में इस तूफान ने एक व्यक्ति की जान ले ली है। तूफान जब मैक्सिको के तट से टकराया तो वह चक्रवाती था लेकिन कैलिफोर्निया तक पहुंचते-पहुंचते उष्ण कटिबंधीय तूफान में बदल गया है।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के पिता का निधन

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के पिता पंडित बनारस त्रिपाठी का 98 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बिहार के बेलसंड गांव में अंतिम सांस ली। पंडित बनारस त्रिपाठी का निधन बढ़ती उम्र के कारण हुआ है। पिता की मौत की खबर सुनते ही पंकज त्रिपाठी मुंबई से गांव के लिए रवाना हो गए हैं। रात 11 बजे तक पंकज अपने गांव पहुंच जायेंगे। पंकज और उनके पिता एक दूसरे के बहुत करीब थे। पिता की अचानक मौत से पंकज पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल के बंगले की नीलामी को लेकर नई जानकारी सामने आई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। तकनीकी कारणों से यह नोटिस वापस ले लिया गया है। ऐसे में अभिनेता सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द कर दी गई है। सनी देओल ने 56 करोड़ का लोन लिया था, जिसे नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने जुहू स्थित सनी देओल के बंगले की नीलामी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया। विज्ञापन के मुताबिक, नीलामी 25 सितंबर को होनी थी। सनी ने बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लिया था। इसके लिए जुहू में सनी विला नाम का बंगला गिरवी रखा गया था। देओल ने लोन नहीं चुकाया तो 56 करोड़ की रकम डिफॉल्ट कर दी है।

# शिक्षा में बड़े बदलाव का आधार बनेगी मातृभाषा में पढ़ाई : मोदी

**अब सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों पर दिया गया जोर**

**पांच साल के अंदर भारत में 13.5 करोड़ गरीबी रेखा से ऊपर आये**

**विश्वकर्मा योजना पर 13 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च : पीएम**

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश में मातृभाषा में पढ़ाई को लेकर बहुत बड़ा काम हुआ है। अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई न कराकर, एक तरह से उनके साथ अन्याय किया गया था। यह सामाजिक न्याय के विरुद्ध था। हमारी सरकार ने इस अन्याय को दूर कर दिया है। अब सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों पर बल दिया गया है। देश की शिक्षा व्यवस्था में यह बहुत बड़े बदलाव का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित नवनियुक्त शिक्षकों के नवनियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। भेल स्थित सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उमावि में आयोजित प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्र 2023-24 में प्रदेश में नवनियुक्त पांच हजार 580 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं मध्य प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले साढ़े पांच हजार से ज्यादा शिक्षकों को बधाई देता हूं। मुझे बताया गया कि पिछले तीन साल में मध्य प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई है। इसके लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट है कि पांच साल के अंदर भारत में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। इस साल फाइल होने वाली इनकम टैक्स रिटर्न संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। पिछले नौ साल में लोगों की औसत आय में बढ़त हुई है। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2014 में औसत आय चार लाख रुपये थी,



जो 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है। लोअर इनकम ग्रुप से अपर इनकम ग्रुप में जाने वालों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जो अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें नंबर पर थी, वह आज पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। देश का नागरिक वो दिन भूल नहीं सकता, जब 2014 से पहले घोटालों और भ्रष्टाचार का दौर था। गरीब का हक लूट लिया जाता था। आज गरीब के हक का पूरा पैसा सीधे उसके खाते में पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने बढ़ई, राजमिस्त्री और सुनार सहित पारंपरिक कौशल में लगे लोगों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान 13,000 से 15,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। मोदी ने कहा कि पारंपरिक कौशल को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप ढालने के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई गई है। इस योजना पर लगभग 13,000 करोड़ रुपये खर्च की जाएगी, जिससे 18 विभिन्न प्रकार के कौशल से जुड़े लोगों को लाभ होगा।

## उज्जैन में धूमधाम से निकली महाकाल की सांतवीं सवारी



**इंदौर। श्रावण एवं भादो माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में श्रावण माह के सातवें सोमवार को ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की सातवीं सवारी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान भगवान महाकाल ने सात स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन दिए। नागपंचमी का संयोग होने के कारण सवारी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए।**

## मणिपुर हिंसा : समिति ने सौंपी तीन रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में जातीय हिंसा के पीड़ितों के राहत और पुनर्वास कार्यों पर निगरानी के लिए पूर्व न्यायाधीश गीता मित्तल की अगुवाई में गठित समिति ने पहचान संबंधी दस्तावेजों को फिर से बनाए जाने और मुआवजा योजना में सुधार करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय में तीन रिपोर्ट सौंपी। उच्चतम न्यायालय ने तीन रिपोर्ट पर विचार करते हुए कहा कि वह पूर्व न्यायाधीश मित्तल की समिति के कामकाज और प्रशासनिक आवश्यकताओं, प्रशासनिक एवं अन्य खर्चों को वहन करने के लिए वित्त पोषण तथा समिति द्वारा किए जा रहे काम के आवश्यक प्रचार के लिए एक वेब पोर्टल बनाने संबंधी मुद्दों से निपटने हेतु 25 अगस्त को कुछ प्रक्रियागत निर्देश जारी करेगा।

## सीरिया में रूस ने किया हमला, आठ आतंकी ढेर

**इदलिब।** यूक्रेन में युद्ध लड़ रही रूस की सेना ने सीरिया के एक आतंकी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के ठिकाने पर हमला किया है। हमले में आठ आतंकियों की मौत हो गयी है। कई अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। आतंकी संगठन अलकायदा का सहयोगी संगठन हयात हरीर अल-शाम सीरिया के इदलिब प्रांत के कुछ हिस्सों को नियंत्रित करता है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के शासन को चुनौती देने वाला यह संगठन सशस्त्र विरोध करता है। इदलिब प्रांत का यह हिस्सा इस सशस्त्र विरोध के अंतिम गढ़ के रूप में जाना जाता है। सोमवार सुबह रूस की सेना ने तहरीर अल-शाम के सशस्त्र ठिकाने पर हवाई हमला किया। इन हवाई हमलों में हयात तहरीर अल-शाम संगठन के आठ आतंकवादी मारे गए हैं।



## अभिषेक बनर्जी को झटका, बंगाल सरकार की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सीबीआई जांच का आदेश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि शिक्षक भर्ती और नगर पालिका भर्ती घोटाले के बीच एक संबंध प्रतीत होता है।

## न्यूयॉर्क की सड़कों पर लहराया तिरंगा

**▸▸ इंडिया डे परेड में शामिल हुए श्रीश्री रविशंकर, प्रभु व जैकलिन**

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को व्यापक रूप देते हुए न्यूयॉर्क की सड़कों पर आन, बान, शान के साथ भारतीय राष्ट्रध्वज तिरंगा लहराया गया। 41वीं इंडिया डे परेड में आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के साथ अभिनेत्रियां सामंथा रूथ प्रभु और जैकलिन फर्नांडिज भी शामिल हुईं।न्यूयॉर्क की 38वीं स्ट्रीट और मेडिसन एवेन्यू से शुरू हुई इंडिया डे परेड में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों की विशाल झांकियां शामिल हुईं। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम सहित बड़ी संख्या में अमेरिकी इस परेड का हिस्सा बने। भारतीय तिरंगा लहराते लोग जश्न में डूबे थे। इस दौरान भारतीय देशभक्ति के गीतों पर कलाकार नृत्य कर रहे थे। परेड ने संस्कृतियों, देशभक्ति और साझा मूल्यों का एक जीवंत संगम प्रस्तुत करते हुए भारत और अमेरिका की एकजुटता को पुष्ट किया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल भी शामिल हुए।



# बॉक्स ऑफिस पर दिखा रजनीकांत का जलवा

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत स्टारर जेलर ने रिलीज के महज 10 दिनों में दुनिया भर में 500 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। रिलीज के दूसरे शनिवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 18 करोड़ का कलेक्शन किया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 10वें दिन भारत में करीब 249.5 करोड़ की कमाई की।

जबकि 10वें दिन दुनिया भर में 500 करोड़ की कमाई की। 2.0 और पीएस2 के बाद अब जेलर दुनिया भर में सबसे कम दिन में 500 करोड़ कमाने वाली तीसरी तमिल फिल्म बन गई है। इससे पहले रजनीकांत-अक्षय कुमार की '2.0' ने सिर्फ सात दिनों में दुनिया भर में 500 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

300 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली यह रजनीकांत की चौथी फिल्म है। फिल्म ने देश में पहले दिन लगभग 48.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इससे पहले 2010 में फिल्म 'एंथिरन', 2016 में 'कबाली' और 2018 में '2.0' ने 300 करोड़ की कमाई की थी।

जेलर 2023 की अब तक की सबसे ज्यादा ओपनिंग डे वाली तमिल फिल्म बन गई है। अभी तक यह रिकॉर्ड डायरेक्टर विक्रम मणिरत्नम की फिल्म 'पीएस-2' के नाम पर था। फिल्म ने पहले दिन लगभग 32 करोड़ की कमाई की।

### जेलर की 10 दिनों में 500 करोड़ रुपये कमाई



### 'गदर 2' 400 करोड़ क्लब में होगी एंट्री

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही सनी देओल-अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर 2' ने कमाई के मामले में बाकी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। 22 साल बाद एक बार फिर तारा सिंह और सकीना की प्रेम कहानी का दर्शकों पर ऐसा जादू चला कि फिल्म महज 9 दिनों में ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है। देश-विदेश में अच्छा प्रदर्शन कर रही यह फिल्म 300 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बाद अब 400 करोड़ के क्लब में शामिल होती नजर आ रही है। फिल्म 'गदर 2' को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली है। रिलीज के महज 10 दिनों में फिल्म ने 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में फिल्म को 400 करोड़ क्लब तक पहुंचने के लिए थोड़ा ही इंतजार करना होगा। 'सैक्निल्क' ने फिल्म के 10वें दिन के कलेक्शन का अनुमान घोषित कर दिया है। इन आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने रविवार को 40 करोड़ तक की कमाई की है। 'गदर 2' की दस दिनों में अबतक की कुल कमाई 376.20 करोड़ रुपये होगी। फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में 284.63 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं दूसरे हफ्ते में 376.20 करोड़ का बिजनेस किया है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# 'आत्मनिर्भर भारत' के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व ग्रहण करने के लिए भविष्य का मार्ग




अनुसंधान एनआरएफ (एएनआरएफ) गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह मानविकी और सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस को बढ़ावा देने, निगरानी करने और ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उससे संबंधित विषयों के लिए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक संचालक मंडल द्वारा शासित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री इस संचालक मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं।



**डॉ. जितेन्द्र सिंह,**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

विश्व आज भारत की अद्भुत वैज्ञानिक क्षमता और कौशल से आश्चर्यचकित है, जो सुसुप्त थी और किसी को भी उसके बारे में सही रूप में पता नहीं था। वास्तव में, यह एक सक्षम वातावरण और एक समर्थक नेतृत्व मिलने की प्रतीक्षा में थी।

यदि संक्षेप में कहें तो यह इतिहास का वह क्षण था जब श्री नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने और शेष तो इतिहास ही है। दुनिया को पहली बार डीएनए कोविड वैक्सीन उपहार में देने से लेकर चंद्रयान को घर लाने तक और चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का प्रमाण...यह मोदी के भारत की साक्ष्य आधारित अमिट छाप है, जिसने भारत को विश्?वभर में व्?यापक तौर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

पिछले 9 वर्षों में भारत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां अभूतपूर्व संख्या में लेकर आया है। कुछ प्रमुख नीतियों में भारतीय अंतरिक्ष नीति (2023), राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति (2022); राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) (2020); इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति (एनपीई) (2019); स्कूली शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति (2019); छात्रों और संकाय के लिए राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (2019); राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017); बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (2016), आदि शामिल हैं।

इसी तरह, सरकार ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (2023), वन हेल्थ मिशन (2023), नेशनल डीप ओशन मिशन (2021) आदि भी लॉन्च किए।

एसईआरबी डेटा के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में औसतन, कुल अनुसंधान निधि का लगभग 65 प्रतिशत आईआईएससी, आईआईटी, आईआईएसईआर आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को दिया जा रहा है और केवल 11 प्रतिशत धनराशि राज्?यों के विश्वविद्यालयों को प्रदान की जा रही है, जहां अनुसंधानकताओं की संख्या आईआईटी की तुलना में बहुत अधिक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अनुसंधान निधि की वर्तमान प्रणाली प्रतिस्पर्धी अनुदान द्वारा प्रेरित है। इसी तरह, अधिकांश राज्?यों के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की आधारभूत संरचना राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की तुलना में बहुत कमजोर है।

### हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा जगत और उद्योग जगत की साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अपर्याप्त रहा है।

वास्तव में परिवर्तनकारी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करना प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी का भी विजन था, जो न केवल वर्तमान अनुसंधान एवं विकास के इकोसिस्?टम की कुछ बड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा, बल्कि देश को दीर्घकालिक अनुसंधान एवं विकास को लेकर विजन प्रदान करेगा और भारत को अगले 5 वर्षों में वैश्विक स्?तर पर अनुसंधान एवं विकास के एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा।

अनुसंधान एनआरएफ (एएनआरएफ) गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह मानविकी और सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस को बढ़ावा देने, निगरानी करने और ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उससे संबंधित विषयों के लिए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक संचालक मंडल द्वारा शासित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री इस संचालक मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा।

एएनआरएफ उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित करेगा, और वैज्ञानिक तथा संबंधित मंत्रालयों के अलावा उद्योगों और राज्य सरकारों की भागीदारी एवं योगदान के लिए एक इंटरफेस की प्रणाली तैयार करेगा। यह एक नीतिगत संरचना तैयार करने और नियामक प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो अनुसंधान एवं विकास पर उद्योग द्वारा सहयोग और उस पर व्यय में वृद्धि को प्रोत्साहित कर सके।

एएनआरएफ की स्थापना पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत से जाएगी। 50,000 करोड़ रुपये की एएनआरएफ फंडिंग के तीन घटक होंगे - 4000 करोड़ रुपये का एसईआरबी फंड; 10,000 करोड़ रुपये का एएनआरएफ फंड, जिसमें से 10 प्रतिशत फंड (1000 करोड़ रुपये) इनोवेशन फंड के लिए रखा जाएगा। इनोवेशन फंड का उपयोग निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में अनुसंधान एवं विकास के लिए किया जाएगा और 36,000 करोड़ रुपये के कोष का योगदान उद्योग, परोपकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों आदि द्वारा दिया जाएगा।

केंद्र सरकार वर्तमान में एसईआरबी को प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपये का फंड प्रदान करती है, जिसमें निजी क्षेत्र का बहुत कम या कोई योगदान नहीं होता है। प्रस्तावित एएनआरएफ में, सरकारी योगदान को 800 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष ( 3.5 गुना) करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एएनआरएफ में निजी क्षेत्र का योगदान 5 वर्षों के लिए 36,000 करोड़ रुपये (प्त 7200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) किया जा रहा है।

आने वाले वर्षों में वैश्विक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारत के नेतृत्व का लक्ष्य प्राप्त करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एएनआरएफ की स्?थापना भारत के सबसे परिवर्तनकारी कदमों में से एक साबित होगा।

**[लेखक विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री हैं]**

# पाक में ईसाइयों पर हमलों की जांच के आदेश, 100 से अधिक गिरफ्तार



**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में 21 गिरजाघरों पर भीड़ के हमले के संबंध में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर हुई हिंसा के संबंध में बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रांतीय राजधानी से करीब 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद जिले की जरांवाला तहसील में दो ईसाइयों द्वारा कुरान का अपमान करने की कथित खबरों से गुस्साई भीड़ ने सैकड़ों गिरजाघरों और घरों को बुधवार को जला दिया।पंजाब सरकार के अनुसार, कथित ईशनिंदा को लेकर ईसाइयों के घरों और गिरजाघरों पर हमला करने के आरोप में चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकताओं सहित 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। आतंकवाद और ईशनिंदा के आरोप के तहत 600 संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ह्यपाकिस्तान सेंटर फॉर लॉ एंड जस्टिसह्ल के नेपोलियन कय्यूम ने बताया, ह्यबुधवार को भीड़ ने 21 गिरजाघरों और एक पादरी के आवास सहित ईसाइयों के 35 घरों को या तो पूरी तरह से जला दिया या तोड़फोड़ की।ह्ल हिंसा के बाद जरांवाला में 3,000 से अधिक पुलिसकर्मी और पाकिस्तान रेंजर्स की दो कंपनियां तैनात की गई हैं।

## मुंबई हमला तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

**अमेरिका** की एक अदालत ने 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के आरोपी और पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा उसे भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

बहरहाल, राणा ने इस आदेश के खिलाफ नाइंथ सर्किट कोर्ट में याचिका दाखिल की है। ह्यसेंट्रल डिसट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में यूनाइटेड स्टेट डिसट्रिक्ट के न्यायाधीश डेल एस फिशर ने अपने आदेश में कहा कि राणा की दलील है कि संधि के तहत उसे प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता, उसका दूसरा तर्क यह है कि सरकार ने यह बात साबित नहीं की है कि यह मानने का संभावित कारण है कि राणा ने भारत में वे अपराध किए जिन्हें लेकर उसके खिलाफ अभियोग चलाया जाना है। न्यायाधीश ने दोनों ही दलीलें खारिज कर दीं। गौर हो कि मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिक सहित कुल 166 लोगों की जान गई थी।

# देश में जीएसटी का प्रभाव



**अनल कुमार**

**एक** राष्ट्र, एक बाजार, एक टैक्स' वह आदर्श वाक्य था जिसके साथ 1 जुलाई 2017 को जीएसटी को अपनी पूरी क्षमता से लागू किया गया था। इस कदम ने हमारे देश के 13 मिलियन नागरिकों को एक एकीत अप्रत्यक्ष कराधान प्रणाली में ला दिया है। जीएसटी का हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव यह समझने के लिए कि जीएसटी ने सम्पूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित किया है, हमें यह समझने की जरूरत है कि जीएसटी किस पर लागू होता है और इसके प्रकार क्या हैं। हम जीएसटी के विभिन्न प्रभावों पर भी चर्चा करेंगे। जीएसटी पूरे भारत में वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण और बिक्री के हर चरण पर लगाया जाता है। यह टैक्स तब लगाया जाता है जब वस्तुओं या सेवाओं का उपभोग किया जाता है।

**जीएसटी की तीन उप श्रेणियां**

**सीजीएसटी** (सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) केंद्र सरकार द्वारा माल और सेवाओं की अंतरराज्यीय बिक्री पर लगाया जाता है। एसजीएसटी (स्टेट गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) राज्य सरकार द्वारा इंट्रास्टेट बिक्री पर लगाया जाता है। आईजीएसटी (इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) तब वसूला जाता है जब उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति एक राज्य से दूसरे राज्य में की जाती है। एकत्र किए गए टैक्स को केंद्र और राज्य सरकार दोनों द्वारा साझा किया जाता है।

**भारतीय अर्थव्यवस्था पर जीएसटी के प्रभावों के बारे में जानें -**

1. सरल टैक्स संरचना जीएसटी से हमारे देश की कराधान प्रणाली सरल हो गई है। यह आसान कैलकुलेशन सुनिश्चित करने वाला एकल टैक्स है। इस टैक्स के साथ, खरीदार को कुछ उत्पादों को खरीदते समय टैक्स के रूप में भुगतान की गई रकम का स्पष्ट अंदाजा हो जाता है। जीएसटी और जीडीपी पर इसके प्रभाव पर विचार करते समय यह महत्वपूर्ण है।
2. उत्पादन के लिए अधिक फंड भारतीय अर्थव्यवस्था पर जीएसटी का एक अन्य प्रभाव कुल कर योग्य रकम में कमी रहा है। इस एकत्र किए गए फंड को फिर से उत्पादन चक्र में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निवेश किया जा सकता।
3. छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए सहायता आपके संगठन के आकार के आधार पर, जीएसटी की रकम आपकी फर्म के वार्षिक टर्नओवर पर निर्भर करती है, बशर्ते आप जीएसटी द्वारा शुरू की गई संरचना योजना के तहत रजिस्टर्ड हों। 50 लाख के वार्षिक टर्नओवर वाले उद्यमों को

6ः जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है जबकि 15 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले उद्यमों को 1ः जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है।
4. निर्यात की मात्रा में वृद्धि जीएसटी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर विचार करते समय निर्यात वस्तुओं पर सीमा शुल्क कम हो गया है। इसलिए अब उत्पादन इकाइयाँ माल का उत्पादन करते समय और उन्हें शिपिंग करते समय भी पैसा बचाती हैं। इस दो तरफा बचत ने कई उत्पादन इकाइयों को अपने माल का निर्यात करने के लिए आकर्षित किया है, जिससे निर्यात मात्रा में वृद्धि हुई है।
5. पूरे भारत में संवर्धित परिचालन एक एकीत कराधान प्रणाली के साथ, भारत के चारों ओर माल परिवहन करना अब आसान हो गया है, जिससे पूरे देश में परिचालन को बढ़ावा मिला है।
6. कोई और व्यापक प्रभाव नहीं जीएसटी के साथ, राज्य और केंद्र सरकार के टैक्स को मिला दिया गया है। इसने टैक्स के व्यापक प्रभाव को हटा दिया है, खरीदार और विक्रेता पर बोझ कम कर दिया है। तो भले ही यह भुगतान किए जाने वाले टैक्स के एक बड़े हिस्से की तरह लग रहा हो, आप कम छिपे हुए टैक्स का भुगतान करते हैं।

# दुनिया की कूटनीति में ब्रिक्स की पहेली

इंडोनेशिया, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश ब्रिक्स की सदस्यता चाहते हैं तो भारत के लिए बिना उचित कारण के उनका प्रवेश रोकना कठिन होगा। जिस समय बीती सदी करवट ले रही थी उस समय गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों ने यह जुमला दिया था। उसमें यह स्थापना दी गई थी कि ब्राजील, रूस, भारत और चीन का संयुक्त आकार सदी के मध्य तक दुनिया की सर्वाधिक विकसित छह अर्थव्यवस्थाओं से अधिक हो जाएगा।

करीब एक दशक तक यह विचार बरकरार रहा लेकिन उसके पश्चात यह ध्वस्त हो गया। चीन और भारत (2001 में क्रमशः छठे स्थान और 10वें से नीचे रहने वाले देश) का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अब दोनों दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हैं।

परंतु ब्राजील और रूस पीछे रह गए हैं। रूस तो अब शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी नहीं नजर आ रहा। भारत की बात करें तो वह अन्य तीनों की तुलना में कम प्रति व्यक्ति आय के कारण अलग नजर आ रहा है। सरसरी तौर पर देखा जाए तो अन्य समानताएं भी नजर आती हैं।



2001 में ये चारों देश दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले छह देशों में शामिल थे और सर्वाधिक भूभाग वाले सात देशों में भी इनका स्थान था। ऐसे में भूभाग और जनांकिकीय तर्क इस संक्षिप्त नाम को और वैधता प्रदान करता है। परंतु तब से अब तक पाकिस्तान और नाइजीरिया की आबादी रूस और ब्राजील से अधिक हो गई है।

इस बीच समूह के पीछे का मूल आर्थिक तर्क भी नदारद हो गया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका को पांचवें सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया जिसकी अर्थव्यवस्था बमुश्किल भारत की अर्थव्यवस्था के दसवें हिस्से के बराबर है।

परंतु एक अच्छा संक्षिप्त नाम वही है जिसे नष्ट न होने दिया जाए। इसलिए ब्रिक्स की बैठकें नियमित रूप से होती रहीं और ऐसी ही एक बैठक अगले सप्ताह होनी है। ऐसी बैठकों के एजेंडे भी होते हैं और एक के बाद एक उनसे अव्यावहारिक स्थापनाएं निकलती रहती हैं। तमाम चचाओं में से केवल ब्रिक्स बैंक ही सामने आया लेकिन इसके आगमन से भी अंतरराष्ट्रीय विकास फंडिंग में बहुत अधिक अंतर नहीं आया। हालांकि कुछ गैर ब्रिक्स देश मसलन वेनेजुएला आदि को भी इसमें शामिल होने की अनुमति दी गई। एक दशक पहले समुद्र के भीतर ब्रिक्स केबल बिछाने की चर्चा हुई थी ताकि डेटा पाइप को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्त रखा जा सके। इस दिशा में भी बहुत धीमी गति से प्रगति हुई है।

बहरहाल, चीन भी ऐसी केबल को टैप करके डेटा चुराने में सक्षम है। नई मुद्रा व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा गया ताकि डॉलर का मुकाबला किया जा सके लेकिन भारत ऐसी किसी भी व्यवस्था से प्रसन्न नहीं होगा जो प्राथमिक रूप से चीन के आर्थिक विकास से संबद्ध हो। डॉलर को त्यागने और युआन की पहुंच बढ़ाने से भला क्या हासिल होगा?इस बीच यह विचार जोर पकड़ गया है कि ब्रिक्स पश्चिमी दबदबे वाली विश्व व्यवस्था के लिए एक विकल्प प्रस्तुत कर सकता है। तकरीबन 40 देशों ने इसमें शामिल होने की रुचि दिखाई है। परंतु इस विचार के सफल होने की संभावना तो जी15 देशों के समूह से भी कम है जो ऐसे ही लक्ष्यों के साथ एक चौथाई सदी तक बरकरार रहा और करीब एक दशक पहले निष्क्रिय हो गया। ब्रिक्स का उसकी जगह लेना इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि चीन और रूस किसी भी तरह विकासशील देश नहीं हैं। वे बस पश्चिम विरोधी मुल्क हैं।

उस लिहाज से देखा जाए तो ब्रिक्स चीन के कूटनीतिक प्रयासों का जरिया बन जाने का खतरा है। इस क्षेत्र में चीन के साझेदार उत्तर कोरिया, कंबोडिया और शायद म्यांमार तक सीमित हैं। यानी व्यापक कूटनीतिक समर्थक आधार से उसे फायदा होगा।

जाहिर है चीन ब्रिक्स की सदस्यता को विस्तारित करने पर सबसे अधिक जोर दे रहा है। रूस के साथ उसकी नई नजदीकी, अफ्रीका में उसकी कूटनीतिक पैठ और खाड़ी में उसकी हालिया पकड़ के साथ चीन विस्तारित ब्रिक्स का इस्तेमाल एक ऐसे मंच के रूप में कर सकता है जो पश्चिम का वर्चस्व तोड़ने में मदद करे। इस बीच ब्रिक्स ने चीन के दबदबे वाले एक अन्य समूह शांघाई सहयोग संगठन के साथ भी संवाद बढ़ाया है।

भारत के लिए यह अजीब स्थिति हो सकती है क्योंकि चीन के साथ उसका रिश्ता विरोध का रहा है। उसने चीन से आयात और निवेश को रोकने के कदम उठाए हैं और चीनी तकनीक को वह अपने यहां अनुमति नहीं देता। इसके साथ

# पाकिस्तानी सेना को खुलेआम धमकी, कहा - 'बंगालियों ने पतलून उतारी, हम चमड़ी उतार देंगे'

**पाकिस्तान** में हाल ही में पश्तूनों ने सेना को खुलेआम धमकी देते हुए यह जता दिया है कि वो सेना से डरते नहीं हैं।

पाकिस्तान में इस समय कार्यवाहक सरकार काम-काज देख रही है। इस बीच पाकिस्तान में पश्तून अपने अधिकारों की मांग के लिए उठ खड़े हुए हैं। पाकिस्तान में पश्तून नेता ने जातीय समुदाय के खिलाफ अत्याचार का मुद्दा उठाया है। इसके लिए उन्होंने पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के सामने इस्लामाबाद में एक बड़ी रैली की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी सेना को खुलेआम धमकी भी दी।



## आजादी की जंग

इस्लामाबाद में रैली के दौरान पश्तून तहफुज मूवमेंट के प्रमुख मंजूर पश्तीन ने पाकिस्तानी सेना पर जमकर हमला बोला। उसने कहा, ₹हम अब आजादी मांगेंगे। अब एक ही बात होगी। या तो हमें जिंदगी का हक देना होगा या आजादी की जंग होगी। जितनी भी सियासी पार्टियों के नेता हैं वो क्या है? वो जरनलों के नौकर हैं। हम इस देश के जनरलों को कहते हैं कि अगर हमने एक बार शुरू किया तो हम फिर किसी एक को भी माफ नहीं करेंगे।

पश्तून तहफुज मूवमेंट खैबर पतूनवा और बलूचिस्तान, पाकिस्तान में स्थित पश्तून मानवाधिकारों के लिए एक सामाजिक आंदोलन है।

## बंगालियों ने पतलून उतारी, हम चमड़ी उतार देंगे

रैली के दौरान टारगेट किलिंग, झूठे मुकदमे, जमीन को कब्जाने और पश्तून लोगों पर मिलिट्री कोर्ट में मुकदमा चलाने को लेकर पश्तीन पाकिस्तानी सेना पर जमकर बरसा। साथ ही सेना को बांग्लादेश का सरेंडर भी याद दिलाया। उसने आगे कहा, ₹ये जनरल न संविधान मानते हैं, न इस्लाम मानते हैं, न ये परंपराओं को मानते हैं। इन्हें सिर्फ बदमाशी आती है। तो फिर हमारे पश्तूनों का इतिहास पढ़ लो कि हम बदमाशों का क्या हाल बनाते हैं। बंगालियों ने इनकी पतलून उतारी थी मगर हम इनकी चमड़ी उतार देंगे।